खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➛ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 02 मार्च 2025 | वर्ष –69 | अंक –109 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ हमें तो बस डुबकी लगानी...
■ शिवरात्रि और नटराज... 04
■ जेलेंस्की-ट्रंप की तकरार में टूटा बड़ा...
■ कैंसर, दिल संबंधी बीमारी, अंतरिक्ष में... 09
■ सहकारी संघवाद का समर्थन करता है...
■ एम डब्ल्यू सी 2025 से इनोवेशन को... 11
■ भारत की नजर आईसीसी...
■ गुकेश कॅरियर के... 10

सार संक्षेप

## विशेष बलों ने संयुक्त अभ्यास में जौहर दिखाए

**नई दिल्ली।** तीनों सेनाओं के विशेष बलों ने एकीकरण और युद्ध के समय बेहतर तालमेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जोधपुर में एकीकृत अभ्यास डेजर्ट हंट में अपने रण कौशल और जौहर का प्रदर्शन किया। वायु सेना ने शनिवार को बताया कि 24 से 28 फरवरी तक जोधपुर वायु सेना स्टेशन में हुए डेजर्ट हंट-2025 नामके एकीकृत त्रि-सेवा विशेष बल अभ्यास में सेना के विशिष्ट पैरा (विशेष बल), नौसेना के मरीन कमांडो और वायु सेना के गरुड़ (विशेष बल) ने एक कृत्रिम युद्ध वातावरण में एक साथ भागीदारी की।

## अर्थव्यवस्था, शेयर बाजार में गिरावट पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था लगातार गिर रही है और मोदी सरकार इसे रोकने में विफल हो रही है, इसलिए कांग्रेस के युवा संगठन ने सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ शनिवार को यहां प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि संगठन की कार्यकर्ताओं ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभानु चिब के नेतृत्व में गिरती अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार में हो रही लगातार गिरावट को लेकर आज केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।




बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-ट्रंप और जलेंस्की के बीच में तीखी नोक-झोक हो गई है।

**चुहिया- हां प्रिये**- यह तो होना ही था, अब वैश्विक शांति से पहले लोग खुद की सोचते हैं।

# ट्रंप व जेलेंस्की के बीच हुई तीखी नोक-झोंक

**वाशिंगटन, (एजेंसियां)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को आज बहुत कड़े शब्दों में आगाह किया कि वह रूस यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए अपना अहम छोड़ कर रवैया बदलें और लाखों लोगों की जान का जुआ नहीं खेलें। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति श्री जेलेंस्की का स्वागत किया और उनके साथ रूस यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के मकसद से बातचीत के बाद प्रेस के साथ बातचीत में दो टूक शब्दों में श्री जेलेंस्की को चेतावनी देते हुए रूस से समझौता करने की समझाइश दी। पर इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हो गई और इस बैठक का कोई परिणाम नहीं निकला।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा आज व्हाइट हाउस में हमारी एक बहुत ही सार्थक बैठक हुई। बहुत कुछ सीखने को मिला जो कि इस तरह की घृणा और दबाव



◆ ट्रंप ने जेलेंस्की को रवैया बदलने की चेतावनी दी
◆ कहा लाखों लोगों की जान का जुआ नहीं खेलें

में बातचीत के बिना कभी नहीं समझा जा सकता था। यह आश्चर्यजनक है कि भावनाओं के माध्यम से क्या निकलता है, और मैं निश्चित रूप से समझता हूं कि राष्ट्रपति जेलेंस्की शांति के लिए तैयार नहीं हैं यदि अमेरिका शामिल है, क्योंकि उन्हें लगता है कि हमारी भागीदारी उन्हें वार्ता में एक बड़ा लाभ देती है। मैं लाभ नहीं चाहता, मैं शांति चाहता हूं। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## यूरोपीय नेताओं ने किया जेलेंस्की का बचाव

ब्रसेल्स। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच झड़प के बाद यूरोपीय नेताओं ने श्री जेलेंस्की और उनके देश के लिए पुरजोर समर्थन दिखाया है। यूरोपीय संसद के अध्यक्ष रॉबर्टा मेट्सोला ने 'एक्स' पर कहा, आपकी गरिमा यूक्रेनी लोगों की बहादुरी का सम्मान करती है। मजबूत बनें, बहादुर बनें, निडर बनें। आप कभी अकेले नहीं हैं। हम न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के लिए आपके साथ काम करना जारी रखेंगे। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने एक्स पर कहा, यूक्रेनियों से ज्यादा कोई भी शांति नहीं चाहता, इसलिए हम स्थायी और न्यायपूर्ण शांति के लिए एक साझा रास्ते पर काम कर रहे हैं। यूक्रेन जर्मनी और यूरोप पर भरोसा कर सकता है।




# धान पर 4 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर मिलेगा अतिरिक्त लाभ : मुख्यमंत्री

### बालाघाट में 326 करोड़ 60 लाख रूपये के 117 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट के किसान सम्मेलन में किसानों को अभूतपूर्व सौगात देते हुए कहा कि अब प्रदेश में धान उत्पादक किसानों को 4 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि गेहूँ उत्पादक किसानों को भी प्रति क्विंटल 175 रूपये अतिरिक्त बोनस राशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मूल्य संवर्धन योजना (प्राइस सपोर्ट स्कीम) अंतर्गत वर्ष 2024 में 6.69 लाख किसानों द्वारा 12.2 लाख हेक्टेयर रकबे में उत्पादित धान का विक्रय किया गया है।

धान उत्पादक किसानों को मुख्यमंत्री कृषक प्रोन्नति योजना में प्रति हेक्टेयर 4,000 रूपये का लाभ मिलेगा। इससे प्रदेश के किसानों को 488 करोड़ रूपये का अतिरिक्त लाभ होगा। इस प्रकार गेहूँ के उपार्जन पर प्रति क्विंटल 2600 रूपये की राशि मिलेगी। इस वर्ष प्रदेश में 80 लाख मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जन अनुमानित है। प्रदेश के किसानों को 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस के रूप में मिलने से लगभग 1400 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि का लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध होकर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की जा रही है। आने वाले 5 वर्षों में 2 लाख 70 हजार पदों पर विभिन्न सेक्टर में रोजगार उपलब्ध कराए



◆ बालाघाट के खिलाड़ियों को मिली हॉकी एस्ट्रो टर्फ की सौगात
◆ 5 वर्षों में 2 लाख 70 हजार युवाओं को मिलेगी नौकरियां
◆ नक्सलवाद के पैर नहीं जमने देंगे,सभी योजनाएं चालू रहेंगी

जाएंगे। हमारी सरकार वर्ष 2028 तक सरकार 70 प्रतिशत युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता पूर्वक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रदेश में चल रही योजनाएं यथावत चलती रहेगी। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# माणा में हिमस्खलन से 4 की मौत

### सड़कें अवरुद्ध होने के कारण 6 हेलीकॉप्टर किए तैनात

**चमोली, देशबन्धु।** उत्तराखंड के माणा में आए एवलॉन्च के दूसरे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एक दुखद समाचार मिला कि ग्लेशियर के मलबे से रेस्क्यू किए गए 4 मजदूर की मौत हो चुकी है। अब तक 50 लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। 5 लोगों के लिए रेस्क्यू जारी है।

पीआरओ रक्षा देहरादून लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने अपडेट दिया है कि सेना की आइबेक्स ब्रिगेड की बचाव टीम के नेतृत्व में हिमस्खलन बचाव अभियान अभी चल रहा है। सेना के एक्सपर्ट युद्ध स्तर पर सर्च और रेस्क्यू अभियान चलाए हुए हैं। रेस्क्यू में कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जा रही है। स्थितियां दुरूह हैं, लेकिन रेस्क्यू टीम का होसला बुलंद है। सड़कें अवरुद्ध होने के कारण कुल 6 हेलीकॉप्टरों को लोगों को निकालने के लिए तैनात किया गया है। हेलीकॉप्टरों में भारतीय सेना विमानन के 3 चीता हेलीकॉप्टर, भारतीय वायु सेना के 2 चीता हेलीकॉप्टर और भारतीय सेना द्वारा किराए पर लिया गया एक नागरिक हेलीकॉप्टर शामिल है।

## धामी ने बचाव कार्यों की समीक्षा की

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वयं, रेस्क्यू अभियान की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। शनिवार सुबह उन्होंने घटना स्थल का हवाई सर्वेक्षण किया और ज्योतिर्मठ में राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूरभाष पर श्री धामी से पूरी घटना की जानकारी ली और किसी भी तरह के सहयोग का विश्वास दिलाया।

# मणिपुर में खोले जाएं सभी रास्ते: शाह

### गृहमंत्री ने की मणिपुर की सुरक्षा स्थिति पर बैठक

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के सभी रास्तों पर आठ मार्च से निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने और अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। श्री शाह ने शनिवार को यहां मणिपुर की सुरक्षा स्थिति पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।



बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार मणिपुर में चिरस्थायी शांति बहाली के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए हरसंभव सहायता दे रही है। गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि आठ मार्च से मणिपुर के सभी रास्तों पर जनता की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की जाए और रास्ते में अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जबरन उगाही के सभी मामलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखी जाए। श्री शाह ने कहा कि मणिपुर से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर आवाजाही लिए चिह्नित किए गए प्रवेश स्थानों के दोनों तरफ बाड़ लगाने के काम को जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मणिपुर को नशामुक्त बनाने के लिए नशे के व्यापार में लिप्त पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। बैठक में मणिपुर के राज्यपाल, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, सह सेनाध्यक्ष, सेना कमांडर (पूर्वी कमान), सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल और असम राइफल्स के महानिदेशक, सुरक्षा सलाहकार, मणिपुर और गृह मंत्रालय और सेना तथा मणिपुर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

निर्णय | प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार का फैसला

# 15 साल पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल, डीजल

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में सभी पेट्रोल पम्पों पर 15 साल पुराने वाहनों को 31 मार्च के बाद इंधन भरवाने पर रोक रहेगा। श्री सिरसा ने प्रदूषण नियंत्रण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से आज कहा कि 15 साल पुराने सभी वाहनों को तेल देना बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए पेट्रोल पम्पों पर ऐसे उपकरण लगाए जा रहे हैं जो 15 साल पुराने वाहनों की पहचान कर लेगा।

अब तक 80 फीसदी पेट्रोल पम्पों पर ऐसे उपकरण लगाए जा चुके हैं और 31 मार्च तक सभी पम्पों पर ऐसे उपकरण लगा लिए जाएगे। उन्होंने कहा कि राजधानी में 15 साल पुराने वाहनों की पहचान के लिए एक टीम बनाई जाएगी। यह टीम 15 साल पुराने वाहनों को दिल्ली में आने से रोकना के साथ-साथ यहां के पुरानी वाहनों को दिल्ली से बाहर करने का काम करेगी। श्री सिरसा ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए पौधारोपण कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों को जोड़ा जाएगा। छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें प्रमाण पत्र देने पर भी विचार किया जाएगा। दिल्ली के अंदर बड़े होटलों, कार्यस्थलों, निर्माण स्थलों और हवाई अड्डों को प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपाय करने का प्रावधान करना होगा। दिल्ली में बंजर पड़ी भूमि पर पौधारोपण करने का काम किया जाएगा ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके। दिल्ली का 50 फीसदी से ज्यादा प्रदूषण खुद का-मंत्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली का 50 फीसदी से ज्यादा प्रदूषण खुद का है। इसलिए पहले हम अपने राज्य में प्रदूषण कम करेंगे, तभी दूसरे राज्यों से इस मुद्दे पर बात करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी अथॉरिटी को निर्देश दिया गया है कि वे इस अभियान में सरकार का पूरा सहयोग करें।

**बिल्डिंग निर्माण के लिए पुलिस से अनुमति जरूरी नहीं**-दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने शनिवार को कई बड़े फैसले लिए। इनमें बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन को लेकर भी अहम निर्णय लिया गया। दरअसल, शहरी विकास मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली नगर निगम और अन्य स्थानीय निकायों द्वारा अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में निर्माण कार्यों को नियंत्रित किया जाता है। पुलिस से भवन निर्माण की अनुमति लेने की कोई आवश्यकता नहीं है।

## प्रदूषण रोकने के लिए कई फैसले लिए

- भारी वाहनों की दिल्ली में एंट्री पर सख्त निगरानी होगी
- कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य होगा
- यूनिवर्सिटी के छात्रों को वृक्षारोपण अभियान से जोड़ा जाएगा
- दिल्ली में खाली जमीनों पर जंगल विकसित किए जाएंगे

PATANJALI® wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

योग ग्राम व निरामयम्

एलोपैथिक डॉक्टर्स के लिए होली तक उपचार का विशेष उपहार

MD, MBBS, सर्जन, डेंटिस्ट, डर्माटोलॉजिस्ट, ENT, ओफ्थाल्मोलॉजिस्ट, आर्थोपेडिक, गाइनीकॉलोजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट ऐसे एलोपैथी डॉक्टर्स के लिए पतंजलि वेलनेस, निरामयम् व योगग्राम में स्पेशल डिस्काउन्ट।

सेवारत डॉक्टरों के लिए 50% की छूट | सेवानिवृत्त डॉक्टरों के लिए 100% मुफ़्त

जिनसे मानवता का हित, उनके लिए हम समर्पित

रोगों से पीड़ित, मानवता की सेवा में लगे डॉक्टर्स को सनातन संस्कृति में हम भगवान स्वरूप मानते हैं परन्तु हृदय को पीड़ा देने वाली वेदना यह है कि रोगियों की सेवा करते-करते डॉक्टर्स भी रोगी हो जाते हैं। अति व्यस्तताओं के चलते हेल्दी लाइफस्टाइल, योग, हेल्दी फूड हैबिट्स को फॉलो ना कर पाने के कारण से वे बीपी, थायरॉइड, शुगर, अस्थमा, लीवर, किडनी, हार्ट प्रॉब्लम्स, सर्वाइकल पेन और ओबेसिटी जैसे रोग चक्र में घिर जाते हैं।

हम अत्यन्त स्नेह, सम्मान व करुणा पूर्वक सभी डॉक्टर्स को पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम् में आमंत्रित करते हैं

इस आश्वासन के साथ कि हम वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ, इनकी सभी लाइफस्टाईल और इंक्यूरेबल डिज़ीज़ेज को मैनेज करें और रिवर्स व डीरूट करें एवं पंचकर्म, षट्कर्म के द्वारा वे शुद्धिकरण करें। जो समर्थ हैं उनको भी 50% डिस्काउन्ट करके, एक-एक व्यक्ति को प्रतिदिन 10 थेरेपियां देते हैं जो कि 5 से 10 हजार रुपए (वैल्यू) की होती हैं। प्रतिदिन शिरोधारा, अभ्यंग, बाह्य एवं आंतरिक बस्ती, हाइड्रोथेरेपी, कोलोन थेरेपी, श्रृंगी, वात मोक्षण, रक्त मोक्षण, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, ओजोन थेरेपी, यज्ञ थेरेपी एवं ऐसी अनेक रोगानुसार थेरेपीज द्वारा डिटॉक्स करें और ऋषियों की योग, आयुर्वेद की विरासत को एक्सपीरियंस करें।

विशेष- जो गवर्नमेंट या प्राइवेट जॉब के बाद रिटायर्ड डॉक्टर हैं एवं जिनके पास आर्थिक संसाधन नहीं है उनके लिए योग, आयुर्वेद, पंचकर्म, षट्कर्म का 100% फ्री ट्रीटमेन्ट उपलब्ध करवा कर के हम उनकी सेवा का सौभाग्य पाना चाहते हैं।




नोट- टाईप 1 डायबिटीज़, लीवर, किडनी फेलियर, कैंसर, ऑटो इम्यून डिज़ीज के पेशेन्ट के लिए 25% off (डिस्काउन्ट) केवल मार्च महीने में उपलब्ध रहेगा।

पतंजलि वेलनेस में साप्ताहिक उपचार व रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें

8954666111, 8954666222, 8954666333 (कॉल करने का समय प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

या विज़िट करें: www.patanjaliwellness.com | booking@patanjaliwellness.com

यदि आप ऑनलाइन पेमेंट करना नहीं जानते हैं, तो यहाँ सीधे आकर डायरेक्ट रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# देश-विदेश

## सुकमा में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के किस्टाराम इलाके में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। मुठभेड़ उस समय हुई जब सुरक्षाबलों को इलाके में नक्सलियों के मौजूद होने की जानकारी मिली। डीआरजी (जिला रिजर्व गार्ड) और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें दो नक्सली मारे गए। सुरक्षाबलों ने इन नक्सलियों के पास से हथियार भी बरामद किए हैं। इनमें राइफल और अन्य युद्ध सामग्री शामिल हैं।

## योगी आदित्यनाथ ने यूपी वॉरियर्स टीम को पहले घरेलू चरण के लिए शुभकामनाएं दीं




**लखनऊ, (आईएएनएस)।** चल रहे डब्ल्यूपीएल 2025 में अपने घरेलू चरण से पहले, यूपी वॉरियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा और कैप्री स्पोर्ट्स की निदेशक जिनिशा शर्मा ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उन्हें यहां होने वाले टीम के मैचों के लिए आमंत्रित किया।

कैप्री स्पोर्ट्स की निदेशक जिनिशा शर्मा ने कहा, हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शुभकामनाएं पाकर बेहद खुश हैं। उन्होंने हमारी टीम को लखनऊ में अपने घरेलू चरण के मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है। हमारे मैचों के लिए उनकी मेजबानी करना हमारे लिए एक विशेष क्षण होगा और हमें विश्वास है कि टीम उन्हें और उत्तर प्रदेश राज्य को गौरवान्वित करेगी।

यूपी वॉरियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा ने आगे कहा, मुख्यमंत्री से मिलना सम्मान की बात थी। हम उनका समर्थन पाकर बेहद खुश हैं और टीम के लिए उनकी शुभकामनाओं के लिए आभारी हैं। यूपी वॉरियर्स लखनऊ में डब्ल्यूपीएल के तीसरे सीजन के लिए कमर कस रहे हैं। उत्तर प्रदेश की दीप्ति की अगुआई में कैप्री स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी वॉरियर्स का लक्ष्य भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार खेलते हुए इतिहास रचने का है। डब्ल्यूपीएल के इस चरण के दौरान यूपी वॉरियर्स का पहला मुकाबला 3 मार्च को गुजरात जायंट्स से होगा। इसके बाद जॉन लुईस की कुशल कोचिंग में टीम 6 और 8 मार्च को मुंबई इंडियंस और मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी। यूपी वॉरियर्स की टीम- दीप्ति शर्मा (कप्तान), उमा छेत्री (विकेट कीपर), चिनेल हेनरी, पूनम खमनार, किरण नवगिरे, दिनेश वृंदा, जॉर्जिया वोल, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, तहलिया मैकग्रा, श्वेता सेहरावत, अंजलि सरवानी, सोफी एक्लेस्टोन, राजेश्वरी गायकवाड़, साइमा ठाकोर, आरुषि गोयल, क्रांति गौड़, गौहर सुल्ताना।

## प्रधानमंत्री मोदी ने की रूसी और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों से मुलाकात




**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** प्रख्यात रूसी अंतरिक्ष यात्री ओलेग आर्टेमयेव ने शनिवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एनएक्सटी कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद दोनों देशों के झंडे भेंट किए। वहीं पीएम मोदी ने प्रतिष्ठित अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो से भी मुलाकात की। संक्षिप्त बातचीत के दौरान, आर्टेमयेव ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रसिद्ध रूसी सैद्धांतिक अंतरिक्ष वैज्ञानिक कोंस्टेंटिन त्सियोलकोवस्की द्वारा लिखित पुस्तक %ऑन द मून% भी भेंट की। भारत में रूसी दूतावास ने कहा,

इसके बदले में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष अन्वेषण में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के स्तर की अत्यधिक प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से अंतरिक्ष परियोजनाओं पर रूस और भारत के बीच द्विपक्षीय सहयोग का उल्लेख किया, जिसमें राष्ट्रीय मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान में हमारे देश का योगदान भी शामिल है। पीएम मोदी ने आर्टेमयेव से मुलाकात के बाद ट्वीट किया, रूस के एक प्रमुख अंतरिक्ष यात्री ओलेग आर्टेमयेव से मिलकर खुशी हुई। वे कुछ अग्रणी अभियानों में सबसे आगे रहे हैं। उनकी उपलब्धियां कई युवाओं को विज्ञान और अंतरिक्ष की दुनिया में चमकने के लिए प्रेरित करेंगी। इस बीच पीएम मोदी ने अमेरिका के मशहूर अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो से भी मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर लिखा, प्रतिष्ठित अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो से मिलकर बहुत खुशी हुई। अंतरिक्ष के प्रति उनका जुनून और युवाओं के बीच इसे लोकप्रिय बनाने की कोशिशों का सभी को पता है। यह भी सराहनीय है कि वे सीखने और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए किस तरह काम कर रहे हैं। माइक मैसिमिनो नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री, कोलंबिया विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं तथा इंट्रेपिड सी, एयर एंड स्पेस म्यूजियम में अंतरिक्ष कार्यक्रमों के वरिष्ठ सलाहकार हैं।


### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
#### संशोधित सार्वजनिक नोटिस

रा.मा.क्र. / अ- 20 (1) /2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार म.प्र. निर्वर्तन निर्देश 2020 के तहत स्थायी पट्टाधिकार को भूमिस्वामी हक में संपरिवर्तन हेतु प्रकरण इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 19/03/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट नंबर | रकबा | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 15 | कंदेली | 5/2 6/2 4/113 | 1116 वर्गफुट 510 वर्गफुट | पीयूष दुबे आ.सुदर्शन दुबे निवासी रामवार्ड सांकल रोड कंदेली | पीयूष दुबे आ. सुदर्शन दुबे निवासी रामवार्ड सांकल रोड कंदेली |

आज दिनांक- 13/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर


## रमजान माह की आज से, रोजे की तैयारियों में जुटे लोग

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** इस्लामी कैलेंडर का रमजान का महीना रविवार से शुरू हो रहा है। मुस्लिम समुदाय पहले रोजे की तैयारियों में लगा हुआ है। जामा मस्जिद इलाके में खजूर और सेवइयों की खरीदारी जोरों पर है। दुकानदारों का कहना है कि लोग दूर-दराज से भी आ रहे हैं। साथ ही स्थानीय लोग भी खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि, बिक्री पर महंगाई का असर भी दिख रहा है, क्योंकि माल की कीमतें बढ़ी हुई हैं। सेवइयां बेचने वाले फरहान ने बताया कि सेवइयों की कीमतों में वृद्धि हुई है, क्योंकि इसके सामान की कीमतें पिछले कुछ समय में महंगी हो गई हैं। वहीं, इफ्तार के समय खजूर का विशेष महत्व होता है और इसकी बिक्री भी बढ़ी हुई है। रोजा रखने से पहले लोग सेवइयां बनाते हैं और शाम को इफ्तार में खजूर का सेवन करते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### ट्रंप-जलेंस्की....

उन्होंने अपने पोषित ओवल कार्यालय में अमेरिका का अपमान किया है। हालांकि वह शांति के लिए तैयार हो तो वह वापस आ सकते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा उन्होंने यूक्रेन के हमारे बड़े हिस्सों पर कब्जा कर लिया है। 2014 के दौरान, किसी ने भी उन्हें नहीं रोका। वह बस कब्जा करते रहे। मैंने उनके साथ संघर्ष विराम के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने संघर्ष विराम तोड़ दिया, हमारे लोगों को मार डाला और कैदियों का आदान-प्रदान नहीं किया। आप किस तरह की कूटनीति के बारे में बात कर रहे हैं?

### मुख्यमंत्री कृषक....

कोई भी योजना बंद नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रदेश सभी क्षेत्रों में लगातार नंबर वन पर बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे तेज गति से विकास करने वाला देश भारत है, और यह प्रसन्नता की बात है कि वर्तमान में सर्वाधिक जीएसडीपी ग्रोथ रेट 13 प्रतिशत मध्यप्रदेश की है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय कलेक्टर को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और ग्रामीण का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति पक्के मकान के बगैर नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री ने बालाघाट के खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण सौगात देते हुए हॉकी के एस्ट्रो टर्फ का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात है कि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर भी पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। पदक प्राप्त करने वाले मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का होना हमें गौरवान्वित करता है। मुख्यमंत्री ने बालाघाट को खनिजों का सम्राट जिला बताते हुए कहा कि यह प्राकृतिक और खनिज संपदा से समृद्ध जिला है। तांबा और मैंगनीज यहाँ भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। चिन्नोर के चावल की खुशबू सभी ओर व्याप्त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में नक्सलवाद के उन्मूलन का कार्य चल रहा है। हम गृह मंत्री के मार्गदर्शन में नक्सलवाद के पैर किसी भी कीमत पर जमने प्रदेश में नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के समूल नाश के लिए कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। यह संभव नहीं हो सकेगा कि नक्सलवादी किसी और प्रदेश से आकर मध्यप्रदेश में रह पाएं। पुलिस प्रशासन को इसके लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बालाघाट जिले में 326 करोड़ 60 लाख रुपये से अधिक की लागत के कुल 117 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने 264 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 78 विकास कार्यों का लोकार्पण किया, इनमें 145 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बालाघाट, बिरसा, वारासिवनी, मलाजखंड, लालबर्रा में सीएम राइज़ स्कूल, 53 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बालाघाट के बैहर, पसरवाडा खैरलांजी में विभिन्न स्कूलों का उन्नयन एवं छात्रावासों के निर्माण कार्य, 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न मार्गों और पुलों के निर्माण कार्य, 9 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से वारासिवनी-खंडवा मार्ग पर पुल एवं 7 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद हॉकी एस्ट्रो टर्फ का लोकार्पण किया। उन्होंने 5 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से बालाघाट के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित किए गए आंगनबाड़ी केन्द्रों का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 62 करोड़ रुपये की लागत से 39 विकास कार्यों का भूमि-पूजन भी किया। इनमें 24 करोड़ की लागत से वारासिवनी में 50 बिस्तरीय स्वास्थ्य केन्द्र, 9 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत से लामता में नवगठित तहसील कार्यालय, 8 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से खरपड़िया से शिवनहेटी कटंगी मार्ग पर पुल निर्माण, 3 करोड़ रुपये की लागत से सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूलों में विकास कार्यों, लगभग 2 करोड़ की लागत से कटंगझरी, लमता, डोंरिया, बेलगांव, साडरा में प्राथमिक शाला निर्माण का भूमि-पूजन किया।


### कार्यालय अपर संचालक/प्रचार्य, शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर म.प्र.

Office No. 0761-2663471
Fax No. 0761
E.Mail petcjabalpur@gmail.com

क्रमांक/107/प्राचार्य/पीईटीसी./प्रशिक्षण/2025 जबलपुर, दिनांक 27/02/2025

**पी.एस.सी. (मुख्य परीक्षा 2025) एवं रेलवे, बैंकिंग, एस.एस.सी. तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों के लिये निःशुल्क ऑफलाईन कोचिंग हेतु विज्ञापन**

शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग हेतु निम्न शर्तों के अधीन निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1- आवेदक अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग का सदस्य एवं म.प्र. का मूल निवासी हो तथा आवेदक के परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक न हो तथा न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष को। आवेदक ने पूर्व में किसी भी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण न लिया हो।

2- प्रशिक्षण हेतु स्नातक होना आवश्यक है। प्रशिक्षण का माध्यम हिंदी होगा, छात्रावास सुविधा उपलब्ध नहीं है। आवेदक के स्नातक परीक्षा में 55 प्रतिशत या अधिक होने पर मूल टी.सी. एवं अन्य आवश्यक अभिलेख जमा करने पर नियमानुसार आवास सहायता राशि 2000/- एवं स्टाईपेण्ड राशि 500/- प्रतिमाह 75 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर देय होगी।

3- प्रशिक्षण संस्था में निः शुल्क स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब एवं लायब्रेरी की सुविधा उपलब्ध है।

4- कक्षाये संचालित हैं। अतः इच्छुक छात्र/छात्राएं दिनांक 13.032025 तक आवेदर कर सम्मिलित हो सकते हैं।

उपरोक्तानुसार आवेदक आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल, हायर सेकेन्ड्री, स्नातक उत्तीर्ण की अंकसूची 02 पासपोर्ट साइज फोटो, आधारकार्ड जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित छायाप्रति डाक द्वारा प्राचार्य शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (रामपुर पुलिस चौकी के पास, कौशल विकास संचालनालय के बाजू में ग्वारीघाट रोड) जबलपुर पिन कोड-282008 कार्यालयीन पता अथवा व्यक्तिगत रुप से कार्यालयीन समय एवं दिवसों में कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय दूरभाष- 0761- 2663471 एवं मो.नं. 8889609588 (प्राचार्य) पर कार्यालयीन समय एवं दिवसों में संपर्क कर सकते हैं।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार

प्राचार्य
जी- 23643/24 शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर म.प्र.

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बरगी जिला जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक-1186/ए6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 28/02/2025

**आम इश्तहार**

ग्राम सालीवाड़ा तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक फागूसिंह पटेल (फौती नामान्तरण) पिता/ पति सुभई पटेल निवासी सालीवाड़ा तह. व जिला जबलपुर ने ग्राम सालीवाड़ा प.ह.नं. 53 हे. स्थित भूमि ख.नं. 32, 33/1/2 रकबा 0.4290, 0.8250 हे. में से रकबा 0.4290, 0.8250 हे./ वर्गफुट भूमि पर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने/बटवारा/ अविवादित नामांतरण/ फौती दुरुस्त/ रिकार्ड दुरुस्त करने/भूमि विक्रय की अनुमति/ भूमि आवंटन/ डुप्लीकेट बही प्रदाय किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक..... तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 28.02.2025
पेशी दिनांक - 12.03.2025

अतिरिक्त तहसीलदार बरगी (जबलपुर)
र.नं. 3190

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

प्रकरण क्रमांक/1392/अ-6/24-25

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि सुरेन्द्र शर्मा / श्याम लाल आचार्य गोरखपुर निवासी बैठक जी देवताल गढ़ा जबलपुर तह. द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 30/03/1999 के माध्यम से मौजा लमती नं.बं. 642 प.ह.नं. 17 ख.नं. 14/3 व.फु. विक्रेता मोतीलाल झारिया / हीरालाल झारिया / निवासी 422 ब्यौहारबाग जबलपुर तह. गोरखपुर जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/ वसीयतनामा/ बटवारानामा/ हस्तांतरण पत्र/ हकत्यागपत्र/ दानपत्र/ फौती दर्ज कर नामांतरण एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण/बटवारा स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक .... तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 25/02/2025 को जारी।

जारी दिनांक- 25/02/2025
पेशी दिनांक- 10/03/2025

अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर जबलपुर
कृति

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./ /अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 23/02/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री बृजेश शर्मा पिता श्री आर.एस. शर्मा उम्र लगभग 53 वर्ष निवासी म.नं. 777, गढ़ा, रामलीला मैदान जबलपुर म.प्र. के द्वारा मौजा आमनपुर ब्लॉक नं. ... प्लॉट नं. 08, स्थित भूमि खसरा नंबर 88/1, 89/1 में से रकवा 12620.17 व.फु. में से 148 व.फु. अ.वि. खुला 29.6 व.फु. भूमि जो राजस्व रिकार्ड में रामपाल सिंह पिता स्व. श्री काहन सिंह के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 12/03/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-23/02/2025
पेशी दिनांक-12/03/2025

र.नं. 3219
तहसीलदार अधारताल जबलपुर

### कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प)
वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से

आज अंतिम दिन

**राज्य स्तरीय गाँधी शिल्प बाजार** का आयोजन

दिनांकः 21 फरवरी, 2025 से 02 मार्च, 2025 तक
समयः प्रातः 10 बजे से रात्रि 09 बजे तक
स्थानः महावीर मंदिर ट्रस्ट, पोलीपाथर, ग्वारीघाट रोड (साउथ एवेन्यू मॉल के बगल) जबलपुर

देश के ख्याति प्राप्त शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री में आप सादर आमंत्रित हैं।

कलकत्ता की साड़ी, गुजराती पैंच वर्क की चादरें, कारपेट, इंटीरियर्स, आसाम बॉस एवं बेत के बने उत्पाद, आगरा के लेदर क्राफ्ट, बनारस की साड़ी, कॉटन शर्ट, खादी कुर्ता, साड़ी व डिजाइनर सूट, बेड शीट पेंटिंग आदि।



आयोजकः- संस्कृति महिला मण्डल, कटनी, म.प्र.

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, गौ माता चौक, राईट टाउन, जौहरी हॉस्पिटल के बाजू में, जबलपुर- 482002
Phone - +91-761-2409255
Email - sarjab@bankofbaroda.com

ई- नीलामी विक्रय सूचना

**चल संपत्ति के विक्रय हेतु नोटिस**

दृष्टिबंधक समझौते के तहत चल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता, गिरवीकर्ता और गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल संपत्ति सुरक्षित ऋणदाता को बंधक/प्रभारित की गई है, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी, सुरक्षित ऋणदाता द्वारा लिया गया है, नीचे दिए गए बकाए की वसूली के लिए 'जैसा है जहां है', और 'जो कुछ भी है' और 'बिना कानूनी सहारा के आधार पर' बेचा जाएगा। हिसाब किताब। उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर/सुरक्षित संपत्ति/बकाया/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी तिथि और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे उल्लिखित है-

| क्र. | शाखा का नाम | शाखा/ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | बकाया राशि | चल एवं अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम/संपत्ति का प्रकार (भौतिक/सांकेतिक) | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि | कब्जा की स्थिति रचनात्मक/ भौतिक | संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ROSARB JABALPUR | 1. श्रीमती नेहा अग्रवाल पता :- 35, सागर कॉलोनी, महराणा प्रताप वार्ड, पुरवा, धन्वंतरि नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482001 2. श्री अमित अग्रवाल पता :- 35, सागर कॉलोनी, महराणा प्रताप वार्ड, पुरवा, धन्वंतरि नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482001 | Rs. 24,00,320.70/- + ब्याज से एवं अन्य खर्चे | डैम्पर/एक्सकेवेटर - अशोक लीलैंड | 20/03/2025 2.00 pm to 6.00 pm | Rs. 8,67,000/- Rs. 86,700/- Rs. 10,000/- | Symbolic | 18/03/2025 |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://bankofbaroda-in/eauction-html और https://baanknet.com पर दिए गए लिंक को देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता अधिकृत अधिकारी फोन नंबर- 0761-2409255, 9109440636 से संपर्क कर सकते हैं।

स्थानः जबलपुर, दिनांकः 02.03.2025
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं कॉंति बाई चढ़ार उम्र 58 वर्ष आत्मजा स्व.शिव चरण चढ़ार निवासी न्यू 48 क्वार्टर, क्वार्टर नंबर एच.बी. 13. छटवी बटालियन एस.ए.एफ.थाना रांझी तहसील रांझी जिला जबलपुर की निवासी हूँ तथा मैं 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर फैक्स एण्ड फोटो कॉपी शाखा में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत हूँ मेरा बैच नंबर 1575 है मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम कॉंति बाई चढ़ार दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कान्ति वाई चढ़ार दर्ज है। मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम कान्ति वाई चढ़ार (KANTI BAI CHADAR) पिता शिव चरण चढ़ार (SHIV CHARAN CHADAR) संशोधित कर दर्ज कराना चाहती हूँ मुझे कान्ति बाई चढ़ार पिता शिव चरण चढ़ार (SHIV CHARAN CHADAR) के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जावें।

पुराना नाम - कॉंति बाई चढ़ार
नया नाम - कान्ति बाई चढ़ार

कृति

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्र. 1867/अ-/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजवीर सिंह नैन आत्मज स्व. उजाला सिंह नैन निवासी 1517 नेपियर टाउन जबलपुर द्वारा पंजीकृत वसीयत दिनांक 05/12/2018 के माध्यम से मौजा जिलहरी नं.ब. 265 प.ह.नं. 45 ख.नं. 11/1/2 11/1 ख, 12/1, 13/1 व 11/1/3 रकवा 0.7910+0.1000 कुल 0.891 हे. का 1/3 अवि. भाग वसीयत कर्ता महावीर सिंह नैन आत्मज स्व. उजाला सिंह नैन से प्राप्त की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत वसीयतनामा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 17/3/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28/2/25 को जारी।

जारी दिनांक : 28/02/25
पेशी दिनांक : 17/03/25

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर
र.नं.- 3210

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, गौ माता चौक, राईट टाउन, जौहरी हॉस्पिटल के बाजू में, जबलपुर- 482002
Phone - +91-761-2409255
Email - sarjab@bankofbaroda.com

ई- नीलामी विक्रय सूचना

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नोटिस**

परिशिष्ट– IV क (नियम 6 (2) एवं 8(6) का परन्तुक देखें)

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियाँ जो **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं, जिसका **भौतिक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को **''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है''** एवं **''दायित्व रहित के आधार पर''** के आधार पर निम्न वर्णित ऋणियों से **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार को निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई– नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

| क्र. | शाखा का नाम | शाखा/ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | बकाया राशि | चल एवं अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम/संपत्ति का प्रकार (भौतिक/सांकेतिक) | ई–नीलामी की दिनांक एवं समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि | कब्जा की स्थिति रचनात्मक/ भौतिक | संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ROSARB JABALPUR | 1. मेसर्स पूर्वी कलेक्शन प्रो. श्री प्रभांशु जैन (प्रोप्राइटरशिप फर्म) पताः- दुकान नंबर 12, गढ़ा फाटक, रानीताल रोड, जबलपुर (म.प्र.) 482001 2. श्री प्रभांशु जैन पुत्र श्री प्रभात जैन (मालिक) पता :- ब्लॉक नं. 11, राम मनोहर लोहिया वार्ड, अनमोल नगर, त्रिमूर्ति नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002 श्री प्रभांशु जैन पुत्र श्री प्रभात जैन पता :- 443, साथिया कुआं, सराफा जवाहर गंज वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) 482002 | Rs. 36,87,000/- + ब्याज से एवं अन्य खर्चे | 1. स्टॉक एवं बही ऋणों का दृष्टिबंधन | 20/03/2025 2.00 pm to 6.00 pm | Rs. 2,00,000/- Rs. 20,000/- Rs. 10,000/- | Symbolic | 18/03/2025 |
| | | | | 2. संयंत्र और मशीनरी का दृष्टिबंधन | 20/03/2025 2.00 pm to 6.00 pm | Rs. 20,00,000/- Rs. 2,00,000/- Rs. 10,000/- | Symbolic | 18/03/2025 |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://bankofbaroda-in/eauction-html और https://baanknet.com पर दिए गए लिंक को देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता अधिकृत अधिकारी फोन नंबर- 0761-2409255, 9109440636 से संपर्क कर सकते हैं।

स्थानः जबलपुर, दिनांकः 02.03.2025
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

### पश्चिम मध्य रेल
सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई' निविदा सूचना, संख्या EPS/61/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए "https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र. | टेंडर नं | संक्षिप्त वर्णन | निविदा संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 40255005 | संपर्क तार समानांतर क्लैप | 30092 नग |
| 2 | 40245036 | 8 एमवीए का डिजाइन, निर्माण और आपूर्ति | 24 नग |
| 3 | 65235013B | कॉइल स्प्रिंग स्क्रैगिंग और लोड डिफ्लेक्शन परीक्षण मशीन | 1 नग |
| 4 | 40242772 | ईओजी प्रकार के एलएचबी कोचों के लिए आपातकालीन प्रकाश इकाई | 1204 नग |
| 5 | 50245177 | 12 कोर x 2.5 वर्गएमएम केबल | 44.60 किमी |
| 6 | 81246420 | ईआरसी एमके–III (टी–3701) | 1702873 नग |
| 7 | 34241085 | एपॉक्सी सह पॉलीयुरेथेन पेंट का सेट। | 595 सेट |
| 8 | 34244076 | एपॉक्सी और पीयु पेंट का सेट | 932 सेट |

उपरोक्त निविदाओं की नियत तारीख क्रमांक 1 – 12.03.2025, क्रमांक 2 से 4 – 20.03.2025, क्रमांक 5 और 6 – 21.03.2025, क्रमांक 7 – 24.03.2025 एवं क्रमांक 8 – 27.03.2025 है। 50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.iresp.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

(हस्ता.)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# देश-प्रदेश

उवाच

## बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट जल्द पूरा होगा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शनिवार को अहमदाबाद के कालूपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने रेल लाइन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अहमदाबाद कालूपुर रेलवे स्टेशन के रीडिवेलपमेंट प्रोजेक्ट के बारे में बात की और इसे अहमदाबाद शहर के लिए एक बड़ी सौगात बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट 4 साल में पूरा होगा। इसे अहमदाबाद की संस्कृति को ध्यान में रख कर के डिजाइन किया गया है। इस प्रोजेक्ट में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने इनपुट प्रदान किए हैं।



मुख्यमंत्री एवं उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति ने किया विक्रमादित्य का न्याय वैचारिक समागम का शुभारंभ

# सम्राट विक्रमादित्य ने की थी निष्पक्ष और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय न्याय व्यावस्था का आरंभ वैदिक काल में हुआ जहाँ सभा और समिति जैसी संस्थाओं के माध्यम से विवादों का निपटारा किया जाता था। सम्राट विक्रमादित्य के समय यह प्रणाली और अधिक सशक्त हुई। हमारे लिए आज भी उनकी न्याय प्रणाली की प्रासंगिकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, समय बदल चुका है लेकिन न्याय की अवधारणा वही है जो विक्रमादित्य ने स्थापित की थी। सम्राट विक्रमादित्य ने न्यायपूर्ण, निष्पक्ष और समान समाज की स्थापना की थी।

यह बात मुख्यमंत्री ने विक्रमादित्य का न्याय वैचारिक समागम के शुभारंभ अवसर पर कही। मुख्य न्यायाधिपति सुरेश कुमार कैत ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का शासन व्यवस्था प्रधान था, न कि व्यक्ति प्रधान। विक्रमादित्य का शासन तंत्र न्याय, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक समरसता पर आधारित था। विक्रमादित्य का शासन एक संगठित और सुव्यवस्थित प्रणाली पर आधारित था। सम्राट विक्रमादित्य का न्याय त्वरित और पारदर्शी था। सम्राट विक्रमादित्य को न्याय और सुशासन का प्रतीक भी माना जाता है तथा आज भी सम्राट विक्रमादित्य न्याय की मिसाल दी जाती है।

वैचारिक समागम के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन की धरा वैभव के साथ ही सम्राट विक्रमादित्य जैसे न्यायप्रिय की भी जन्मदायनी है। उज्जैन एक समय तक ज्ञान, विज्ञान, कला, संस्कृति, न्याय, सुशासन, व्यापार, व्यवसाय का एक सर्वमान्य केन्द्र रहा है। सभ्यता और संस्कृति की जन्म भूमि भारत अनादि काल से ही अत्यंत वैभवशाली राष्ट्र है।

भारत की उर्वरा भूमि ने पृथ्वीराज चौहान, राणा सांगा, सम्राट अशोक, महाराजा प्रताप, छत्रपति शिवाजी जैसे अनगिनत वीरों का मार्ग प्रशस्त करने का श्रेय जिस वीर को जाता है, वे है उज्जैन के चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य। विक्रमादित्य ने जो अदम्य पराक्रम दिखाया वह किसी के बस की बात नहीं। गणतंत्र की स्थापना का श्रेय सम्राट विक्रमादित्य को है। उन्होंने जो दान दिया वह आज तक किसी ने नहीं दिया। उनका नाम सदैव अमर रहेगा। सम्राट विक्रमादित्य का न्यायिक वैभव इतिहास में अमर है। भारत का इतिहास न्यास के आदर्शों से परिपूर्ण है। हम सभी ने सिंहासन बत्तीसी में बत्तीस पुतलियों के माध्यम से विक्रमादित्य के न्यायिक वैभव को पढ़ा और सुना है। वह संपूर्ण भारतीय जनमानस में आज भी एक प्रेरक कथा के रूप में जीवित है। विक्रमादित्य के शासन में न्याय केवल एक विधिक प्रक्रिया नहीं था बल्कि यह समाज के सामाजिक और नैतिक दायित्वों को भी ध्यान में रखते हुए एक सशक्त प्रणाली थी, जो समाज को न्याय और सदाचार की दिशा में अग्रसर करती थी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के शासन काल में न्याय व्यवस्था और सुशासन के लिये नवरत्नों का गठन किया गया था। राजा इन्हीं नवरत्नों के परामर्श से न्याय और प्रशासन करता था। सम्राट विक्रमादित्य के राज्य में बेताल कोई प्रेत नहीं थे, बल्कि न्यायविद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक वर्ष के अंदर प्रदेश में न्यायिक प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया जायेगा। इसके पहले श्रीराम तिवारी, निदेशक, विक्रमादित्य शोधपीठ, नरेश शर्मा, अध्यक्ष, शिप्रा लोक संस्कृति समिति एवं प्रो. अर्पण भारद्वाज, कुलगुरू, विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। राजेश कुमार गुप्ता, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उज्जैन अशोक यादव, अध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ रविन्द्र सिंह कुशवाह, संयोजक एवं शासकीय अभिभाषक द्वारा मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय सुरेश कुमार कैत का स्वागत एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। डॉ. प्रकाश विटनेरकर, अध्यक्ष, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर प्रेस काउंसिल, एडवोकेट प्रखर पुराणिक, सह संयोजक, शोध संगोष्ठी एवं डॉ. अजय शर्मा, सह संयोजक, शोध संगोष्ठी द्वारा न्यायमूर्ति, म.प्र. उच्च न्यायालय, खण्डपीठ ग्वालियर अनिल वर्मा का स्वागत एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजेश कुमार गुप्ता स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। सत्र का संचालन चन्द्रेश मण्डलोई, जिला विधिक सहायता अधिकारी, उज्जैन ने किया।



## शक्ति का उपयोग समाज कल्याण में हो : कैत

मुख्य न्यायाधिपति श्री कैत ने कहा कि पद की शक्ति का उपयोग हमेशा समाज कल्याण, समाज हित में करना चाहिए। न्याय केवल दंड देने का माध्यम नहीं बल्कि समाज में नैतिकता और सामाजिक संतुलन बनाने के लिए होना चाहिए। हमारी वर्तमान न्याय प्रणाली प्राचीन न्याय प्रणाली पर ही आधारित है। उन्होंने वर्तमान में न्यायाधीशों की कमी की बात करते हुए कहा कि आज देश में लाखों प्रकरण न्यायालयों में लंबित हैं। उन्होंने बताया कि हमने केन्द्र सरकार को 85 न्यायाधीशों की नियुक्ति का प्रस्ताव भेजा है।

भाजपा किसान मोर्चा आज करेगा मुख्यमंत्री का अभिनंदन

# 26 सौ रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी का निर्णय किसानों को तोहफा



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों को बड़ा तोहफा देते हुए समर्थन मूल्य पर 2600 रूपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदने का निर्णय लिया है। इसको लेकर 2 मार्च को 12 बजे मध्यप्रदेश के लाखों किसानों की तरफ से भाजपा किसान मोर्चा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मुख्यमंत्री निवास में अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस किसानों की लाश पर रोटी सेंकने का कार्य करती है, भाजपा किसानों को खुशहाल बना रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने खेती में क्रांतिकारी परिवर्तन किया हैं। कांग्रेस के शासनकाल में किसान खेती के प्रति उदासीन हो गया था। प्रधानमंत्री किसान हितैषी नीतियों के चलते अब किसान उन्नत खेती कर रहे हैं। युवाओं में खेती के प्रति रूझान बढ़ा है। आईआईटी पास युवा भी अब खेती कर रहे हैं। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर माध्यम के जरिए किसानों के खाते में राशि भेजकर योजना को धरातल पर उतारने का कार्य किया है।

इस योजना का मध्यप्रदेश के 82 लाख किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के गेहूं के किसानों को नुकसान होने की स्थिति में दो हजार रूपए प्रति हेक्टेयर बोनस देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों को लेकर लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय से प्रदेश के किसानों में खुशी की लहर है। मध्यप्रदेश भाजपा सरकार का यह निर्णय किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य करेगा।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मिलन भार्गव, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत, भगवान सिंह मीणा, महामंत्री दिलीप पटौदिया, पुरूषोत्तम शर्मा, मोर्चा के कार्यालय मंत्री प्रयाग रघुवंशी उपस्थित रहे।

# अंशदायी पेंशन योजना में मिसिंग राशि अभिदाता के खाते में जमा होगी

वल्लभ भवन एवं विध्याचल कोषालय में होगा चालान का सत्यापन, निर्देश जारी



**भोपाल, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाताओं के खातों में जमा करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब अशंदायी पेंशन योजना में मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाता के खातों में जमा किये जायेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया है कि अभिदाताओं के खातों में मिसिंग क्रेडिट की राशि जमा करने के लिये 15 मार्च तक विशेष अभियान चलेगा। इस संबंध में विभागीय स्तर पर निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं।

राज्य शासन के अधीन सिविल सेवा के पदों पर एक जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त होने वाले शासकीय सेवकों पर अंशदायी पेंशन योजना (एनपीएस) लागू है। इसमें शासकीय सेवकों के वेतन से कर्मचारी अंशदान एवं शासकीय अंशदान संबंधित के परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नम्बर (प्रान) में जमा किया जाता है। ऐसे शासकीय कर्मचारी, जो प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं और उनके अंशदान उनके प्रान में जमा नहीं हुए है, ऐसे प्रकरणों में मिसिंग क्रेडिट (गुमसुदा कटौत्री) की समस्या होती है।

गुमशुदा कटौत्री की समस्या के समाधान के लिए संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा आईएफएमआईएस में सुविधा विकसित की गयी है। ऐसे शासकीय सेवक, जो प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ है, उनके अंशदान के चालानों का विवरण कोषालय अधिकारी द्वारा आईएफएमआईएस में भरा जायेगा एवं रिफण्ड देयक तैयार कर अंशदान जमा करने की कार्यवाही की जाएगी।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी वल्लभ भवन राजीव सिंह पवैया ने बताया कि वल्लभ कोषालय द्वारा जो भी प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय सेवक जिनके द्वारा चालान भारतीय स्टेट बैंक की टी.टी.नगर, जहांगीराबाद,एम.पी.नगर, पंचानन, एवं बरखेड़ी की शाखाओं में जमा किये जायेंगे उनका चालान का सत्यापन बल्लभ भवन कोषालय सतपुड़ा भवन द्वारा किया जायेगा। इसके साथ ही प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय सेवक जिनके द्वारा चालान स्टेट बैंक शाखा विन्ध्याचल, शिवाजी नगर, एच.ई.टी. एस.एम.ई. गोविन्दपुरा, महावीर नगर, हबीबगंज शाखा में जमा किए गये है, वह शासकीय सेवक विन्ध्याचल कोषालय, विन्ध्याचल भवन में उपस्थित होकर चालान का सत्यापन करा सकते हैं।

# छिंदवाड़ा और पांढुर्ना से सरकार कर रही भेदभाव



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा की जनता के साथ हर स्तर पर भेदभाव किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पहले छिंदवाड़ा से सांसद रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि छिंदवाड़ा में ट्रिपल इंजन की सरकार चल रही है। लेकिन, सच्चाई यह है कि जनता को पेट्रोल ही नहीं मिल पा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा लिए जा रहे कर्ज का जिक्र करते हुए कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार तकरीबन हर महीने 5,000 करोड़ रुपए कर्ज लेती है, लेकिन आखिर कर्ज का यह पैसा विकास योजनाओं में खर्च नहीं हो रहा है तो कहां जा रहा है? छिंदवाड़ा और पांढुर्णा की जनता के साथ हर स्तर पर भेदभाव किया जा रहा है और जानबूझकर क्षेत्र को विकास योजनाओं से दूर किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य में हो रहे आयोजनों को लेकर कहा कि प्रदेश सरकार करोड़ों रुपये इवेंट पर खर्च कर रही है, लेकिन विकास योजनाओं, नौजवानों को रोजगार देने, किसानों को फसल का उचित मूल्य देने और महिलाओं को सुरक्षा देने पर कुछ खर्च नहीं किया जा रहा है। भाजपा की सरकार कर्ज लेकर घी पीने के सिद्धांत पर चल रही है और जनता से पूरी तरह मुंह मोड़ लिया है। इससे पहले कमलनाथ पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी कर चुके हैं। अमरवाड़ा की बैठक में उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। बिना डरे सच का साथ देना है। कल समय बदलेगा और सत्य की जीत होगी। कमलनाथ छिंदवाड़ा से सांसद रहे हैं, उसके बाद उन्होंने विधानसभा का चुनाव लड़ा था।

## 31वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस में सहभागिता करने पहुँचे राज्य निर्वाचन आयुक्तों का हुआ आत्मीय स्वागत

**भोपाल, देशबन्धु।** सिवनी जिले के पेंच राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित की जा रही राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं कॉन्फ्रेंस में सहभागिता करने पहुँचे विभिन्न राज्यों के आयुक्तों एवं अधिकारियों का मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पुष्प-गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही जिले के पेंच टाइगर रिजर्व की प्रचार-प्रसार एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई किट आगन्तुकों को भेंट की गई।

# किसान कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष चौहान ने कार्यभार संभाला

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कांग्रेस नेताओं से मुलाकात कर अपना कार्यभार संभाला।श्री पटवारी ने श्री चौहान को किसान कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देते हुए प्रदेश में किसानों की समस्याओं को पूरी ताकत से उठाएं।

प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों से जो वादे किये थे, वह अपने वादे से मुकर गई है। किसान कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान ने इस दौरान कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है उसे पूरी निष्ठा और लगन के साथ पूरा करूंगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी राजीव सिंह, डॉ. महेंद्र सिंह चौहान, कुणाल चौधरी, गौरव रघुवंशी, डॉ. संजय कामले सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित थे।




जीवाजी विवि में रैगिंग का मामला सामने आया

# छात्र पर बिना कपड़ों के डांस करने का दबाव बनाया, शिकायत के बाद जांच में जुटी पुलिस

**ग्वालियर, देशबन्धु।** ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय में रैगिंग का मामला सामने आया है। यहां एक जूनियर छात्र से सीनियर्स ने रैगिंग की और उस पर बिना कपड़ों के डांस करने का दबाव बनाया गया। यहां तक कि उससे मारपीट भी की गई। यह शिकायत छात्र ने की है। पुलिस शिकायत के आधार पर जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जीवाजी विश्वविद्यालय के एमबीए के छात्र द्वारा अपने बीबीए के जूनियर छात्र के साथ अश्लील गाने पर डांस कराया गया और बिना कपड़ों के डांस करने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर मारपीट की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि विश्वविद्यालय थाने में एक जूनियर छात्र ने अपने सीनियर्स पर रैगिंग करने का आरोप लगाया है। यह छात्रों का मामला है, इसकी पुलिस जांच कर रही है। शिकायत में बताया गया है कि बिना कपड़ों में डांस करने का दबाव बनाया गया था। पुलिस जांच के बाद ही कार्रवाई करेगी।

बताया गया है कि जीवाजी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले बीबीए छठे सेमेस्टर के छात्र हिमांशु भदौरिया ने अपने विभागाध्यक्ष से लिखित शिकायत की थी कि एमबीए द्वितीय सेमेस्टर में पढ़ रहे सीनियर ने उसके साथ रैगिंग करने का प्रयास किया है। सीनियर छात्र ने जबरन उससे एक फिल्मी गीत पर कपड़े उतारकर डांस करने को कहा। पीड़ित छात्र का आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो सीनियर छात्र ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके साथ एमबीए के तीन अन्य सीनियर छात्र मौजूद थे। इस घटना के संबंध में एक आवेदन ग्वालियर के यूनिवर्सिटी थाना पुलिस के पास भी पहुंचा है।

राज्य के शिक्षण संस्थानों में रैगिंग पूरी तरह प्रतिबंधित है और रैगिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। उसके बावजूद रैगिंग के मामले आते रहते हैं।


## न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर
### आम इश्तहार

रा.प्र.क्र. 3315 /अ-/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 19/2/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार मिश्रा पिता स्व. श्री आर.एन. मिश्रा निवासी 809 स्नेह नगर जायसवाल सीमेंट पी.एन.टी. गेट नं. 4 जबलपुर म.प्र. के द्वारा मौजा रानीपुर ब्लाक... प्लॉट नं. ... स्थित भूमि खसरा नं. 8/9/2 में से रकवा 2400 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में रविन्द्र नाथ मिश्रा पिता स्व. लोचन प्रसाद मिश्रा के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 06/3/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 19/02/25
पेशी दिनांक : 06/03/25
तहसीलदार, अधारताल जबलपुर
र.नं.- 3211

## न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर
### आम इश्तहार

रा.प्र.क्र. 1714/अ-/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता खासकलम जे.पी. खासकलम निवासी 11 अर्जुन देव कालोनी नर्मदा नगर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 04/2/21 के माध्यम से मौजा पोलीपाथर नं.ब. 164 प.ह.नं. 24/2 खसरा नं. 2/1, 2/2, 5, 6/1, 7/10 एवं अन्य शीट 1 प्लाट नं. 1 रकवा 1000 वर्गफुट विक्रेता अमित कुमार पिता शिवनारायण से क्रय की गई भूमि पर राजस्व में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र दान पत्र एवं नक्शा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 25/2/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 14/2/25 को जारी।

जारी दिनांक : 14/02/25
पेशी दिनांक : 28/02/25
नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर
र.नं.- 3212

## न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर
### आम इश्तहार

रा.प्र.क्र. 1992/अ-/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कृष्ण राव राजनेकर पिता गोविन्द राव राजनेकर व अन्य निवासी म.नं. 2 फेस-1, गीत बिहार, पोलीपाथर जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक.... के माध्यम से मौजा पोलीपाथर नं.ब. 164 प.ह.नं. 29 प्लाट नं. 9/12 रकवा 650 वर्गफुट विक्रेता राकेश कोहली पिता जी.एम. कोहली व अन्य से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्षा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 07/3/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28/2/25 को जारी।

जारी दिनांक : 28/02/25
पेशी दिनांक : 07/03/25
नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर
र.नं.- 3209

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO JC-341813K, RANK- SUB, NAME-ABHAY PRAJAPATI VILL+POST- PRADHAN KI BAREJI, TEH-MOHAMMADABAD, DISTT- GHAZIPUR, STATE- UTTAR PRADESH PIN- 233227 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम KIRAN DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही नाम KIRAN है जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड व अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पत्नी के इस नाम KIRAN को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम-KIRAN DEVI
सही नाम-KIRAN र.नं. 3218

### CHANGE OF NAME

I, POTDAR JYOTI AJIT (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No 15730368W Rank NK Name POTDAR AJIT SURESH presently, residing at VILL- HARIJAWALGA, PO- HARIJAWALGA, TEH- NILANGA, DISTT-LATUR (MAHARASHTRA)-413607. I have changed of my name from POTDAR JYOTI AJIT to JYOTI AJIT POTDAR vide Affidavit dated 01/03/2025 before Notary, JABALPUR MP.

CORRECT NAME
JYOTI AJIT POTDAR
INCORRECT NAME
POTDAR JYOTI AJIT कृति

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 01/03/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती किरण देवी पत्नी श्री पुष्पेन्द्र कुमार पाण्डेय ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक ईडब्ल्यूएस/ब्लाक बी कृष्णा होम्स बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000387869 पर दर्ज भूमि का निर्मित भूतल 500 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज हरीचन्द कश्यप - सरस्वती कश्यप का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 3216
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 01/03/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती किरन देवी पत्नी श्री पुष्पेन्द्र कुमार पाण्डेय ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक ईडब्ल्यूएस/ब्लाक ए कृष्णा होम्स बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000386408 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 610 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 250 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज हरीचन्द कश्यप - सरस्वती कश्यप का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 3216
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

## संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 117/ 2024-25 दिनांक 28/02/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीता सिंघई, पति श्री मनोज सिंघई के द्वारा वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1003086126 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती संगीता वर्मा, पति स्व. श्री राजेश कुमार वर्मा, के नाम से दर्ज प्लाट रकवा 780 व.फु., जिसमें निर्मित तल मंजिल 560 व.फु., प्रथम मंजिल 560 व.फु., जिसका मौजा लमती खसरा न. 35/2 का भाग नया खसरा नं 35/53 का भाग विक्रय/क्रय की गई संपत्ति पर निम्न दस्तावेजों- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, डोर टू डोर संपत्ति, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

र.नं. 3216
संभागीय अधिकारी (राजस्व)
संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

## संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 116/ 2024-25 दिनांक 28/02/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीपांशु सिंह, पिता श्री गणेश सिंह के द्वारा वार्ड क्रं. 74 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1003960666 के पंजीकृत स्वामी श्री संतोष कुमार मिश्रा, पिता श्री आर.एन. मिश्रा एवं श्रीमती रिंकी मिश्रा, पति- श्री संतोष मिश्रा, के नाम से दर्ज न्यू साहिब परिसर फेस 2 का दर्ज प्लाट रकवा 722 व.फु., उस पर निर्मित तल मंजिल 670 व.फु., विक्रय/क्रय की गई संपत्ति पर निम्न दस्तावेजों- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

कृति
संभागीय अधिकारी (राजस्व)
संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

## संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 115/ 2024-25 दिनांक 28/02/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कान्ता लकड़ा, पिता स्व. श्री जुनस लकड़ा एवं श्री हेरमन लकड़ा, पिता स्व. श्री सिमोन लकड़ा के द्वारा वार्ड क्रं. 76 गुरू गोविंद सिंह वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004358290 के पंजीकृत स्वामी श्री संजय श्रीवास्तव,व श्री अरूण श्रीवास्तव दोनों के पिता श्री आर.के. श्रीवास्तव के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 71,72,73,73/1, एसई 84,85 तक मौजा इमलिया का खुली भूमि रकवा 19780 व.फु. में से विक्रय भूखंड क्रमांक 107 का प्लाट रकवा 2000 व.फु., खसरा नं. 85 के भाग में स्थित विक्रय/क्रय की गई संपत्ति पर निम्न दस्तावेजों- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, संपत्ति लेजर, खसरा, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

कृति
संभागीय अधिकारी (राजस्व)
संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

### नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा पी.एन.बी. मेट लाईफ से पालिसी क्रमांक 22010045 ली गई थी जिसमें त्रुटिवश मेरा नाम रामदीन विश्वकर्मा (Ramdeeh Vishwakarama) दर्ज है जो कि गलत है। जबकि मेरे आधारकार्ड, पेनकार्ड व बैंक पास बुक में नाम रामदीन विश्वकर्मा (Ramdin Vishwakarama) आधार के हिसाब से दर्ज है जो कि सही है। अतः उक्त पॉलिसी में मेरा नाम रामदीन विश्वकर्मा (Ramdin Vishwakarama) दर्ज किया जाये तथा मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना व लिखा-पढ़ा जाये। कृति

गलत नाम- रामदीन विश्वकर्मा (Ramdeeh Vishwakarama)
सही नाम- रामदीन विश्वकर्मा (Ramdin Vishwakarama)

# साहित्य

## डॉ. खूबचन्द बघेल-मेरी स्मृति में

■ डॉ. सत्यभामा आडिल

डॉ. खूबचन्द बघेल को स्मरण करना यानी एक ऊर्जावान व्यक्तित्व,जो कभी थके नहीं,ऐसे व्यक्तित्व स्मरण करना है!

19 जुलाई 1900 को जन्मे व 22 फरवरी 1969 को,69 वर्ष की आयु में,दिवंगत हो गए। छत्तीसगढ़ के स्वप्नद्रष्टा के रूप में वे याद किये जाते हैं,याद किये जाते रहेंगे। बचपन में मैंने उन्हें समाज सुधारक के रूप में जाना था। यह भी सुनने में आया कि उन्होंने अपनी तीनों बेटियों की शादी कुर्मी समाज के अन्य फिरकों में की थी,फलस्वरूप वर्षों तक वे मनवा कुर्मी समाज से बहिष्कृत किये गए थे ।सामाजिक बहिष्कार की पीड़ा अत्यधिक दुखदायी होती है, पर डॉ, बघेल ने बहुत हिम्मत के साथ सामना किया। न कुंठा, न निराशा,न शिकायत,उलटा समाज के लोगों के कुंद दिमाग के कपाट खोलते गए। कुछ वर्षों बाद

एक दिन ऐसा समय आया जब समाज ने उन्हें शामिल कर लिया!

अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय समाज को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया ।ऐसे ही समय 1966 दिसम्बर में नागपुर के अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महाधिवेशन में, मैं उनके निकट सम्पर्क में आई ।उसी समय दूसरे दिन महाराष्ट्र कुनबी समाज का राज्यस्तरीय सम्मेलन भी हुआ।

सन्त तुकडोजीमहाराज, स्वामी आत्मानन्दजी, बृजलाल वर्माजी, केंद्रीय योजना मंत्री अशोक मेहता, महामंत्री बाबू गुप्तनाथ सिंह सम्मिलित थे। अध्यक्ष बाबू लक्ष्मण चन्द्र सिंह जी थे-,जो वर्षो तक कुर्मी क्षत्रिय जागरण मासिक पत्रिका निकालते रहे। नागपुर का महाधिवेशन ऐतिहासिक था। डॉ. बघेल का प्रभाव सर्वव्यापी था--उन दिनों ! समाज के कार्यक्रम में भाग लेने का मेरा पहला अनुभव था ।में अकेली युवा महिला मंच पर थी। डॉ, बघेल मेरा ध्यान इस तरह रख रहे थे- मानों मैं उनकी अपनी बेटी हूं!

जब अंतिम दिन समापन के अवसर पर,सन्त तुकडो जी नेअपने निवास पर अतिथि स्वजातियों के लिए महाभोज रखा,तो मैं सन्त तुकडो जी के फकीराना अंदाज,सरलता,प्रेम भाव को देखकर विस्मित थी!

एम,ए, पास होने के पूर्व ही मेरी शादी हो गयी थी-1965 में । एक साल बाद मैं नागपुर के इस महाधिवेशन में उपस्थित थी। डॉ. बघेल मानों मेरे अभिभावक थे। मेरे पति रीवा से आये थे ।मैं रायपुर से गई थी-,सम्मानित ग्रुप के साथ। मेरा दायित्व यह ग्रुप निभा रहा था-डॉ, बघेल,बृजलाल वर्मा, स्वामी आत्मानन्दजी,तरेसर वाले भुजबल जी जो बाद में संन्यासी हो गए थे।

सन्त तुकडोजी ,भोज के बाद,मुझसे बोले-'-सत्या बेटी,तुम आमचा महाराष्ट्र में रुक जाओ विधानसभा के लिए। तुमको टिकिट मिलेगी। तुम्हारा भाषण सुनकर,तुम्हारी वक्तृत्व शैली मुझको बहुत अच्छी लगी।'

मैं चुप थी। डॉ, बघेल ने तत्काल प्रतिवाद किया-'नहीं महाराज,इसे राजनीति में आना होगा, तो मध्यप्रदेश के छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ेगी। हमारी बेटी हमारे घर से चुनाव लड़ेगी। अभी तो यह सिर्फ 22 साल की है।

स्व, बृजलाल वर्मा और भुजबल जी ने भी यही कहा! स्वामी आत्मानन्दजी मुस्कुराते हुए बोले- 'महाराज, देखिए, इसकी गोद में 3 माह का बेटा है। पहले यह मां का दायित्व निभाएगी ! राजनीति बाद की बात है!'



डॉ, बघेल ने हामी भरते हुए कहा-'सही बात है महाराज'। डॉ, बघेल ने मेरी गोद से बेटे को लेकर महाराज की गोद में दिया ! महाराज ने दोनों हाथों में मेरे नन्हे शिशु को लिया और पुचकारते हुए,आशीष दिया। उनके कमरे में विठ्ठल भगवान के विभिन्न रूपों की अनेक मूर्तियां क्रम से विराजमान थीं। एकमूर्ति से स्पर्श कराकर बच्चे को मेरी गोद में डाला।

डॉ, बघेल ने मेरे कंधे को थपथपाते हुए कहा-'बच्चे को महाराज और भगवान दोनों का आशीष मिल गया।'

मेरे मातृत्व सुख का झोला भर गया !

मेरा पहला सामाजिक सम्मेलन का अनुभव अद्भुत व अविस्मरणीय रहा। डॉ, बघेल को इससे पूर्व मैंने सन1960 दिसम्बर में देखा था।

रायपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस के महाधिवेशन में पण्डित जवाहरलाल नेहरू, गोविन्दवल्लभ पंत, सुचेता कृपलानी, वगैरह शीर्षस्थ राजनेता आये हुए थे।

इंजीनियरिंग कॉलेज की नई बिल्डिंग में कांग्रेस सेवादल के स्वयंसेवकों का शिविर लगा था ।पण्डित नेहरू के साथ राजनेताओं का जुलूस कांग्रेस भवन से तात्यापारा चौक होते हुए,आजाद चौक की ओर बढ़ा।

नेहरूजी खुली गाड़ी में खड़े थे ।जैसे ही जुलूस कुर्मी बोर्डिंग के पास पहुंचा,वैसे ही नेहरूजी ने हाथ हिलाकर आवाज लगाई-'डॉ, बघेल जय हिंद!'

दोनों हाथ जुड़े थे ! लोगों ने देखा-'कुर्मी बोर्डिंग के दरवाजे के सामने डॉ, बघेल,दोनों हाथ ऊपर की ओर नमस्कार की मुद्रा में रखे खड़े थे!

लोगों ने आश्चर्य से देखा। मैं विद्यार्थी वर्ग में ,लड़कियों के जत्थे में,कांग्रेस सेवादल के समूह में चल रही थी।

मैंने भी पलटकर दोनों को एक दूसरे से जयहिंद करते,हाथ हिलाते देखा। मुझे गर्व हुआ कि डा, बघेल को नेहरूजी पहचानते थे। जयहिंद की पहल नेहरूजी ने ही की थी!

उस घटना के बाद मैंने सन 1966 में नागपुर में देखा, उनका स्नेह प्राप्त किया। तीसरी बार 6 सितम्बर 1968 को, वे सुबह सुबह सीहोर (भोपाल) में मेरे निवास पर आए।

मेरे पति की पोस्टिंग सीहोर के कृषि महाविद्यालय में थी। हम रीवा से सीहोर आ गए थे। उस समय हमारे पास फोन नहीं था ।और न ही स्कूटर था। वह दिन मेरे बेटे का जन्मदिन था। उन्हें जन्मदिन स्मरण था ।वे राज्यसभा सदस्य थे ।मेरे पति को वे अपार स्नेह करते थे पुत्र की तरह ।वे इलाहाबाद होते हुए आये थे,तो हमारे बेटे के लिए बनारस की लकड़ी के बने रंग बिरंगे खिलौने,गंगाजल, व बड़ी सी डलिया लेकर आये थे।

उनके अकस्मात आगमन से हमारी खुशी का ठिकाना नहीं था। लोगों को पता चला,तो मिलने वाले वी,आई, पी, लोगों का तांता लग गया। वे तीन दिन हमारे घर रहे। छोटे से दो कमरे के घर में उन्हें बहुत आनन्द आया.। वे बेटे को गोद में लेकर घूमते। हमने तांगे में बैठाकर उनको घुमाया। वे इतने सरल व आत्मीय थे हमारे लिए मानो हमारे पिता हों।

बहुत सी सामाजिक चर्चाएं भी करते थे ।समाज की कूपमण्डूकता से वे दुखी होते थे,पर उनका समाज प्रेम उत्कट था।

उनके जाने के बाद ,कई दिनों तक सूनापन सा छाया रहा।

जाते-जाते उन्होंने एक विशेष बात कही--

'में एक नाटक लिख रहा हूँ किसानों की समस्या पर !नाम है 'गरकट्टा'! अभी मेरे बैग में है--उसे पूरा करके तुम्हें दूंगा। पढना। उसका मंचन करना है। पथरी के लड़कों को तैयार करूंगा। सिलियारी में करने की सोच रहा हूँ। गर्मी की छुट्टी में तुम लोग आना। मनहर तुम्हें पथरी लेकर आएगा'!

फिर इनकी तरफ मुड़कर बोले- 'सत्या ल ले के आबे बाबू,पथरी। तोला नेवता देवथव !'

'हव बाबूजी!' कहत हुए इन्होंने प्रणाम किया मैंने भी प्रणाम किया। मेरे बेटे को चुम्मा दिए ।और स्टेशन रवाना हुए। हमारा तांगेवाला नब्बू मियां स्टेशन ले गया। मेरे पति स्टेशन गए।

हमें क्या मालूम था कि यह हमारी अंतिम मुलाकात है ।

हम तो गर्मी की छुट्टी की प्रतीक्षा करते रहे।

भोपाल में विधानसभा का चालू सत्र देखने गए। तब हम बृजलाल वर्माजी के बंगले में रुकते-पारिवारिक सम्बन्ध था। वे संविद सरकार में उपमुख्यमंत्री थे। समय बीता फरवरी का महीना आया। वर्माजी सीहोर दौरे पर आए सपरिवार ।उनकी पत्नी व बच्चों ने खाना खाया। जब वे और आडिल साहब खाने बैठे, उसी समय उनका पी,ए, वायरलेस का संदेश लेकर अंदर आया 'दिल्ली में डॉ, बघेल का हृदयाघात से देहावसान हो गया। उनका शव मालगाड़ी से रायपुर ले जा रहे हैं। भोपाल स्टेशन तत्काल पहुंचे।' रोटी का 'कौर' हाथ से गिर गया। जमीन में बैठकर खा रहे थे। उस समय हमारे पास डायनिंग टेबल नहीं था। वे आडिल साहब के साथ अपनी सरकारी गाड़ी में भोपाल स्टेशन पहुंचे।

अजीब सा लगा जानकर कि इतनी बड़ी विभूति का शव मालगाड़ी में?

छत्तीसगढ़ के लोगों में आक्रोश था-!

बाद में दोनों सदन में यह प्रस्ताव पास हुआ कि ऐसे महत्वपूर्ण हस्तियों को सम्मानित ढंग से उनके गृहनगर ले जाया जाय।

हमें ऐसा महसूस हुआ--जैसे हमारा कोई नहीं ।बहुत अपना सा छिन गया ।हमने होली नहीं मनाई। गम में डूबे रहे। ख्याल आया -'उस नाटक का क्या हुआ?'

फरवरी के प्रथम सप्ताह में उन्होंने 'अहिवारा' में किसान आंदोलन किया था, उसी फरवरी में दिल्ली आए और 22 तारीख को हृदयाघात हुआ। क्या तनाव में थे? यह प्रश्न मेरे मन मेंआज तक बना हुआ है।

लंबे अरसे बाद 2 जून 1975 को मैंने रायपुर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में हिंदी विभाग में ज्वाइन किया ।तब डॉ, नरेन्द्रदेव वर्मा हिंदी के प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष थे।

25 जून को आपातकाल लगा। विज्ञान महाविद्याल का स्नातकोत्तर कला संकाय बन्द कर दिया गया।

हमने 'पहाती सुकुवा' नाट्य संस्था के बैनर तले उनके नाटक 'करमछहा' का मंचन किया! रायपुर के 'रंग मन्दिर' के नाट्यगृह में! रंगमन्दिर में मंचन के बाद कई गांवों में भी मंचन हुआ ।इसी नाटक को , छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद एम, ए, हिंदी साहित्य के एक छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य के प्रश्नपत्र में शामिल किया मैंने। बड़ा गुरुतर दायित्व था मुझ पर!

फिर क्या हुआ डॉ, बघेल के 4 थे नाटक का, जिसे वे मुझे देना चाहते थे?

आपातकाल खत्म होने के बाद। -केंद्र में बृजलाल वर्मा जी व पुरुषोत्तमलाल कौशिक जी मंत्री बन गए।

बाद में यह सरकार भी खत्म हो गयी। फिर कुछ वर्ष बीत गए ।अचानक मेरी खोज खबर लेने बृजलाल वर्मा जी सपत्नीक घर आये ।मेरे प्रति उन दोनों का स्नेह बहुत था ।चाय नाश्ता करने के बाद जाते-जाते अपने कुर्ते के बाजू वाले जेब से एक पुरानी स्कूल कापी निकालकर मेरे हाथ में देकर बोले '-सत्या , ये डॉ बघेल ने तुम्हें देने को कहा था !' व्यस्तता में भूल गया था। रखो। यह तुम्हारी थाती है। मैं जिम्मेदारी से मुक्त हो गया अब!'

फिर बोले'--काका की भूल को भूल जा बेटी!'

मैं चुप रही ! कॉपी रख ली। माथे से लगाई। 'गरकट्टा' नाटक ! स्कूल वाली साधारण कॉपी में उनके गोल गोल हस्ताक्षर ! मेरे लिए धरोहर !!

आलमारी में रखा हुआ वह नाटक ।अब प्रकाशित हुआ।

कैसे पश्चाताप करूं? विलम्ब से प्रकाश में लाने के लिए जितने दोषी बृजलाल वर्मा जी यह,उससे कहीं अधिक दोषी में हूँ। प्रकाशन में विलंब के लिए। परन्तु, ऐसा लग रहा है आज कि यह विलम्ब ठीक ही रहा।। क्योंकि किसान आंदोलन। चल रहा है । किसानों की समस्या पर लिखा हुआ नाटक गरकट्टा बिल्कुल समीचीन है।

मुझ पर असीम विश्वास करने वाले डॉ, बघेल! ममता उंडेलने वाले डॉ, बघेल,सामाजिक प्रगति की ऊर्जा भरने वाले डॉ, बघेल! उनके सारे रूप मुझे देखने को मिले ।आज उनके नाटक 'गरकट्टा' को प्रकाशन। व विमोचन करके मुझे बहुत हल्का लग रहा है ।एक ऋण था,जिससे उबर रही हूँ। अपने समय के पुरोधा,पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नद्रष्टा--डॉ, बघेल को उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन!!

## हमें तो बस डुबकी लगानी है

■ विनोद कुमार विक्की

जाम लगे या जान जाएं, हमें तो बस डुबकी लगानी है, कुछ इसी तर्ज पर जिसे देखो महाकुंभ में डुबकी लगाने को आतुर दिख रहा है।

'म' वर्ण से बनने वाले शब्दों अथवा घटनाओं के कारण 'म' से महाकुंभ 2025 कई मामलों में सुर्खियां बटोर रहा है। माया, महामाया, मनोहर एवं मनोरंजक मिश्रित दृश्य वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की विभिन्न कोटियां मनोवांछित मतलब के उद्देश्य से मेले में चलते, गिरते-पड़ते और भटकते हुए दिखाई दे रहे हैं।

'म' से मर्द, मेहरारू, महापुरुष, महिला, मामूली मानव, मठाधीश से मुख्यमंत्री तक, हर कोई संगम में तन को मन से गीला करने में लगा हुआ है।

कोई 'म' से मल या मैल धोने, कोई 'म' से मोक्ष प्राप्त करने, अथवा 'म' से मनोरथ सिद्ध करने, तो कुछ 'म' से मानव जीवन धन्य करने के लिए डुबकी पर डुबकी लगाए जा रहा है। इन मामूली मानवों से माननीयों के मंगलाचरण के लिए मिलियन की संख्या में, 'म' से मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति भी की गई है।


पाठकों को बता दें कि समुद्र मंथन से अप्सरा रंभा निकली थी उसी तरह महाकुंभ मंथन 2025 में 'म' से मनका (माला) बेचने वाली मलका(सुंदर स्त्री) का अवतरण हुआ है। 'म' से मोनालिसा का जादू महाकुंभ में ऐसा छाया कि कई लोग उसके साथ सेल्फी लेकर शाही स्नान वाला पुण्य प्राप्त कर लिए और कुछ अभी भी प्राप्ति में लगे हुए हैं।

इस महाकुंभ में 'म' से मत्सरी महात्मा अर्थात गुस्सैल साधु महाराज का भौकाल भी देखते ही बन रहा है। साइलेंट प्रवृत्ति वाले महात्मा का वाइलेंट मोड वाला वीडियो कब वायरल हो जाये यह महादेव को भी नहीं मालूम। बाबाजी के एट्टीट्यूड से ऐसा प्रतीत होता है कि तथाकथित महात्मा जी आम जन की तरह महंगाई, परिवार, रोज़गार अथवा राष्ट्रीय मुद्दे की चिंता से तनावग्रस्त हैं। रौद्र रुप धारण करते हुए आंतरिक मनोविकार को कभी किसी यूट्यूबर पर, तो कभी किसी अन्य पर थप्पड़, लाठी, चिमटा और त्रिशूल तान कर निकाल रहे हैं।

इसी बीच खबर आ रही है कि 'म' से ममता कुलकर्णी का महामंडलेश्वर बनने से कई लोगों का हाजमा खराब हो गया है। ऐसा लग रहा है कि सुंदरी से साध्वी बनने वाले कृत्य पर भले ही उनको राणाजी माफ कर दें लेकिन उनके फैंस और विरोधी कभी माफ नहीं करेंगे।

'म' से मौनी अमावस्या वाले दिन मचे भगदड़ के कारण मोक्ष की बजाय मृत्यु प्राप्त होने वाले दर्जनों श्रद्धालुओं ने न्यूज चैनल और राजनीतिक पार्टियों को सर्दियों में गरमागरम 'म' से मुद्दा उपलब्ध कराने में महती भूमिका निभाई।

'म' से मुसाफ़िर को महाकुंभ तक पहुंचने अथवा घर वापसी के लिए यात्रा के दौरान जो 'म' से मशक्कत करनी पड़ रही है, वह देखते ही बनती है। ट्रेन के अंदर घुसने के लिए एक-दूसरे पर बोतल का पानी फेंकना, धक्का-मुक्की करना, ट्रेन की बंद दरवाजे-खिड़कियों को पीटना, ट्रेन की बंद गेटों पर लटक कर रेलवे यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की जो तस्वीरें और वीडियो सामने आ रही है वह इस बात का प्रमाण है कि जनसंख्या के मामले में हम विश्व गुरु हैं और भीड़ जुटाने के मामले में हमारा कोई वैश्विक जोड़ीदार नहीं है। ओवरलोडेड ट्रेन अथवा बसों में सीट प्राप्त कर लेना लंबी दूरी के



श्रद्धालुओं के लिए शाही स्नान से कम नहीं माना जा रहा है। लंबी दूरी एवं लंबी अवधि वाले महाजाम के बीच गंतव्य तक पहुंच पाना मोक्ष प्राप्त करने से कम नहीं माना जा रहा है।

'म' से मज़े की बात यह है कि महाकुंभ की मजलिस में एक ओर 'म' से मक्कार प्रवृत्ति वाले मानव दूसरों का माल, मनी, मोबाइल चुराकर मालामाल बनने की जुगत में लगा हुआ है, तो दूसरी ओर छोटी-बड़ी गाड़ियों में सवार कुछ यात्री अमृत स्नान कर लौटते वक्त, तो कुछ अमृत स्नान को जाते वक्त दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण यमराज का मार्च क्लोजिंग वाला डाटा फ़रवरी माह में ही पूरा करने में सहयोग कर रहे हैं।

बहरहाल 'म' से महाजाम, मनोहारी और मदहोश करने वाले दृश्यों के बीच सोशल मीडिया पर तौलिया में स्नान को जाती हुई युवती अथवा बाबाजी के साथ सेल्फी लेती हुई देशी-विदेशी महिलाओं की कुछ अनसेंसर्ड तस्वीरें अथवा वीडियो भी सामने आ रही है, जिनके व्यूज को देखकर इस बात का आकलन किया जा सकता है कि मेटा के उपभोक्ता भी महाकुंभ के विभिन्न स्नानों में मानसिक गोता लगा रहे हैं।

### कोयल

अमुआ की डाली पर बैठी काली कोयल
मधुर बोल,बोल रही है बैठी काली कोयल।
मीठे-मीठे फल खाती है खाकर फिर फल गिराती है
सबको मीठी कर जाती है, बैठी काली कोयल
डाल-डाल पर डोलती रहती है,
काली रहकर भी कोयल मन की रानी है।
काली कोयल कूक रही डाल-डाल पर कूंद रही है।
मीठे-मीठे फल खाती हे, अमुआ की डाली पर झूल रही है।
काले रंग की रहती है, मधुर बोल बोलती है।
सदा मस्ती में झूमती है सादा जीवन जीती है।
कितनी प्यारी कोयल रानी काली रहकर भी मीठा बोल रही है।

### काम

काम करो काम करो जग में अपना नाम करो।
नाम नहीं काम बड़ा होता है,जग में नाम होता है।
कोई काम छोटा बड़ा नहीं होता है।
काम करने का अपना सबका एक ढंग होता है ।
वही काम इंसान का बड़ा होता है। - अनीता परोहा

### बोधकथा

मिट्टी ने मटके से पूछा- 'मैं भी मिट्टी तू भी मिट्टी, परंतु पानी मुझे बहा ले जाता है और तुम पानी को अपने में समा लेते हो. वह तुम्हें गला भी नहीं पाता, ऐसा क्यों?' मटका हंसकर बोला- 'यह सच है कि तू भी मिट्टी है और मैं भी मिट्टी हूं. पर मेरा संघर्ष अलग है. पहले मैं पानी में भीगा, पैरों से गूंथा गया फिर चाक पर चला कुम्हार के. थापी की चोट, आग की तपन को झेला. संघर्ष झेलकर पानी को अपने में रखने की ताकत मैंने पायी. मंदिर की सीढ़ियों पर जड़े पत्थर ने मूर्ति के पत्थर से पूछा- 'भाई तू भी पत्थर मैं भी पत्थर पर लोग तुम्हारी पूजा करते हैं और मुझे पैरों से रौंदकर, बिना ध्यान दिये चलते हैं. ऐसा क्यों? मूर्ति के पत्थर ने उत्तर दिया- क्या तू मेरे संघर्ष को जानता है? मैंने इस शरीर पर कितनी छैनियों के प्रहार सहे हैं, मुझे कई बार घिसा गया है, मार और संघर्ष की पीड़ा को सहकर ही मैं इस रूप में आया हूं. संघर्षों की भट्टी में तपकर ही 'जीवन' स्वर्ण बनता है.

प्रस्तुति : श्रीकांत कुलश्रेष्ठ

## शिवरात्रि और नटराज : जब अस्तित्व तांडव करता है

■ सचिन सिंह परिहार

यह कोई संयोग नहीं कि शिव को 'आदियोगी' कहा गया है। यह कोई संयोग नहीं कि उन्हें 'नटराज' कहा गया है। और यह भी कोई संयोग नहीं कि महाशिवरात्रि की रात उनके जागरण की रात मानी जाती है।

जब ब्रह्मांड में पहला कंपन हुआ, जब शून्य में पहली गूंज उठी, जब ऊर्जा ने गति पाई तभी तांडव प्रकट हुआ। यही नृत्य सृजन का कारण बना, यही नृत्य संहार का आधार बना, और यही नृत्य शिवत्व की पहचान बना।

शिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं है, यह एक जीवंत संभावना है एक ऐसी रात, जब अस्तित्व हमें आमंत्रित करता है कि हम अपनी सीमाओं को तोड़ें, अपने भीतर के नृत्य को खोजें, और स्वयं को शिवमय कर लें।


यह पूरा ब्रह्मांड एक सतत नृत्य है। हर कण, हर ग्रह, हर गैलेक्सी लगातार नृत्य कर रही है। हमारे भीतर की ऊर्जा भी निरंतर गति में है। यह गति, यह कंपन, यह लयबद्धता ही शिव का तांडव है। लेकिन यह केवल संहार का नृत्य नहीं, बल्कि सृजन, परिवर्तन और परम चेतना की ओर एक यात्रा है।

शिव कोई व्यक्ति नहीं हैं। वे कोई ऐतिहासिक पात्र नहीं हैं। वे केवल एक देवता नहीं, वे स्वयं अस्तित्व का सार हैं। शिव अनंत हैं, वे शाश्वत हैं। यदि हम अपने भीतर झाँक सकें, यदि अपनी सीमाओं से परे जा सकें, यदि जीवन के कंपन को महसूस कर सकें, तो हम पाएँगे कि शिव हमारे ही भीतर हैं। वे कहीं बाहर नहीं, बल्कि हमारी चेतना में समाहित हैं।

हमने नटराज की मूर्ति देखी है शिव का वह रूप जिसमें वे एक संतुलित मुद्रा में तांडव कर रहे हैं। लेकिन यह नृत्य केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि सम्पूर्ण अस्तित्व का प्रतिबिंब है। इस नृत्य में सृजन छिपा है, संहार छिपा है, मोक्ष छिपा है। जब शिव डमरू बजाते हैं, तो यह सृष्टि की उत्पत्ति का कंपन है। जब वे अग्नि उठाते हैं, तो यह संहार नहीं, बल्कि एक नए जन्म की तैयारी है।

जब वे अपस्मार (अहंकार और अज्ञानता) को पैरों तले दबाते हैं, तो यह मुक्ति की राह दिखाता है ।जब उनका एक पैर हवा में उठता है,तो यह दर्शाता है कि जो इस नृत्य को समझ ले, वह स्वयं भी मुक्त हो सकता है ।शिव का तांडव केवल विनाश का नृत्य नहीं, बल्कि जीवन का मूल सिद्धांत है। यह वही नृत्य है जो हमारे भीतर भी हर क्षण, हर पल हो रहा है।

यह पूरा ब्रह्मांड एक सतत नृत्य है। हर कण, हर ग्रह, हर गैलेक्सी लगातार नृत्य कर रही है। हमारे भीतर की ऊर्जा भी निरंतर गति में है। यह गति, यह कंपन, यह लयबद्धता ही शिव का तांडव है।



महाशिवरात्रि कोई साधारण रात नहीं होती। यह वह रात है जब पृथ्वी और चंद्रमा की स्थिति कुछ ऐसी होती है कि हमारे शरीर की ऊर्जा सहज ही ऊपर की ओर उठती है।

योगशास्त्र के अनुसार,इस रात में यदि शरीर को सीधा रखा जाए,तो ऊर्जा सहज रूप से सहस्त्रार (सर्वोच्च चक्र) की ओर बढ़ती है। यही कारण है कि ऋषियों और योगियों ने इसे जागरण की रात कहा। यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारे भीतर की ऊर्जा को जागृत करने का एक अवसर है।

यदि हम सच में सजग हों, यदि इस रात को सही तरीके से उपयोग कर सकें, तो यह रात हमारे भीतर एक अद्भुत परिवर्तन ला सकती है। यह रात एक संभावना है। यह रात एक साधना है। यह रात एक गति है, जो हमें हमारी सीमाओं से परे ले जा सकती है। यदि हम केवल कर्मकांड में उलझे रहेंगे, तो यह अवसर खो देंगे। लेकिन यदि इसे समझकर अनुभव कर सकें, तो यह रात जीवन की सबसे महत्वपूर्ण रात बन सकती है

यह केवल धार्मिक बात नहीं है,बल्कि विज्ञान भी इसे स्वीकार करता है। स्विट्जरलैंड स्थित ष्टश्वऋ्ह प्रयोगशाला जहाँ ब्रह्मांड के रहस्यों को खोजने का कार्य हो रहा है वहाँ भगवान नटराज की एक विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है। वैज्ञानिक मानते हैं कि ब्रह्मांड की संरचना शिव के तांडव से मिलती जुलती है।

क्वांटम फिजिक्स कहती है कि ब्रह्मांड में सब कुछ निरंतर गति में है हर कण, हर ऊर्जा, हर चेतना। ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती, यह केवल रूप बदलती है। यही तो शिव का तांडव है सृजन, संहार और पुनर्निर्माण।

शिव का तांडव केवल सृजन और संहार नहीं, बल्कि अनुग्रह (कृपा) का भी प्रतीक है। जब हम इस नृत्य को समझ लेते हैं, तो जीवन में समर्पण का भाव आ जाता है। तांडव हमें सिखाता है कि जीवन का हर परिवर्तन, हर हलचल, हर चुनौती सब कुछ एक लय में है। यदि हम इस लय के साथ बहना सीख लें, तो स्वयं शिवत्व को पा सकते हैं।

महाशिवरात्रि का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है यह रात हमें शिवत्व को अनुभव करने का अवसर देती है। केवल मंदिर जाकर कुछ रीतियाँ निभाने की आवश्यकता नहीं। केवल शिव के नाम का जाप करने से कुछ नहीं होगा।

सबसे ज़रूरी है इस रात को पूरी सजगता के साथ जीना। अपनी ऊर्जा को भीतर की ओर मोड़ें। अपनी सीमाओं से परे जाने का प्रयास करें।

अपने भीतर के शिव को खोजें। अगर हम ऐसा कर सके, तो हमें अनुभव होगा कि शिव केवल एक कल्पना नहीं, बल्कि एक जीवंत वास्तविकता हैं। वे हर जगह हैं, हर कण में हैं, और सबसे अधिक, हमारे भीतर हैं।

शिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, यह जीवन का उत्सव है ।शिव केवल संहारक नहीं, वे पुनर्जन्म के बीज भी हैं। शिव केवल एक विचार नहीं, वे एक अनंत संभावना हैं। इस शिवरात्रि, शिव को केवल बाहर मत खोजिए। शिव को अपने भीतर अनुभव कीजिए ।शिव को अपनी चेतना में जगाइए ।और जब यह अनुभव हो जाएगा, तो यह सत्य प्रकट होगा

'शिव ही शाश्वत हैं, शिव ही अनंत हैं।'

**'नमः शिवाय!'**

# सीबीआई और विजिलेंस की छापामारी से मचा हड़कंप

## ◎ यात्रियों से पूरे पैसे लेकर दी जा रही कम सामग्री, गोरखधंधे में रोक लगाने हो रही कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे में यात्रियों के साथ होने वाली भर्राशाही और अनुशासनहीनता पर सीबीआई टीम और रेलवे बोर्ड विजिलेंस ने शिकंजा कसना शुरु कर दिया है। इससे हड़कंप मचा हुआ है। यात्रियों से पेन्ट्रीकार में व स्टेशन में पैसे तो पूरे लिये जा रहे हैं परंतु यात्रियों को जो भी चाय कॉफी परोसी जा रही है वह सही मात्रा में नहीं दी जा रही है।

विगत कई दिनों से यह गोरखधंधा फल फूल रहा है। इसी पर रोक लगाने के उददेश्य से जयपुर मुम्बई एक्सप्रेस टीम ने गत दिवस छापा मार कार्रवाई करते हुए चौंकाने वाले तथ्य उजागर किये हैं।

**सीबीआई ने पकड़ी अनियमितताएं**– पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल के सवाईमाधोपुर में सीबीआई ने मंगलवार को अपनी टीम के साथ छापामार कार्रवाई की थी। यह कार्रवाई लगभग 14 घंटे तक लगातार जांच की गई। रेलवे बोर्ड दिल्ली की विजिलेंस और सीबीआई की संयुक्त टीम में लगभग 1 दर्जन अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। इन सदस्यों ने जयपुर मुम्बई सुपरफास्ट ट्रेन में छापामार कार्रवाई करते हुए पेन्ट्रीकार से गिलास जप्त किये। इन गिलास पर रेलवे का मोनो लगा था। इस मामले में पेन्ट्रीकार के कर्मचारी को भी उतारा गया। ठेकेदार द्वारा यात्रियों की मांग के अनुसार ही खानपान का प्रबंध करता है। एजेंसियों को यही भी शिकायतें मिल रही थी कि पेपर गिलास भी अमानक हैं।

इसी के साथ ही साथ एक दर्जन स्टॉल और लगभग 2 दर्जन ट्रालियों की भी चैंकिंग की गई। इन स्थानों से भी पेपर गिलास जप्त किये गये।

जांच एजेंसियों को यह पता लगा है कि सवाईमाधोपुर में ही निजी क्षेत्र में पेपर गिलास की फैक्टरी का गोदाम है। सीबीआई की टीम ने इस गोदाम मालिकों को तलाशने का प्रयास किया परंतु वह सभी यहां वहां भागने में सफल हो गए।

सूत्रों से प्राप्त खबर के मुताबिक सीबीआई को बहुत लंबे समय से इन संबंध में शिकयतें प्राप्त हो रही थी, इसी के चलते सीबीआई ने सक्रियता दिखाते हुए यह कदम उठाया है।

पमरे के कोटा मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि रेल यात्रियों को ट्रेनों की पेंट्रीकार से दी जाने वाली चाय का गिलास 170 एमएल का होता है परंतु 90 एमएल के गिलास के संबंध में शिकायतें प्राप्त हो रही थी। कई यात्री ट्रेनों में इस प्रकार के गिलास चढ़ाए जाते हैं जांच एजेंसी ने कार्रवाई करते हुए इसे जांच में लिया है। सौरभ जैन का कहना है कि कोटा मंडल की ओर से पेपर गिलास आपूर्ति का कोई भी ठेका किसी भी फर्म को नहीं दिया गया है।

इस गोरखधंधे में रेलवे के उपक्रम इंडियन रेलवे कैटरिंग एवं टूरिजम आईआरसीटीसी की भी मिली भगत का मामला हमेशा चर्चा में रहता है।


इसमें किसी भी प्रकार की रोक टोक लगाने का प्रयास किये जाने की फुर्सत किसी भी अधिकारी को नहीं है। इस प्रकार की गतिविधियां बीते कई दिनों से लगातार वे रोक टोक चल रही हैं, इस पर रोक लगाने के लिए कोई भी रेलवे अधिकारी आगे नहीं आता है। पमरे के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय और रेलवे स्टेशनों में यह चर्चा जोरों से है कि जो भी शक्तिशाली अधिकारी स्टेशनों में खादय सामग्री और चाय की गुणवत्ता और उसकी मात्रा की जांचे करने के लिए प्रयास करता है तो उसका भी मुंह नजराना देकर बंद कर दिया जाता है।

### पमरे विजिलेंस की कार्यप्रणाली चर्चा में

पमरे जोनल मुख्यालय जबलपुर में मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित दर्जनों कर्मचारियों की पदस्थापना के बाद भी इस टीम की कार्यप्रणाली केवल शून्य पर अटकी होने की चर्चा है। क्या यहां पदस्थ सतर्कता विभाग के कर्मचारी कोटा प्रवास पर जाते हैं तो क्या इनको इस प्रकार अनियमितताएं दिखायी नहीं देती।

रेलवे प्रबंधन के शीर्ष अधिकारियों को इस विभाग की टीम जिसने भी कोटा जाकर औपचारिकता दिखायी है ऐसे सभी कर्मियों के यात्रा भत्ता की रिकव्हरी की जानी चाहिये। पमरे के कोटा मंडल में यह चर्चा जोरों से है कि सतर्कता विभाग के अधिकारियों को अपनी मनचाही जगह पदस्थापना कराने से ही फुर्सत नहीं मिलती वहीं दिल्ली की टीम इतना बड़ा मामला पकड़ने में सफल हो जाती है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अल्प प्रवास पर डुमना आगमन आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार 2 मार्च को शाम 4.20 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आयेंगे। मुख्यमंत्री डुमना एयरपोर्ट में कुछ देर रूकने के बाद शाम 4.25 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा कटनी प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री का कटनी में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 6.25 बजे हेलीकॉप्टार द्वारा वापस डुमना एयरपोर्ट आगमन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 6.30 बजे डुमना एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।

# जबलपुर क्लॅब व्हालीबाल स्पर्धा 2025 में हुए तीन मैच



**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर क्लब एवं जबलपुर व्हालीबाल संघ के सहयोग से रेल्वे स्टेडियम व्हालीबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन जबलपुर क्लब के वरिष्ट सदस्य इन्द्रजीत सिंह (मंगी भैया) ज्ञान गोलछा, राजेन्द्र नारूला, बंशीलाल गुप्ता अध्यक्ष जबलपुर क्लब, अंचल सिंह गौर सचिव कमलेश रावत, प्रकुल जैन, प्रकाश शर्मा, ओमप्रताप सिंह, संजय उपाध्याय ने टीमों से परिचय प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में संचालन का दायित्व राष्ट्रीय रेफरी अशोक नामदेव मैच में आये अतिथि कु. नीलम चंसोरिया एडवोकेट (सचिव जबलपुर जिला व्हालीबाल संघ) एवं मोहन सिंह चंदेल, राजेश सोनकर, इंदिरा श्रीवास, केव्ही अग्रवाल, एसबी खान, नागेश राव, शैलेन्द्र, महेन्द्र सिंह चंदेल, पंकज कुशवाहा आदि सभी ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मैच के परिणाम – प्रथम मैच मण्डला विरूद्ध खण्डवा जिसमें मण्डला ने 25–13, 25 – 15 से जीत दर्ज की

दूसरा मैच जबलपुर क्लब विरूद्ध नर्मदा क्लब जिसमें जबलपुर क्लब 25–11 , 25–11 से जीत हासिल की

तृतीय मैच – सागर आर्मी विरूद्ध जबलपुर जॉब के बीच खेला गया जिसमें सागर आर्मी 25–11, 25–11 से जीत हासिल की। मैच के निर्णायक कमल जीत सिंह सैनी, शैलेन्द्र सोनी, जीपी, अरविंद डौंगरे, जीतेन्द्र श्रीवास, राजा बाबू सोनकर, प्रेम कुशवाहा, गुलाम वैध रहे एवं लाईनमेन की भूमिका नरेश रजक एवं सुजीत दाहिया ने निभाई।

# बीना एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों से होकर गुजरेगी ग्वालियर-इंदौर परीक्षा स्पेशल अनारक्षित ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु ग्वालियर से इंदौर के बीच परीक्षा स्पेशल अनारक्षित ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के बीना एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों पर ठहराव के साथ संचालित होगी।

ग्वालियर–इंदौर परीक्षा स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01825 ग्वालियर–इंदौर परीक्षा विशेष ट्रेन दिनांक 01 मार्च से 11 मार्च 2025 तक एवं 16 मार्च, 17 मार्च 2025 को ग्वालियर स्टेशन से दोपहर 13 बजे प्रस्थान कर, शाम 17 बजे बीना, रात 19 बजे संत हिरदाराम नगर और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन मध्य रात्रि 2 बजे इंदौर स्टेशन पहुंचेगी।

इंदौर–ग्वालियर परीक्षा स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01826 इंदौर–ग्वालियर परीक्षा विशेष ट्रेन दिनांक 02 मार्च से 12 मार्च 2025 तक एवं 17 मार्च, 18 मार्च 2025 को इंदौर स्टेशन से शाम 19 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मध्य रात्रि 15 बजे संत हिरदाराम नगर, भोर 3 बजे बीना एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 10.15 बजे ग्वालियर स्टेशन पहुंचेगी।

# इंडीगो की नई उड़ान का सांसद आशीष दुबे ने किया शुभारंभ



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर से भोपाल के बीच इंडिगो की नई उड़ान शुरू प्रारंभ हुई। इस प्रारंभिक उड़ान के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे।उन्होंने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी और राजधानी भोपाल के बीच एयर कनेक्टिविटी का दोनों नगरों के लोगों को फायदा होगा।

यह उड़ान फिलहाल सप्ताह में 3 दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध रहेगी। फ्लाइट भोपाल से शाम 6.50 बजे जबलपुर पहुंचेगी और जबलपुर से शाम 7.15 बजे भोपाल के लिए टेकऑफ कर रात 8.15 बजे भोपाल पहुंचेगी।

जबलपुर से भोपाल के बीच शनिवार को शुरू हुई इंडिगो की प्रारंभिक उड़ान का वाटर केनन सैल्यूट से जबलपुर के डुमना विमानतल पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद आशीष दुबे,गणमान्य जनप्रतिनिधी व एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी भी मौजूद थे। इसके पूर्व सांसद आशीष दुबे ने भोपाल जाने वाले यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान किये।पहली यात्री श्रीमती अरुणा विश्वकर्मा का सांसद श्री दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बोर्डिंग पास प्रदान कर और पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया वहीं आने वाले यात्रियों का भी पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।इस पहली उ?ान से भोपाल से 47 यात्रियों का जबलपुर आगमन हुआ और जबलपुर से भोपाल के लिए 60 यात्रियों ने भोपाल के लिए प्रस्थान किया।

सांसद आशीष दुबे ने जबलपुर से भोपाल के लिए बहुप्रतीक्षित उड़ान का स्वागत करते हुए कहा 78 यात्रियों की क्षमता वाले एटीआर विमान की उड़ान जबलपुर भोपाल के बीच संचालित होगी।

# खेलो इंडिया : संस्कारधानी की बेटियों ने 7 पदक जीते



**जबलपुर, देशबन्धु।** बैडमिंटन हॉल पेडेम स्पोर्टस कॉम्पलेक्स मापुसा बर्देज गोवा में सब जूनियर जूनियर एवं सीनियर पेंचक सिलाट खेलो इंडिया वूमेंस लीग वेस्ट जोन प्रतियोगिता 21 से 23 फरवरी तक आयोजित हुई जिसमें जिसे की खिलाड़ियों ने उत्तम प्रदर्शन करते हुए 3 रजत पदक 4 कांस्य पदक सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश को 49 पदक दिलाते हुए मध्य प्रदेश को द्वितीय स्थान दिलाने में जबलपुर के खिलाड़ियों की एहम भूमिका रही।

वेस्ट जोन से मध्य प्रदेश महाराष्ट्र राजस्थान गुजरात गोवा, दादरा और नगर हवेली दमन ओर दीव. से 300 महिला खिलाड़ियों औरअधिकारियों ने हिस्सा लिया।

पेंचक सिलाट एसोसिएशन जबलपुर के सचिव अशीष रैकवार ने बताया कि मप्र के विभिन्न जिलों के चयनित खिलाड़ी इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने अपने वर्ग समूह में भाषा मध्य प्रदेश से टीम में भाग लिये। प्रतियोगिता से पूर्व में 8 दिवसीय फ्री कोचिंग कैम्प का आयोजन किया गया। मुख्य कोच आशीष रैकवार विशाखा कोल अनुश्री द्वारा सभी खिलाड़ी को खेल की विभिन्न बारीकियों से अवगत कराया । खिलाड़ियों को खेल एवं कल्याण विभाग के अधिकारी आशीष पांडेय, एवं मध्यप्रदेश पेंचक सिलाट संघ के अध्यक्ष अबरार अहमद मध्य प्रदेश के महासचिव अभय श्रीवास, जिला संघ के अध्यक्ष मेलबिन पॉटर भाजपा जिला खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विक्की मिश्रा, क्रीड़ा भारती महानगर के उमाशंकर पटेल सुभाष माझी, कैलाश सिंह, विनोद पोददार प्रज्ञानंद स्कूल के डायरेक्टर प्रवीण सिंह ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शुभकामनाऐं एवं बधाई दी। प्रतियोगिता में पदक अर्जित किए खिलाड़ी इस प्रकार हैं, सब जूनियर वर्ग गंडा इवेंट निशिका दीप्ति भरोसे कांस्य पदक ,कनिका सिंघल कांस्य पदक सीनियर वर्ग टैंडिंग इवेंट ज्योति सैय्यम वजन 51 केजी कांस्य पदक रेगू इवेंट अनुश्री कुशवाहा रजत पदक रेगु इवेंट पिंकी कोल रजक पदक, रेगु इवेंट एवं टेडिंग विशाखा कोल वजन 50 किलो, रजत व कांस्य पदक, किंजल शर्मा 50 केजी एवं नैना चौधरी, 45 केजी इवेंट में सहभागिता प्रदान की।




# दंगाईयों को कड़ी सजा की मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर सिख संगत द्वारा शनिवार को होटल गुलजार में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में समाज के सदस्यों द्वारा एक स्व्र में 1984 के दंगों में दोषियों के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की गई। पूर्व मंत्री एवं विधायक हरेंद्र जीत सिंह बब्बू ने कहा कि उनके पिता, रांझी मे सेवादार महेंद्रपाल सिंह कोहली डिप्टी और गुलबदन सिंह कोहली लवली की हत्या भी इन्हीं दंगों के दौरान हुई। समाज के लोगों ने हालहीं में दंगों के मामले में सज्जन कुमार को दी गई आजीवन कारावास की सजा को फांसी मे बदलने की मांग की। एडवोकेट श्री रूपराह ने बताया की उनके दो घर दूर रहने वाले श्री केशरवानी ने दंगाइयों के आगे खड़े होकर लोगों की जान बचाई और उनके पड़ोसी श्री ठाकुर की पत्नी ने दंगाइयों को ललकार कर भगाया और उनसे कहा कि वे उनके भाई है। श्री रूपराह उस समय 23 वर्ष के थे। श्री रूपराह ने कहा कि पुरानी बातों को भुलाया जा सकता है लेकिन पुराने दोषियों को कड़ी सज़ा ज़रूर मिले और सज्जन कुमार को यदि अधिक उम्र के कारण मृत्य दंड ना मिले तो कम से कम पैरोल का लाभ भी ना मिले। वक्ताओं ने कहा कि दंगे के दौरान न सिर्फ संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया बल्कि धार्मिक स्थलों को भी नुकसान पहुंचाया गया।



# रविगुप्ता बने महाकोशल चेम्बर के अध्यक्ष

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री के सत्र 2025–2027 के चुनाव में रवि गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया। पैनल के समस्त प्रत्याशियों को मुख्य चुनाव अधिकारी सी.ए. राकेश खण्डेलवाल तथा सहायक चुनाव अधिकारी सी.ए. सुकेश कुमार ने निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की। घोषणा उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के स्वागत एवं बधाई के क्रम में विभिन्न व्यापारिक एवं औद्योगिक संघों से पधारे पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुष्पहारों से स्वागत किया। रवि गुप्ता पैनल के चुनाव संचालन समिति के राजेश चंडोक, अनुराग जैन गढ़ावाल, राजा सराफ, मेवालाल छिरौल्या, अनिल जैन पाली ने उपस्थित सभी संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को इस ऐतिहासिक जीत में समर्थन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।




# गंदगी करने और कचरा में आग लगाने पर लगाया 5 हजार का जुर्माना




**जबलपुर, देशबन्धु।** गंदगी करने और एकत्रित कचरे में आग लगाने वालों के विरूद्ध पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन अधिनियम के तहत् निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव को सूचना मिली थी कि गौमाता चौक स्टेडियम के पास स्थित रिशु एजेंसी द्वारा कचरा में आग लगाई गयी है और उनके इस कृत्य से स्वच्छता अभियान प्रभावित होने के साथ–साथ पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। जिसके कारण निगमायुक्त ने रिशु एजेंसी संचालक के विरूद्ध कार्रवाई करने स्वास्थ्य विभग के उपायुक्त संभाव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल और संबंधित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव को निर्देशित किया कि संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। निगमायुक्त के निर्देशों का पालन करते हुए उक्त अधिकारियों ने गंदगी फैलाने एवं कचरा जलाने वाले गौमाता चौक स्टेडियम के पास स्थित रिशु एजेंसी पर 5 हजार का जुर्माना लगाया और चालानी कार्रवाई की गयी।

उन्होंने बताया कि मुख्यालय अन्तर्गत सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड में स्टेडियम के पास रात्रि कालीन में एक मेडिकल एजेंसी के कर्मचारी द्वारा रात में कचरा बाहर फेककर उसमें आग लगाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिस पर सुबह होते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दुकान पर दबिश दी और संचालक के खिलाफ कचरा गंदगी करते पाये जाने और कचरा जलाने पर 5 हजार रुपये का स्पाट फाइन किया गया और हिदायत दी गई कि दुबारा ऐसी गलती न करें। कार्यवाही के समय सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, सी.एस.आई. संदीप पटेल, सुपरवाइजर देवदास, अनिल आदि उपस्थित रहे।




**बकायादारों के विरूद्ध नगर निगम ने दिखाई सख्ती**–नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार राजस्व वसूली अभियान को लेकर करदाताओं के विरूद्ध सख्ती प्रारंभ कर दी गई है। एक साथ सभी 16 संभागों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 48 बड़े बकायादारों के विरूद्ध बकाया करों की राशि जमा कराने सम्पत्ति कुर्क करने की ताबड़तोड़ कार्रवाई की गयी वहीं इस कार्रवाई को और सख्त करने तथा बकायादारों के नाम सार्वजनिक करने की कार्रवाई संबंधी तैयारियाँ जोरों पर है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि अब समय नहीं है लक्ष्य प्राप्ति के लिए बड़ी कार्रवाईयाँ की जायेगी इसके लिए सभी संभागीय अधिकारियों को अपने अपने संभाग के अंतर्गत रोड मैप तैयार करने के सख्त निर्देश दिये गए है। निगमायुक्त के सख्त निर्देशों के उपरांत राजस्व अमलों ने अभियान को गति देने की दिशा में कार्रवाईयाँ शुरू कर दी है, जिसके परिणाम स्वरूप आज संभागों में वसूली अभियान के अंतर्गत बकाया करों की राशि जमा करने वाले करदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है।


**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 90

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 110

छोटा ब्रॉयलर - रु. 122

मो.- 9039925999

**J.B.F.A**

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 126

मुर्गा मीडियम - रु. 114

मुर्गा बड़ा - रु. 94

मुर्गा जम्बो - रु. 94

मो.-9039925000, 9425800409

FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888

CALL BOOKING 0761-4069888 4069889

समदड़िया सिनेमा




CHHAAVA: 09:30AM 11:00AM 12:30PM 02:00PM 03:15PM 04:15PM 05:15PM 06:30PM 08:00PM 09:15PM 10:00PM 11:00PM

CRAZXY: 09:30AM 12:30PM 02:30PM 04:30PM 09:00PM

SUPERBOYS Of Malegaon: 10:00AM 02:00PM 06:30PM 10:45PM

MERE HUSBAND KI BIWI: 11:30AM 07:15PM

Excellence in Education, Excellence in Life

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL

(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )

ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-25

Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities

Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games

राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट

Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL

अब पाइये चश्मे से छुटकारा मात्र कुछ सेकेण्ड्स में

Teneo- 2 तकनीक से इलाज

TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित

आज ही विजिट करें

9165108121 janjyotieyehospital.com

1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

# फैमिली ड्रेसिंग स्टाइल में कस्टोमाइजेशन ट्रेंड, वेडिंग सीजन में न्यू कॉन्सेप्ट फॉलो कर रहे सिटीजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** वेडिंग सीजन चल रहा है। ऐसे में सिर्फ ब्राइड एंड ग्रूम की नहीं, बल्कि पूरी फैमिली के बीच कस्टोमाइज ड्रेसेज का ट्रेंड चल रहा है। शहर में कस्टोमाइजेशन का ट्रेंड अब तक ज्वेलरी और फैशन स्टाइल में नजर आता रहा है, लेकिन अब अधिकतर वेडिंग में कस्टोमाइज ड्रेसेज नजर आ रही हैं। इसमें दूल्हा और दुल्हन के साथ-साथ सिब्लिंग्स और अदर मेंबर भी मैचिंग ड्रेसेज पहनने पर फोकस कर रहे हैं।

**खुद ही सजेस्ट करते डिजाइन**- सिटीजन में वेडिंग सेरेमनी के लिए ड्रेसेज में सेल्फ डिजाइन पर फोकस कर रहे हैं। दरअसल फैशन और ड्रेसेज के मामले में पहले लोग एक्सपर्ट से सजेशन लेना पसंद करते थे, लेकिन अब वे खुद ही ड्रेसेज को डिजाइन फिक्स करते हैं। वे अब लहंगा, गाउन और दूसरी चीजें लोग खुद की चॉइस के अनुसार स्टिच करवा रहे हैं। यदि उन्हें कोई गाउन और लहंगा पसंद भी आ रहा है, जो उसे सिम्पल फॉर्मेट से डिजाइनर में खुद को चेंज कर रहे हैं। पुरानी साड़ी का नया लुक इन दिनों ओल्ड ड्रेसेज को रिमोल्ड करने का ट्रेंड भी है। ऐसे में पुरानी वेडिंग ड्रेस को न्यू कंट्रास के साथ कैरी किया जा रहा है। यह रॉयल के साथ लोगों को भावनाओं से जोड़ने का काम भी कर रहा है। इसके साथ ही वेडिंग कस्टोमाइजेशन की कैटेगरी में ब्लाउज डिजाइन और स्लीव्स पर एक्स्ट्रा फोकस किया जा रहा है।

**पेस्टल, पिंक एंड गोल्डन की डिमांड**- फैशन डिजाइनर्स का कहना है कि अब लोगों को एक्सपेरिमेंटल ड्रेसेज और डिजाइन पसंद आ रहे हैं। सेलिब्रेटीज से इंस्पायर कलेक्शन के लिए ज्यादातर ब्राइड सेशन में पेस्टल लुक चाहती हैं। रेड, वाइन और पिंक कलर में पेस्टल डिजाइन का इनोवेशन कर ड्रेसेज को खूबसूरत बनाया जा रहा है।



न्यू एज फैशन ट्रेंड- सेलिब्रेटीज लुक से इंस्पायर कलेक्शन हो रहे सिटी बुटिक्स तैयार, दिल्ली-मुम्बई से भी ऑर्डरिंग

# इस्लाम धर्म के पवित्र माह रमज़ान का शुभारम्भ आज से

**जबलपुर, देशबन्धु।** शुक्रवार को रमजान माह का चांद नजर नहीं आया। मुस्लिम धर्मावलबियों का पवित्र माह रमजान का शुभारंभ आज रविवार से हो रहा है। इसके लिए मस्जिदों और मुस्लिम बहुल इलाकों में आकर्षक साज-सज्जा की गई है। बहोराबाग में परपरागत मीनाबाजार की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। आज 2 मार्च को रमजान का पहला रोजा रखा जाएगा, जो 12.57 घंटे का होगा। पहले रोजा की शहरी रविवार सुबह 5.26 बजे होगी। मुफ़्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश डॉ. मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी ने सभी को रमजान की मुबारकबाद दी। शरीयत की पाबंदी के साथ रमजान में इबादत करने की हिदायत भी दी।

**मस्जिदों में बढ़ी रौनक** - नगर क मुस्लिम बहुल क्षेत्रों रमजान की तैयारी जोर शोर से जारी है। मस्जिदों में साफ सफाई, पुताई एवं बिजली के बल्बों को सुधारने बदलने का कार्य किया जा चुका है। मंडी मदार टेकरी स्थित जामा मस्जिद अहले कुरेश, नूरानी मस्जिद ठककर ग्राम, मस्जिदे हनफिया बहोराबाग, नगीना



**मस्जिदों और मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में आकर्षक सजावट**

मस्जिद गोहलपुर, मस्जिद अलफबेग मन्सूराबाद, यकिनिया मस्जिद ढलगर मुहल्ला,जामा मस्जिद ओमती, बंगाली मस्जिद नया मुहल्ला, जामा मस्जिद अंधेरदेव, औलिया मस्जिद, सहित छावनी क्षेत्र सदर तथा उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा रांझी में भी तैयारी की जा चुकी है। आज चाँद नजर आने पर नगर एवं उपनगरीय क्षेत्र की तमाम 100 से ज्यादा मस्जिदों व नमाजगाहों में रात्रिकालीन तरावीह की नमाज के दौरान इजाफा हो जाएगा। तरावीह मे हाफिज साहिबान पवित्र कुरान शरीफ का मुखाग्र पाठ करेंगे।

**शांति-सद्भाव से मनाएं पर्व**- मुस्लिम लीगल एड एंड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष शबाब खान,उपाध्यक्ष रिजवान खान, सचिव फिरोज अंसारी, कोषाध्यक्ष शेख अजीम,मासूम खान,शफी खान, जफर खान,रहीस खान, मो.आदिल, मोहतिसिम खान मोनू, मो.रहीस, मोइन खान,अशफाक अहमद ने पाक माह रमजान शरीफ के मौके पर शहर वासियों को मुबारकबाद देते हुए शांति - सद्भाव के साथ त्यौंहार मनाने की अपील की।

**रमजान मुबारक** - मुस्लिम समुदाय के वरिष्ठ हाजी कदीर सोनी, हाजी मकबूल अहमद रजवी, हाजी शेख जमील नियाजी, मतीन अंसारी, पप्पू वसीम खान, बाबा रिजवान, प्यारे साहब, अमीन कुरेशी, मतीन अंसारी, जमा खान मुबारक कादरी, सैय्यद कादिर अली कादरी, हाजी तौसिफ रज़ा, अकबर खान सरबर जवाहर कादरी आदि ने शहर वासियों को रमजान शरीफ की मुबारकबाद पेश की है।

# जीवन को सफल बनाने लेना चाहिए प्रकृति से प्रेरणा-नरसिंहदेवाचार्य

## लघु काशी पंचमठा में श्रीमद्भागवत कथा पुराण ज्ञान यज्ञ



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीकृष्ण जैसे जीवन में हर व्यक्ति को हर वस्तु व्यक्ति से अच्छे कार्य सीखना चाहिए बिना प्रेरणा लिए हमारा जीवन प्रेरणादायक नहीं बन सकता है। जिसमें कुछ सीखने की ललक होती है, वही कुछ सिखाने की काबिलियत भी रखता है। यदि हम लेना चाहें तो संपूर्ण प्रकृति प्रेरणा से भरी हुई है। प्रेरणा पर्वत से लेनी चाहिए जिसके मार्ग में अनेक आंधी और तूफान आते हैं पर उसके स्वाभिमान एवं मस्तक को नहीं झुका पाते। प्रेरणा लहरों से लेनी चाहिए जो गिरकर फिर उठ जाती हैं और अपने लक्ष्य तक पहुँचे बगैर रुकती नहीं। प्रेरणा बादलों से लेनी चाहिये जो समुद्र से जल लेते हैं और रेगिस्तान में बरसा देते हैं। प्रेरणा हमें वृक्षों से लेनी चाहिए, फल लग जाने के बाद जिनकी डालियाँ स्वतः झुक जाया करती हैं। प्रेरणा उन फूलों से लेनी चाहिए जो खिलते भी दूसरों के लिए और टूटते भी दूसरों के लिए हैं। जो व्यक्ति प्रेरणा लेना जानता है उसका जीवन एक दिन स्वतः प्रेरणा दायक भी बन जाता है। उक्त उद्गार जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने लघु काशी पचमठा गढ़ा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा पुराण सप्ताह के व्दितीय दिवस कहे। श्रीमद्भागवत कथा पुराण के व्दितीय दिवस श्रीराधा कृष्ण विग्रह, व्यास पीठ, नवग्रह षोडशोपचार पूजन अर्चना मनीषा अजय तिवारी. विभापरमानंद तिवारी. संजय तिवारी राजेन्द्र प्यासी अमरलाल तिवारी, रमाशंकर-श्रीमति रंजना कटारे, ब्रजकिशोर-विजयलक्ष्मी चौबे, प्रशांत-श्रीमति सुमन तिवारी, अनुराग-श्रीमति अल्पी तिवारी, सुनील-रितु शर्मा, विपुल श्रीमति नेहा कटारे, अभिषेक, अंशुल, अनुश्री विक्की, सोनम, अतुल, प्रशुन, अभिनव, हिमांशु शास्त्री उपस्थित रहे।

# स्वर्ण पदक के रूप में मिला वर्ष भर की मेहनत और लगन का प्रतिफल



**जबलपुर, देशबन्धु।** वर्षभर की मेहनत के लिए छात्राओं को पुरस्कार मिले। किसी को खेल प्रतिभा का सम्मान मिला, तो किसी को उत्कृष्ट छात्रा अलंकरण से नवाजा गया। छात्राओं के चेहरों पर गोल्ड मेडल की मुस्कान उनके भविष्य के नए सपनों को गढ़ रहे थे। उत्साह और उमंग से सजे माहौल में शनिवार को गवर्नमेंट होमसाइंस कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन ‘उल्लास’ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे, अध्यक्षता विधायक डॉ. अभिलाष पाडे, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीमा सिंह जुग्गी, प्राचार्य डॉ. समीर कुमार रहे। प्राचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को अहम बताया, इसके साथ ही छात्राओं को सशक्तिकरण की मिसाल कायम करने के लिए प्रेरित किया।

**वार्षिक गतिविधियों के लिए पुरस्कार**- समारोह में अतिथियों ने वर्षभर में छात्राओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों खेल-कूद प्रतियोगिता, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक, एनसीसी एवं एनएसएस एवं अन्य में राष्ट्रीय, राजकीय स्थानीय तथा महा विद्यालयीन स्तर पर विशेष योग्यता वाले कार्यों करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

**कुल 16 स्वर्ण पदक वितरित**- समारोह में कुल 16 स्वर्ण पदक वितरित किए गए। इसमें उत्कृष्ट छात्रा के रूप में जिज्ञासा जैन और प्रिया परवारी को बेस्ट कैडेट्स के रूप में पुरस्कृत किया गया।

इसी क्रम में इंजी एसएल कोरी की सफलता के दो आधार जिज्ञासा और व्यवहार और डॉ. आभा तिवारी की पारिवारिक परामर्श एवं कल्याण (बीएचएससी तृतीय वर्ष छात्रा के लिए) पुस्तक का विमोचन किया गया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं लाजवाब**- कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का रंग भी जमाया। इस दौरान लोकनृत्यों से समां बांधा, वहीं देश की कला और संस्कृति को जीवंत किया। आयोजन में स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. स्मिता पाठक, डॉ. साधना केशरवानी का सहयोग रहा।

# फेस्टिवल ऑफ लेटर्स में होंगे शामिल कवि विवेक



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी के कवि विवेक चतुर्वेदी साहित्य उत्सव साहित्योत्सव- फेस्टिवल ऑफ लेटर्स के लिए आमंत्रित किए गए हैं। यह आयोजन 7 से 12 मार्च तक दिल्ली में होगा, जिसमें देशभर के साहित्यकार शामिल होंगे। विवेक छवि, लय और सुंदरता का समुच्चय बहुभाषी कविता पाठ 10 मार्च को करेंगे। उन्हें स्त्रियां घर लौटती हैं कविता संग्रह से देशभर के पाठकों में पहचान बनाने में कामयाबी मिली है।

# दैनिक राशिफल

**रविवार 02 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की तृतीया, नक्षत्र- उ.भा.।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क-

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

# जीवन का श्रेष्ठ दान है रक्तदान



**जबलपुर, देशबन्धु।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उमंग शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की टीम ने थैलेसीमिया पैशेंट और गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए ब्लड कलेक्ट किया। कैम्प में 205 प्रतिभागियों ने रक्तदान किया। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, नोडल अधिकारी डॉ. ज्योति जुनगरे, एनसीसी ऑफिसर ले. डॉ. राहुल कुमार झारिया, आर्टिलरी रेजीमेंट से अनूप मिश्रा, विमल प्रजापति, अवधेश उईके, ओम बाथरी, शुभांशु वर्मा, साहिल पटेल, जतिन उईके, धनराज चौधरी, रेडक्रॉस सोसायटी से सुनील गर्ग, विक्टोरिया से डॉ. अनीता, डॉ. समता नायडू, डॉ. रीता घोष, डॉ. शिवचन्द्र वलके, सुरेश रजक, रणविजय मौजूद थे।

# नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन



**जबलपुर, देशबन्धु।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउण्टेंस ऑफ इंडिया की जबलपुर ब्रांच की नई समिति का गठन किया गया। इसमें नए सीए अध्यक्ष पद के लिए सीए कैलाश चंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीए चांदनी आहूजा, सचिव प्रणव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए रविकांत जैन, छात्र संगठन अध्यक्ष सीए तरुण पारवानी और कार्यकारिणी सदस्य संचित अग्रवाल को चुना गया। इस मौके पर सीए हेमंत लालवानी, सीए. शातुंन सिंह चौहान ने पदभार करवाया।

# बुन्देली कृति विमोचन एवं बुन्देली कवि गोष्ठी आज




**जबलपुर।** बुन्देली संस्कृति संगम द्वारा आज 2 मार्च को दोपहर 2.30 बजे से साहित्यकार जयप्रकाश श्रीवास्तव को बुन्देली एवं हिंदी की दो कृतियों का विमोचन एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया है । आयोजन के मुख्य अतिथि गुरु सक्सेना होंगे। अध्यक्षता डॉ हरिशंकर दुबे करेंगे। विशिष्ठ अतिथि प्रतुल श्रीवास्तव, गुप्तेश्वर गुप्त होंगे। बुन्देली समिति की अध्यक्ष प्रभा विश्वकर्मा शील ने साहित्यप्रेमियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# विधायक घनघोरिया ने नेत्रहीन बालिकाओं के साथ मनाया जन्मदिन

**जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र के विधायक , पूर्व केबिनेट मंत्री समाजसेवी लखन घनघोरिया ने अपने जन्मदिन की शुरुआत नेत्रहीन बालिकाओं के साथ केक काटकर की प्रातः विधायक अपने इष्ट मित्रों, कार्यकर्ताओं के साथ नेत्रहीन कन्या विद्यालय पहुंचे। बालिकाओं ने भजन के साथ स्वागत गीत गाए व जन्मदिन की शुभकामना भी गीत गाकर दी। .. विधायक ने शाला की छात्रा आकांक्षा का भी जन्म दिन था उसको बधाई दी व उसके साथ केक काटा शाला परिवार की ओर से सचिव रेखा विनोद जैन ने तिलक लगा शाल पहनाकर बधाई दी। तत्पश्चात विधायक लखन घनघोरिया ने बालिकाओं को खाना परोसा व साथ में भोजन किया विधायक ने अपने जन्मदिन की खुशी में बालिकाओं को वस्त्र वितरण किए व समिति में भी दान किया समस्त शाला परिवार ने लखन भैया के उज्वल भविष्य व लंबी आयु की मां नर्मदे से प्रार्थना की

# कवि सम्मेलन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रसंग संस्था के तत्वावधान में रविवार को रानी दुर्गावती कलावीथिका में कवि सम्मेलन आयोजित होगा। आयोजन में देशभर से आए कवि रचनापाठ करेंगे, वहीं इस दौरान नीलम झरिया की कृति कहानी संग्रह का लोकार्पण भी होगा।

# शिव महापुराण कथा 3 मार्च से

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री सिद्ध खेरमाई मंदिर गौरीघाट में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन 3 मार्च 25 से किया जा रहा है। कथा का वाचन पं. भगतदास तिवारी द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री गिरेंद्र कपूर**- कृष्णा हाइट्स गौरीघाट रोड निवासी श्री गिरेंद्र कपूर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनीता शर्मा**- न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री अर्जुन शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता शर्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री अजय चौधरी**- संजय नगर पोलीपाथर गौरीघाट रोड निवासी श्री चंद्रभान चौधरी के पुत्र श्री अजय चौधरी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम नारायण जाट**- पूर्वी बेलबाग कंजड़ मोहल्ला निवासी श्री राम नारायण जाट (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज सिंह**- न्यू कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री गंगाशरण सिंह के पुत्र श्री मनोज सिंह (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश बंशकार**- प्रेमसागर निवासी श्री होरी लाल बंशकार के पुत्र श्री राजेश बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री नरेश चंद्र शर्मा**- सुहागी सरस्वती स्कूल के पास निवासी नरेश चंद्र शर्मा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सोहन दुबे**- छुई मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री उमा शंकर दुबे के पुत्र श्री सोहन दुबे (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दीपक सोनी**- हजारीबाग झारखंड निवासी श्री दीपक सोनी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोशन ठाकुर**- अम्बेडकर कॉलोनी शांति नगर निवासी श्री रोशन ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम टहल यादव**- नर्मदा नगर चितरंजन वार्ड निवासी श्री राम टहल यादव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा जगताप**- शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्रव्वी महादेव राव जगताप की धर्मपत्नी श्रीमती आशा जगताप (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती केसर बाई रैकवार**- बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री छोटे लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती केसर बाई रैकवार (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश सक्सेना**- शिवनगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री राजेश सक्सेना (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री परमार सिंह मालवीय**- राइट टाउन केशव कुटि के पास निवासी श्री परमार सिंह मालवीय (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# भर्ती घोटाले मामले में सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिंगरौली में माइनिंग सरदार टी एंड एस, ग्रेड-सी की भर्ती प्रक्रिया में आपराधिक साजिश के तहत हुए घोटाले मामले में जबलपुर सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर ली है। घोटाले में तत्कालीन जीएम, प्रबंधक, एनसीएल के लोक सेवक अन्य पर गंभीर आरोप है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जबलपुर सीबीआई में की गई जिसमें आरोप लगाये गए कि माइनिंग सरदार के 88 पदों पर भर्ती के मामले में अधिकारियों और निजी व्यक्तियों, टीएंडएस, ग्रेड-सी ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया गया है।

इसके अलावा शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि एनसीएल ने भारतीयों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये थे। माइनिंग पद के लिए कुल 4594 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। सरदार, जिनमें से 3539 उम्मीदवार उक्त लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित हुए। सोनभद्र, वाराणसी, सिंगरौली और परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया। शिकायत में आगे आरोप लगाया गया है कि माइनिंग पद के लिए अधिकतम अंक 100 था




और न्यूनतम कट ऑफ मार्क्स सामान्य और ईडब्ल्यूएस के लिए 50 और 40 था। परीक्षा तिथि से एक दिन पहले अभ्यर्थियों को वाराणसी के एक होटल में केंद्र पर रखा गया, जिसमें 65 अभ्यर्थी आउट हुए।

चयनित 88 उम्मीदवारों में से वाराणसी केंद्र से थे, उक्त अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में 90 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की संख्या असामान्य रूप से अधिक है। अधिकतम 100 अंक और उनमें से कुछ का शैक्षणिक रिकॉर्ड औसत से कम है। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने पर 88 चयनित अभ्यर्थियों की सूची और एक अलग सूची परिणामी रिक्तियों को दाखिल करने के लिए 157 उम्मीदवारों की सिफारिश गठित की गई थी। एकल नामांकन के आधार पर मेसर्स एडमेन मल्टी स्टूडियों, ग्वालियर को 73,500 की डिजाइनिंग, प्रिंटिंग और सप्लाई का काम दिया गया।

भर्ती प्रक्रिया में तत्कालीन जीएम की भूमिका संदिग्ध रही। 88 में से 21 उम्मीदवारों को पद के लिए चुना गया था। माइनिंग सरदार, टी एंड एस, ग्रेड-सी के रिश्तेदार या तो सीआईएल या इसके में कार्यरत है। सहायक और अन्य 88 चयनित उम्मीदवारों में से 11 भटगांव के हैं। आगे यह भी खुलासा किया गया है कि चार्ल्स जस्टर, जीए, एनसीएल, सिंगरौली पहले एसईसीएल, मुख्यालय में कार्यरत थे और बिलासपुर (सीजी) और जिला-भटगांव (छत्तीसगढ़) में तैनात थे। इसके अलावा अन्य गंभीर आरोप लगे है। सीबीआई ने जिन्हें आरोपी बनाया है उसमें चार्ल्सजस्टर, महाप्रबंधक, जनशक्ति एवं भर्ती प्रकोष्ट, एनसीएल, मुख्यालय, प्रबंधक हर्षवर्धन मिश्रा अन्य शामिल है।

## चाकू की नोंक पर लूट करने वाले आधा दर्जन पकड़ाए

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत वृन्दावन नगर मोड के पास बदमाशों ने चाकू पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लूट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

माढ़ोताल थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने ताया कि दीपक कुमार रैकवार निवासी वृन्दावन नगर कंटगी रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गुरूवार रात्रि करीब 11.30 बजे वे मदरटेरेसा मेन रोड से लौट रहा था जैसे ही वृन्दावन नगर मोड के पास दो बाइकों से आधा दर्जन लेग उसके पास पहुंचे एक लडके ने चाकू अड़ाया और बोला अपना मोबाइल दे मोबाइल देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी दिया और तीन लडकों ने हाथ पकड लिये दो लड़कों ने मोबाइल जेब से निकालकर लूट



लिया और वहाँ से मोटर साईकिल में बैठकर भाग गये । भागते समय उसने एक बाइक का नंबर देख लिया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी करते हुए सागर बर्मन पिता राजेश बर्मन 19 वर्ष निवासी बजरंग नगर कमरेता थाना माढ़ोताल व अन्य पांच बालकों को पकड़ा। पकड़े गए लुटेरे किसी व्यक्ति को अकेला पाकर उसको चाकू अडाकर उसका मोबाईल व नगदी को छीन लिया करते थे। आरोपियों की निशादेही में घटना में प्रयुक्त चाकू , 2 मोटरसाईकिल व लूटा हुया मोबाईल जप्त किया गया है ।

## लोडिंग पिकअप वाहन ने महिलाओं को मारी टक्कर

### एनएच-30 पनागर में हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर थाना क्षेत्रांतर्गत एनएच-30 में एक तेज रफ्तार लोडिंग पिकअप वाहन ने पैदल जा रहीं दो महिलाओं को टक्कर मार दी। जिससे उन्हें चोटें आ गई। जिन्हें उपचार के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि हनुमानताल शारदा मोहल्ला निवासी 40 वर्षीय अजय नामदेव मजदूरी करता है, जो कि विकलांग है। बीते दिवस वह अपनी माॅ



जानकी नामदेव एवं परिचित की अरफाना बी के साथ गांधीग्राम बुढ़ागर अपनी जानकी नामदवे को आयुर्वेदिक उपचार कराने के लिये लेकर गया था। जहां से शाम को वापस आते समय सतना ढाबा के पास बस का इंतजार करते हुए पैदल चल रहे थे, उसी समय पीछे से आ रहे लोडिंग पिकअप क्रमांक एमपी 30 एलए 0775 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जानकी नामदेव व अरफाना बी को टक्कर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## बरगी डेम में नहाते वक्त डूबा युवक

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरगी डेम में नहाते समय एक युवक डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश कराई लेकिन देर शाम तक सुराग नहीं लगा। बताया जाता है कि युवक अपने मामा और दोस्तों के साथ प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के बाद कार से कर्नाटक बेंगलुरु वापस जा रहा था। रास्ते में डुमना वे में स्नान करने रूक गए थे।

जानकारी के मुताबिक लाल रंग की हुंडई कार क्रमांक केए 04 एमएल 5623 से अभिषेक 25 वर्षीय का मामा और दोस्तों के साथ प्रयागराज गया था जहां से वापिस लौटते समय उन्होंने कार पार्किंग में खड़ी की। इसके बाद अभिषेक बरगी डेम के नीचले वाले हिस्से में नहाने के लिए पानी में उतर गए। तैरते हुए कुछ आगे तक गया और पानी के तेज बहाव में बह गया। जब भांजे को डूबते देखा तो मामा ने चीख-पुकार मचाई लेकिन जब तक वे तेज बहाव में बह गया।

## हाईवे पर केला भरा ट्रक पलटा ड्राइवर क्लीनर बाल-बाल बचे

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर सिहोरा सड़क मार्ग पर कुशनेर के आगे हाईवे बाईपास सड़क पर शुक्रवार रात लगभग दो बजे केला लोड किए हुए बारह चक्का भारी ट्रक क्रमांक क्र.39,टी 5869 पलट गया।



प्राप्त जानकारी में ट्रक के ड्राइवर अनिल साकेत ने बताया कि ट्रक बेंगलुरु से केला लोड कर कानपुर ले जा रहे थे। पीछे से आ रही कार को साइड देने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर लगभग 10 फीट नीचे हाईवे की पटरी पर पलट गया। ड्राइवर को आंशिक चोट आई है गनीमत रही कि ड्राइवर और क्लीनर ट्रक पलटने के बाद रात के अंधेरे में बड़ी मुश्किल से सुरक्षित बाहर आ गए।

# धारदार हथियार से गला रेतकर महिला की हत्या

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा के ग्राम पौड़ा में अकेले रहने वाली महिला की शुक्रवार की रात घर के अंदर धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। महिला की हत्या से गांव में दहशत व सनसन्नी का माहौल व्याप्त है।

एसडीओपी पारूल शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पौड़ी में निवासी पुट्टन बाई कोल उम्र 50 साल घर में अकेले रहती थी। उसके पति प्यारेलाल कोल की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है। बेटा ईट भट्टा में रहकर काम करता है। महिला अपने पालन पोषण के लिए मजदूरी का काम करती है। गांव में रहने वाली एक अन्य महिला के साथ वह रोजाना मजदूरी के



**सिहोरा के ग्राम पौड़ा में वारदात**

लिए जाती थी। शनिवार की सुबह साथी महिला पुट्टन बाई को लेने उसके घर पहुंची तो देखा की दरवाजा खुला हुआ है। अंदर जाकर देखा तो उसकी रक्तरंजित लाश पड़ी हुई थी। जिसकी सूचना उसने तत्काल मृतिका के बेटे महेन्द्र को दी। बेटे ने घर पहुंचने के बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस अपने साथ एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम लेकर मौके पर पहुंची गयी थी। डॉग स्क्वायड की टीम स्टेडियम तक पहुंची, लेकिन इसके बाद डॉग आगे नहीं जा सके। महिला की हत्या धारदार हथियार से गला रेतकर की गई है। पुलिस के द्वारा घटना के संबंध में मृतिका के करीबियों और परिचितों से पूछताछ कर रही है। लोगों ने रात लगभग दस बजे आसपास के महिला को घर के बाहर देखा था। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

## पंचवटी घाट के पास मिली महिला की लाश

**जबलपुर,देशबन्धु।** महाराष्ट्र से नर्मदा परिक्रमा वासियों के साथ महाराष्ट्र से जबलपुर आई एक महिला हादसे का शिकार हो गई थी तिलवारा थाना अंतर्गत न्यू भेड़ाघाट में गुरूवार दोपहर करीब 12 बजे पूजा करने पहुंची महिला तेज बहाव में बह गई थी। महिला की तलाश के लिए गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था लेकिन उसका उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग रहा था शनिवार को पुनरू उसकी तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया जिसक बाद उसकी लाश पंचवटी घाट के पास उतराती मिल गई। विदित हो कि नर्मदा परिक्रमा वासियों के साथ महाराष्ट्र निवासी सुमन बर्मन 45 वर्षीय की न्यू भेड़ाघाट पहुंची थी। गुरूवार दोपहर करीब 12 बजे जब वे पूजन कर रही थी तभी उनका पैर फिसल गया और वे तेज बहाव में बहने लगी। महिला के साथियों ने उसे बचाने की कोशिश करते हुए चीख पुकार मचाई लेकिन जब महिला देखते ही देखते गहरे पानी में डूब गई थी गोताखोरों की सहायता से महिला की तलाश कराई जा रही थी।

## मेट्रीमोनियल साइट में आर्मी का डॉक्टर बताकर ऐंठे तीन लाख

### युवती की शिकायत पर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जबलपुर,देशबन्धु।** मेट्रीमोनियल साइट में खुद को आर्मी का डॉक्टर बताते हुए युवती से तीन लाख रूपये ऐंठने का मामला सामने आया है। शादी के नाम पर लगातार रूपये की मांग किये जाने पर युवती को शक हुआ और उसने पतासाजी करने के बाद हनुमानताल थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

हनुमानताल थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी हरिशंकर कौरव मूलत नरसिंहपुर जिले का निवासी है और जबलपुर स्थित एक निजी अस्पताल में कार्यरत है। विवाहित होने के बावजूद भी उसने मैट्रिमोनियल साइट में हरिशंकर विश्वकर्मा के नाम पर अकाउंट बनाया था। साइट के माध्यम से उसने निधि विश्वकर्मा के नाम युवती से बातचीत प्रारंभ की। उसने युवती को बताया कि वह आर्मी में डॉक्टर है। उसने आर्मी में डॉक्टर पद पर नियुक्ति-पत्र,पेन कार्ड व आधार कार्ड भेजे थे,जो फर्जी थे।

दोनों के बीच विगत आठ माह से बातचीत हो रही थी। इस दौरान आरोपी ने शादी के नाम पर युवती से तीन लाख रूपये ऐंठ लिए थे। इसके बाद भी वह युवती से रूपये की मांग कर रहा था। लगातार युवक की मांग किये जाने से युवती को संदेह हुआ और उसने आरोपी के संबंध में पतासाजी प्रारंभ की। आरोपी के संबंध में सभी जानकारी प्राप्त करने के बाद युवती ने उसके खिलाफ हनुमानताल थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## तेज आवाज में डीजे बजाने वाले पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी पुलिस ने मुंडी टोरिया क्षेत्र में प्राची किराना दुकान के पास बिना अनुमति तेज आवाज में डीजे बजाने वाले संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 26 वर्षीय गोलू कोल बिना अनुमति तेज आवाज में डीजे साउंड बॉक्स बजा रहा था। जबकि इन दिनों बच्चों की परीक्षाएं चल रहीं है, जिससे रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 नग साउण्ड बाक्स, एक स्टूडियो मास्टर कम्पनी का एम्पलीफायर, 2 लीड जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध म.प्र.कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की।

## गुप्तेश्वर में युवक पर प्राणघातक हमला

### आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरखपुर थाना अंतर्गत आपसी रंजिश के कारण एक युवक पर तलवार से प्राण घातक हमला कर दिया गया। युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। दोनों आरोपी फरार है,जिनकी सरगर्मी से तलाश जारी है। आरोपियों में एक नाबालिग बताया जा रहा है। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्तेश्वर निवासी आदर्श कोरी उम्र 24 साल का क्षेत्र में रहने वाले अमन चक्रवर्ती विवाद चल रहा था। विवाद के कारण गत रात लगभग 11 बजे अमन चक्रवर्ती व उसके एक अन्य साथी ने अमन को रोककर गाली-गलौज प्रारंभ कर दी। जिसका विरोध करने पर दोनों ने उस पर तलवार से हमला कर दिया। आरोपियों ने उसके सिर पर तलवार से प्रहार किया था। युवक के हाथ से तलवार को पकड़ लिया,जिसके कारण उसकी गदेली बुरी तरह से कट गयी। युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश प्रारंभ कर दी है। आरोपियों के संभावित ठिकानों में दबिश जारी है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी पुलिस ने शोभापुर-मड़ई रोड पर घेराबंदी कर शराब तस्करी कर रहे एक आरोपी को दबोचा। पुलिस ने आरोपी 25 वर्षीय संदीप वंशकार निवासी बल्दीकोरी की दफाई घमापुर को हिरासत में लिया है। जिसके पास से स्कूटी में मिली दो बोरियों से पुलिस ने 330 पाव देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब व स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेडई-9701 को जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की।



# दूसरा निकाह करने पर पहली पत्नी को भरण-पोषण राशि दें

## कुटुम्ब न्यायालय का राहत कारी आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** कुटुम्ब न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश मुकेश कुमार दांगी की अदालत ने दूसरा निकाह करने वाले पति को पहली पत्नी के हक में भरण-पोषण राशि प्रदान करने का राहतकारी आदेश पारित किया है। यह राशि प्रत्येक माह की 10 तारीख तक देनी होगी। पत्नी चाहे तो ई-बैंकिंग वाले राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खुलवा कर उसका विवरण दे सकती है। जिसके बाद उसके बचत खाते में भरण-पोषण राशि पहुंचने लगेगी।

आवेदिका सोनबाई की गली शास्त्री वार्ड आंगनबाड़ी केंद्र के बाजू से निवास करने वाली तनवीर बानो की ओर से दलील दी गई कि आवेदिका का निकाह ग्राम मैली, कटंगी रोड सिवनी निवासी आसिफ अली के साथ 25 फरवरी 2018 को मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। वर्तमान में आवेदिका अपने दो बच्चों के साथ पृथक निवास कर रही है। उसका आरोप है कि निकाह के बाद मेंहदी का रंग उतरने के पूर्व ही ससुराल पक्ष द्वारा मेहमानों के समक्ष आपत्तिजनक व्यवहार किया जाने लगा था। दैनिक घरेलू कार्य कराये जाने लगे थे। पति अपनी बहन के साथ मिलकर अपमानजनक व्यवहार करता था। ससुर का रवैया भी अनुचित था। पति से शिकायत पर उल्टी फटकार लगा दी जाती थी। बीमार मां तक से मिलने जाने नहीं दिया गया। इसलिए वह अलग रहने लगी है। उसे भरण-पोषण राशि की दरकार है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि पति ने दूसरा निकाह कर लिया है। उसके फर्नीचर के दो शोरूम हैं, जिनके काफी आमदनी होती है। अदालत ने तर्क से सहमत होकर आवेदिका के हक में राहतकारी आदेश पारित कर दिया।




## अवमानना याचिका की लागत वसूलने की चेतावनी के साथ दिया था तीस दिनों का समय कलेक्टर भोपाल ने नहीं किया आदेश का पालन

**जबलपुर,देशबन्धु।** कलेक्टर भोपाल के द्वारा हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किये जाने चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में दूसरी बार अवमानना याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस ए के सिंह ने याचिका की सुनवाई करते हुए कलेक्टर को आदेश दिया है कि दस दिनों के अंदर पूर्व में पारित आदेश का पालन किया जाये। आदेश का पालन नहीं होने पर कलेक्टर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें।

भोपाल निवासी अधिवक्ता अरविंद वर्मा की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण मध्य प्रदेश ने कलेक्टर भोपाल के माध्यम से लगभग रूपये प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत ब्याज के साथ बिल्डर के खिलाफ आरसीसी साल 2020 में जारी की गयी थी। कलेक्टर द्वारा जारी आरआरसी का निष्पादन नहीं किये जाने के खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने याचिका का निराकरण करते हुए 60 दिनों में आरआरसी के निष्पादन के आदेश कलेक्टर भोपाल को जारी किये थे। निर्धारित समय अवधि गुजर जाने के बावजूद भी कलेक्टर भोपाल ने जारी आरआरसी का निष्पादन नहीं करवाया। जिसके कारण हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट ने आरआरसी के निष्पादन के लिए तीन दिनों का समय प्रदान करते हुए अपने आदेष में कहा था कि याचिकाकर्ता को दूसरी अवमानना याचिका दायर नहीं करना पडे। ऐसा होता है तो प्रथम व दूसरी अवमानना याचिका की लागत जिला कलेक्टर भोपाल से वसूली जायेगी। हाईकोर्ट की स्पस्ष्ट चेतावनी के बावजूद भी कलेक्टर भोपाल ने आदेष का पालन नहीं किया। जिसके कारण दूसरी बार अवमानना याचिका दायर की गयी है। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किये। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता कपिल दुग्गल तथा अधिवक्ता ध्रुव वर्मा ने पैरवी की।

## सरकारी भूमि का विक्रय करने पर अदालत ने लिया संज्ञान

### अनावेदक के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करने के आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भरत परमार की अदालत ने शासकीय भूमि का विक्रय कर राशि हड़प करने के मामले में संज्ञान लिया है। अदालत ने अनावेदक रांझी गोकलपुर निवासी रोहित कुमार नामदेव पिता नंदकिशोर नामदेव के खिलाफ धोखाधड़ी का आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिये है।

यह परिवाद अधारताल न्यू कंचनपुर निवासी राजेश श्रीवास्तव उर्फ सोनू की ओर से दायर किया गया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता जीएस ठाकुर व अरुण कुमार भगत व प्रखर श्रीवास ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि अनावेदक रोहित नामदेव ने मौजा भड़पुरा स्थित आठ सौ वर्ग फिट की शासकीय भूमि का सौदा परिवादी से किया और 28 जुलाई 2020 को विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित कर सात लाख बीस हजार रुपये प्राप्त कर लिये। जब परिवादी को जानकारी लगी कि उक्त भूमि शासकीय है तब मामले की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस पर यह परिवाद दायर किया गया। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## किसानों के खेतों में राखड़ की डंपिंग रोकने क्या उपाय किए

### हाईकोर्ट ने कलेक्टर सिवनी से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने झाबुआ पावर प्लांट से निकलने वाला फ्लाइएश (राखड़) को किसानों के खेतों में डंपिंग से रोकने को लेकर अब तक किये गये उपायों के सिलसिले में कलेक्टर सिवनी को जवाब पेश करने के निर्देश दिये हैं। एकलपीठ ने कलेक्टर को सोमवार तक इस संबंध में शपथ पत्र पेश करने कहा गया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि शपथ पत्र पेश नहीं हुआ तो कलेक्टर अगली सुनवाई के दौरान उपस्थित रहें।

शनिवार को मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता सिवनी निवासी रामगोपाल अर्जुले की ओर से अधिवक्ता विशाल बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जिले के घंसौर ब्लाक के रजगढ़ी गांव में झाबुआ पावर लिमिटेड के बरेला स्थित प्लांट से निकलने वाली राखड़ अवैध रूप से बगैर किसी अनुमति के उसके खेतों में डाली जा रही है। सैकड़ों ट्रक राखड़ डालने से उसके खेत की उर्वरक क्षमता समाप्त हो जाती है। पिछले साल भी उसके खेतों में जबरदस्ती फ्लाई एश डाली गई थी। याचिकाकर्ता ने इस बात की शिकायत तहसीलदार, कलेक्टर और एसपी से की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। शनिवार को सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से जवाब पेश कर बताया गया कि किसानों के साथ एग्रीमेंट के जरिए ही राखड़ खेतों में डाली जा रही है। इस पर कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए पूछा कि नोटराइज एग्रीमेंट का क्या मूल्य है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बड़े लोगों को फायदा पहुंचाने नये-नये तरीके निकाले हैं। जिसके बाद एकलपीठ ने उक्त निर्देश दिये।



## अगरिया गांव में मूर्ति लगाने के विवाद पर जान से मारने की धमकी

### बहुजन क्रांति मोर्चा ने एसपी को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा तहसील के ग्राम अगरिया के थाना मझगवां में गांव के लोगों ने जिला पंचायत से अनुमति लेकर गांव में संत रविदास जी की मूर्ति विरात 26 फरवरी को चबूतरा बनाकर स्थापित की गई है। अगले दिन 27/02/2025 को पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, सदस्य एवं पटवारी ने मिलकर संत रविदास जी की मूर्ति स्थापित करने वाले से वाद विवाद किया और जातिगत अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गांव के सवर्णों ने मूर्ति स्थापित करने वाले सुखचेन चौधरी को पटक के मारा और महिलाओं को भी गंदी गंदी गाली देकर कहां कि अगर इस मूर्ति को अलग नहीं किये तो तुमको जिंदा गाड़ देंगे तुम्हारे घरों में आग लगा देंगे तुम इस गांव में नहीं रहोगे इस तरह की धमकी दी गई और जातिगत अपमानित करते हुए गंदी गंदी गाली दी गई। इस घटना की शिकायत थाना मझगंवा में की गई तो पुलिस ने इस पर कोई कार्यवाही नहीं की इस घटना की शिकायत बहुजन क्रांति के संयोजक इंजीनियर प्रवीण गजभिये दादा ने एस.पी. सम्मत उपाध्याय से करते हुए ज्ञापन सौंपकर अनुसूचित जाति के लोगों को पुलिस सुरक्षा की मांग करते हुए धमकी वाले एस.सी./एसटी एक्ट के तहत कानूनी कार्यवाही करने की अपील की है। ज्ञापन देने में नीलू सोनकर, एड त्रिलोक सोनकर, एड. परमानंद साहू, रमन पटेल, विनय भगत, राहुल बौद्ध, आशीष चौधरी, इन्द्र कुमार पटेल, घनश्याम यादव, बैजनाथ कुशवाहा, रामकुमारी चौधरी, ललिता चौधरी, गीता चौधरी, कला चौधरी, मोनू चौधरी, सुखचेन चौधरी, मददू मरावी, ब्रजेश उइके के साथ अनेकों कार्यकर्ता ज्ञापन देते वक्त उपस्थित रहे।

## मालिक को बचाने बाघ से भिड़ गया पालतू जर्मन शेफर्ड, दे दी अपनी जान

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के विश्वविख्यात बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे भरहुत गांव में एक पालतू कुत्ते ने स्वामिभक्ति और बहादुरी की अनोखी मिसाल पेश की।



भरहुत गांव का युवक शिवम बड़गैया अपने पालतू जर्मन शेफर्ड कुत्ते के साथ घर के बाहर टहल रहा था, तभी अचानक जंगल से एक बाघ गांव में घुस आया और शिवम पर हमला करने के लिए झपटा। हालात को भांपते हुए जर्मन शेफर्ड ने अपनी जान की परवाह किए बिना बाघ का सामना किया। वह जोर-जोर से भौंकने लगा, जिससे बाघ कुछ देर के लिए स्तब्ध हो गया। हालांकि, थोड़ी देर बाद बाघ ने युवक को छोड़कर कुत्ते की ओर दौड़ लगा दी। कुत्ते ने बहादुरी दिखाते हुए बाघ से लड़ने की पूरी कोशिश की, लेकिन बाघ ने उसे जबड़े में दबाकर गांव के बाहर तक घसीट लिया।

कुत्ते की हिम्मत और संघर्ष को देखते हुए बाघ ने थक-हारकर उसे छोड़ दिया और जंगल की ओर लौट गया। इस बीच, कुत्ता गंभीर रूप से घायल हो गया था। मालिक शिवम तुरंत उसे जिला मुख्यालय लेकर पहुंचे, जहां पशु चिकित्सक ने उसका इलाज किया। हालांकि, गहरे जख्मों के कारण कुछ घंटों बाद कुत्ते ने दम तोड़ दिया।इस घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। जिसने भी इस स्वामिभक्त कुत्ते की बहादुरी की कहानी सुनी, उसने उसकी दिल से सराहना की। गांव वालों ने कहना है कि इस वफादार कुत्ते ने अपनी जान की परवाह किए बिना मालिक की रक्षा कर यह साबित कर दिया कि इंसान के सच्चे साथी वफादार जानवर ही होते हैं। हम आपको बता दें कि उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में इन दिनों बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसके चलते बाघ अब जंगल से रिहायशी इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं। इन घटनाओं के वीडियो भी आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं।

## परीक्षार्थियों ने रफ कार्य के पेज में लिखा आवेदन पत्र

### पांचवी के हिन्दी के प्रश्न पत्र में स्थानांतरण आवेदन पत्र के लिए मात्र 6 लाइन

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बोर्ड पैटर्न पर जारी कक्षा पांचवी का अंग्रेजी माध्यम का हिंदी विषय का प्रश्न पत्र शनिवार को दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हुआ। प्रश्नपत्र में प्रश्न क्रमांक 21 में मां के स्थानांतरण हो जाने पर स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र अपने प्रधान अध्यापक को लिखना था।



इसी प्रकार प्रश्न क्रमांक 22 में अपने मित्र को नई साईकिल लेने पर बधाई पत्र लिखना था जिसके लिए उत्तर पुस्तिका में मात्र छह लाइन ही दी गई थी, जिससे कक्षा पांचवी के परीक्षार्थी भ्रमित हो गए की प्रधानाध्यापक को स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए आवेदन पत्र छह लाइनों में कैसे लिखा जाएगा, बाद में केंद्रअध्यक्षों ,पर्यवेक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों को बताया गया कि उत्तर पुस्तिका में जहां पर रफ हेतु एक खाली पेज छोड़ा गया है वहां पर अवकाश का आवेदन का उत्तर लिखा जाए, इस प्रकार परीक्षार्थियों द्वारा रफ कार्य के पेज की खाली जगह में प्रश्न क्रमांक 21 का उत्तर अवकाश आवेदन पत्र लिखा गया। इसके बाद प्रश्न क्रमांक 22 में मित्र को नई साईकिल लेने पर बधाई देने वाला पत्र मजबूरी में परीक्षार्थियों को छह लाइन की संक्षिप्त जगह में लिखना पड़ा। विकासखंड सिहोरा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के परीक्षार्थियों का कहना है कि राज्य शिक्षा केंद्र को आवेदन पत्र के प्रश्न में एक पेज की जगह देनी चाहिए थी।

## सार-समाचार

### बिना जांच दर्ज न किए जाएं मामले

#### वन रक्षकों, वनपालों और उप वन क्षेत्रपालों के विरुद्ध दर्ज किए जा रहे गलत मामले

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** वन रक्षकों, वनपालों और उप वन क्षेत्रपालों के विरूद्ध कर्तव्य करते हुए अग्नि या दुर्घटनाएं होने पर भी पुलिस थानों में मामले दर्ज किए जाते है जबकि दण्ड प्रक्रिया की संहिता की धारा 197 के तहत वन अधिकारियो/कर्मचारियों को अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान आग्नेय शस्त्र का उपयोग/चालन करते है तो ऐसे मामलो में जिला दण्डाधिकारी द्वारा आदेशित दण्डाधिकारी जांच में यह सिद्ध नहीं हो जाता कि आग्नेय शस्त्र का उपयोग / चालन अनावश्यक अकारण अथवा आवश्यकता से अधिक बल प्रयोग करने के लिये किया गया है उसके पश्चात ही पुलिस थानों मे मामले दर्ज किए जाने चाहिए। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बल प्रयोग एवं शस्त्र प्रयोग के संबंधी नियमों के संबंध में,अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध अनुसंधान पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा समस्त अधिकारियों को स्मरण पत्र जारी किया गया है।

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी जिला प्रभारी रजनीश विश्वकर्मा,जिला संयोजक अटल उपाध्याय, सह संयोजक देवेंद्र पचौरी,नरेश शुक्ला, आलोक अग्निहोत्री, ब्रजेश मिश्रा, शहजाद सिंह द्विवेदी, ब्रजेश दीक्षित, निर्मल लोधी, रामदास बरकडे, बीरेंद्र तिवारी,मनोज सिंह, परस राम तिवारी, रविंद्र कुमार राय, राकेश कुमार वर्मा, दिल राज झारिया, मुकेश सिंह, योगेन्द्र मिश्रा, शैलेश गौतम,आदित्य पांडे,मनीराम पटेल, विनय नामदेव, अजय दुबे, रजनीश पांडे, संजीव उर्मलिया ने बिना जांच के वन अधिकारियों और कर्मचारियों पर मामला दर्ज ना किए जाने की मांग की है,इससे अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कर्तव्य का निर्वहन वन विभाग और शासन हित में कर सकेंगे।

### साईं मन्दिर गांधीग्राम के स्थापना दिवस पर साईं पालकी की शोभायात्रा का नगर हुआ भ्रमण




**गांधीग्राम, देशबन्धु।** सांई मन्दिर गांधीग्राम में साईं स्थापना दिवस पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांई मन्दिर संस्थापक मोहनलाल चौरसिया व कार्यक्रम प्रभारी आशीष आचार्य जी के संयोजन में सर्वप्रथम मन्दिर पुजारी नीरज पांडे व विद्वान पण्डित पौराणिक प्रद्युम्न नारायण त्रिपाठी द्वारा भगवान शिवलिंग व साईं बाबा की मूर्ति का महाअभिषेक व पूजन,दोपहर 3 बजे प्रसाद वितरण के बाद साँई पालकी में भगवान साँई बाबा की फोटो को सुसज्जित कर सजाया गया और गाजे बाजे के साथ साँई पालकी का साँई मन्दिर गांधीग्राम से विशाल जुलूस शोभायात्रा के रूप में क्रमश: बसस्टैंड, कमानिया गेट,बाजार स्थल होते हुए कूड़ा-कंजई तिराहा गांधीग्राम व ग्राम के प्रमुख मार्गों में घूमा लोगों ने साँई पालकी में साईबाबा के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि कालीन बेला में भगवान शिवलिंग व साँई बाबा की महाआरती में अनेक महिलाएं व पुरूष भक्तजन उपस्थित हुए।सायंकाल में मंच पर सांई मंदिर समिति द्वारा संचालक सांई मंदिर मोहनलाल चौरसिया को सांई स्मृति फोटो देकर पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।साथ ही बालक बालिकाओं के नृत्य कार्यक्रम का मंचन किया गया।

साँई बाबा पालकी शोभायात्रा में सरपंच श्रीमती राधा विवेक चौरसिया, जनपद सदस्य श्रीमति अनीता राजेश त्रिपाठी, चौरसिया समाज के वरिष्ठ हरि प्रसाद चौरसिया,ग्राम पंचायत सचिव अनिल दत्त तिवारी, मोहनलाल चौरसिया,आशीष असाटी आचार्य ,सुरेंद्र,महेंद्र नरेंद्र अभिषेक चौरसिया, हरि चौरसिया, भूपेन्द्र चौरसिया,रेडियो सिंगर सुनील दाहिया, भगत चौरसिया, मोतीलाल चौरसिया, किशनलाल असाटी, मनोज विश्वकर्मा,संजय चौरसिया, बालकृष्ण , लोकेश,लाला असाटी अभिषेक अरुण छोटे चौरसिया आदि उपस्थिति थे।

### समिति ने साड़ियों का किया वितरण

**बरेला, देशबन्धु।** एकल अभियान अंचल जबलपुर संच बरेला मासिक बैठक में उपस्थित नरेंद्र जी संभाग प्रमुख संच समिति अध्यक्ष से प्रतीक दुबे, संच सचिव सोनू सोनकर एवं जागरण संच समिति हरि कथा अध्यक्ष एवं रिछाई ग्राम पंचायत सरपंच आशीष शुक्ला अंचल प्राथमिक प्रशिक्षण प्रमुख गौतम यादव, संतोष ठाकुर , संच प्रमुख ज्योति ठाकुर एवं बरेला संच के समस्त आचार्यों कि उपस्थित में साड़ी वितरण समिति द्वारा किया गया।



## सिंगरौली में नर्स ने आग लगाकर की आत्महत्या

**सिंगरौली, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले एक 22 साल की नर्स ने घर के एक कमरे में खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। धुआं उठता देख पास में मौजूद युवती के माता-पिता मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर बेटी को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार जिले के विन्ध्यनगर थाना क्षेत्र के जयंत विन्ध्यनगर मार्ग में स्थित अभेद आश्रम के पास रहने वाली 22 वर्षीय पूजा कुशवाहा जो एनसीएल के नेहरू अस्पताल जयंत में नर्स के पद पर कार्यरत थी। शनिवार को उसने अज्ञात कारणों से अपने ही रूम में आग लागकर खुद को आग के हवाले कर दिया। जैसे ही घर से धुआं निकलने लगा, घर के पास के खेत मे काम कर रहे उसके माता पिता पहुंचे और दरवाजा तोड़कर देखा तो वह भी दंग गए। आग में जलकर पूरी से तरह से खाक हो चुकी अपनी बेटी को देखकर सहम गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नर्स ने ऐसा आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसे लेकर पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर एक तरफ जहां हड़कंप की स्तिथि बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर पुलिस मामले की हर एक पहलू को समझकर जांच करने की बात कर रही है। फिलहाल आत्महत्या नर्स ने क्यों इसकी वजह का पता नही चल पा रहा है।

## प्रयागराज जा रही कार ने बाइक को मारी टक्कर

### दो गंभीर घायल

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर सिहोरा हाईवे सड़क मार्ग के गोसलपुर थाने के आगे खजरी,भदम चौराहे पर शनिवार की शाम लगभग 4-30 बजे गोंदिया से प्रयागराज जा रही कार क्रमांक रू॥ 35,त्न2714 ने, उसी दिशा में सिहोरा की ओर जा रही बाईक क्रमांक स्न्ब्क20, क्व2718 को पीछे से टक्कर मार दी, कार की टक्कर लगते ही बाइक सवार , बाईक सहित गेंद की तरह उछलकर दूर जा गिरे, बाईक में सवार दो युवकों को गंभीर अवस्था में एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस थाना गोसलपुर से पुलिस और एम्बुलेंस एक साथ घटना स्थल पर पहुंचे, और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेज दिया है। कार को थाने ले जाया गया है।

कार में लोधी परिवार गोंदिया से प्रयागराज जा रहा था, जिसमें ड्राइवर सहित पांच लोग सवार थे।

## एसपी का स्टेनो 25 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**दमोह, देशबन्धु।** जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के स्टेनो त्रिलोक कुमार अहिरवार को लोकायुक्त सागर की टीम द्वारा शुक्रवार की शाम 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस मामले में लोकायुक्त सागर के निरीक्षक बीएम द्विवेदी ने बताया कि दमोह के देहात थाना अंतर्गत ग्राम इमलाई में अनुमति लेकर मुरम की खदान चलाने वाले सुमित सोनी निवासी ग्राम भोरासा थाना दमोह देहात वर्तमान निवास फुटेरा वार्ड 4 के द्वारा अनुमति लेकर खदान का कार्य प्रारंभ किया था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के स्टेनो त्रिलोक सिह द्वारा एक सप्ताह पूर्व उन्हें लगातार फोन कर बुलाया गया और कहां कि आपके द्वारा खदान का जो संचालन किया जा रहा है। इसके लिए पुलिस में पैसे लगेंगे। तब सुमित सोनी द्वारा कहा गया कि मैं तो नियम से अनुमति लेकर यह कार्य कर रहा हूं तो स्टेनो का कहना था कि खदान वैध हो या अवैध पुलिस को पैसा लगता ही है और उसके द्वारा 40 हजार रुपये महीने की मांग की गई थी। इस पर 30 हजार रुपये महीने में सौदा तय हुआ था। तीन दिन पूर्व पांच हजार रुपये दे दिए गए थे और शेष 25 हजार रुपये बाद में देने की बात तय हुई थी।

सुमित सोनी द्वारा इस बात की शिकायत लोकायुक्त सागर में किए जाने पर लोकायुक्त की टीम ने इस बात को योजना बद्ध तरीके से प्रथम चरण में रिकॉर्डिंग किए जाने के बाद शुक्रवार की शाम शहर के होमगार्ड ग्राउंड के फुटपाथ पर सुमित सोनी द्वारा स्टेनो को 25 हजार की शेष राशि दी गई। स्टेनो द्वारा यह राशि अपनी गाड़ी में रखवा ली और सुमित को यह कहते हुए रवाना कर दिया कि अब तुमसे कोई भी पुलिस का अधिकारी कर्मचारी नहीं बोलेगा। यदि कोई परेशान करे तो मुझे फोन करना, लेकिन जैसे ही त्रिलोक द्वारा इस राशि को हाथ में लिया तो तत्काल ही लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ कर कोतवाली ले गई और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की।

## परीक्षा के दौरान छत से गिरा प्लास्टर, छात्रा घायल

### सोहावल विकासखंड के हाई स्कूल इटवां का मामला

**सतना, देशबन्धु।** जिले की जर्जर स्कूलों की तरफ जिम्मेदारों द्वारा ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। शनिवार की दोपहर को एक ऐसा ही वाकिया सामने आया। परीक्षा दे रही छात्रा के ऊपर छत का प्लास्टर गिरा और वह घायल हो गई। यह घटना सोहावल विकासखंड के अंतर्गत आने वाली हाई स्कूल इटवां की है। वक्त के चालू दौर में बोर्ड परीक्षा चल रही हैं। हाई स्कूल होने के चलते इसे भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। बताया गया है जिस वक्त हादसा हुआ उस समय कक्षा आठवीं और पांचवी की परीक्षा चल रही थी। शनिवार को सुबह की पाली में बारहवीं की परीक्षा भी रही। दूसरी पाली में आयोजित परीक्षा के दौरान यह हादसा हुआ जिसमें परीक्षा दे रही छात्रा घायल हो गई। बताया गया है कि जिस कमरे की छत का प्लास्टर निकला है वह पुराना हो चुका है। जिसके वजह से अनायास ही छत की प्लास्टर निकल रही है। इस स्कूल में इस तरह का पहला हादसा है। इस हादसे से स्कूल प्रबंधन को आंगे सीख लेने की जरूरत है।



## नवजात बच्चों के इलाज में लापरवाही का आरोप, परिजनों ने किया हंगामा

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले की मेडिकल कॉलेज में नवजातों के उपचार को लेकर लापरवाही के दो मामले सामने आए हैं, जिसको लेकर परिजनों ने हंगामा किया और तोड़फोड़ कर दी। वहीं दोनों मामलों पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस से इसकी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।बताया गया कि बीती रात चार दिन के नवजात की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा करते हुए तोड़फोड़ कर दी।



वहीं, दूसरे दिन भी नवजात के उपचार में कोताही की बात को लेकर परिजनों ने हंगामा किया। दोनों ही मामले की शिकायत सोहागपुर थाने तक पहुंची है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार अमलाई क्षेत्र के झगरहा गांव से केवट परिवार द्वारा चार दिन के नवजात को लाकर 24 फरवरी को मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू में भर्ती कराया गया था। उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। बच्चे को वाईएप में रखा गया था। हालत में सुधार नहीं होने पर रात वेंटिलेटर में रखा गया, लेकिन रात 10 बजे उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने यह आरोप लगाते हुए हंगामा किया कि उपचार में लापरवाही बरती गई। परिजनों के साथ कई लोगों ने वार्ड के शीशे तोड़ दिए और ड्यूटी डॉक्टर व स्टॉफ से भी अभद्रता की। सूचना पर अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जिन्होंने मामले को शांत कराया। दूसरी घटना धनपुरी क्षेत्र से दो दिन पहले पीलिया पीड़ित नवजात को एनएससीयू में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने आरोप लगाया कि ड्यूटी में आने वाले डॉक्टर अलग-अलग तरीके से मर्ज बताते रहे और इलाज की बजाय रेफर की बात कहने लगे। इसी बात को लेकर हंगामा होने लगा। इस मामले में भी प्रबंधन को पुलिस की मदद लेनी पड़ी।

## अवैध कोयले से भरा वाहन जब्त, मामला दर्ज

**अनूपपुर, देशबन्धु।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हाई स्कू ल भाद के पास पुलिस ने रेड कार्यवाही कर पिकअप क्रमांक एमपी 65 जीए 1060 में अवैध तरीके से कोयला लोड़ कर उसका परिवहन किए जाने पर पकड़ते हुए आरोपी पिकप चालक सागर कुमार मिश्रा पिता जमुना प्रसाद मिश्रा उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम मौहरी (थानगांव) थाना बिजुरी के विरूध धारा 303(2), 317(5), 4/21 खान खनिज अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है।



मामले की जानकारी देते हुए भालूमाड़ा थाना प्रभारी संजय खलको ने बताया कि 28 फरवरी की रात लगभग 10 बजे मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम भाद में चोरी के कोयला का पिकअप के माध्य म से परिवहन किया जा रहा है, जहां सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान एवं अतिरिक्ता पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूररी के निर्देशन एवं एसडीओपी कोतमा आरती शाक्यी के मार्गदर्शन में टीम गठित कर रेड़ कार्यवाही की गई।

कार्यवाही के दौरान शासकीय हाई स्कूमल भाद में उक्तय पिकअप वाहन को रोका गया, जांच के दौरान पिकअप वाहन में 1.012 टन कीमती 10 हजार को कोयला लोड़ मिला।

उसे जब्तो करते हुए कोयला लोड़ पिकअप वाहन को थाना परिसर में खड़ा कराते हुए आरोपी चालक सागर कुमार मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में लिया गया है।

## स्कूटी की डिक्की से दो किलो गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बछौली में गांजा का अवैध परिवहन स्कू टी के माध्य म से किए जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्कू टी चालक को रोकते हुए स्कूछटी की डिक्की की जांच की गई। जहां डिक्की से 2 किलो गांजा मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी सुरेश यादव पिता स्व. तुलसी प्रसाद यादव उणअर 40 वर्ष निवासी ग्राम लोहसरा के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया ।

मामले की जानकारी देते हुए बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि 28 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर लोहसरा से ग्राम बछौली तरफ आने वाला है ।

जो अपने स्कूकटी की डिक्की में अवैध मादक पदार्थ गाँजा लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही ग्राम बछौली में घेराबंदी की गई, जहां सुरेश यादव पिता स्व. तुलसी प्रसाद यादव अपनी स्कूटी क्रमांक स्ब्क65स्6305 से अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते हुए मौके पर पाया गया। जिसके पास से 2 किलो गांजा बरामद हुआ । जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्या यालय में पेश किया गया।



## हथियारों के सौदे में शामिल हिजबुल्लाह कमांडर ढेर- इजरायल

**यरूशलम, (आईएएनएस)।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पूर्वोत्तर लेबनान में हवाई हमले में हिजबुल्लाह कमांडर मोहम्मद महदी अली शाहीन को मारने का दावा किया। आईडीएफ के मुताबिक यह ऑपरेशन गुरुवार शाम को हुआ। बयान में कहा गया कि खुफिया जानकारी के आधार पर इजरायली वायुसेना ने लेबनान के हरमेल शहर में शाहीन को निशाना बनाया। लेबनान के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, दो ड्रोनों द्वारा किए गए हमले में एक वाहन को निशाना बनाया गया, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक घायल हो गया। आईडीएफ के मुताबिक शाहीन, लेबनान और इजरायल के बीच युद्ध विराम समझौते के प्रभावी होने के बाद से, सीरिया-लेबनान सीमा पर हथियारों की खरीद में शामिल था। इसमें कहा गया, शाहीन हिजबुल्लाह की ज्योग्राफिकल यूनिट का एक महत्वपूर्ण शख्स था, जो बेका क्षेत्र के लिए जिम्मेदार था। वह हाल ही में सीरिया से लेबनान तक हथियारों की आवाजाही में शामिल था। बयान में कहा गया, उसकी हरकतें इजरायल के लिए खतरा पैदा करती हैं।

# जेलेंस्की-ट्रंप की तकरार में टूटा बड़ा खनिज सौदा, अमेरिका या यूक्रेन, किसे होगा नुकसान?

**वाशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की अमेरिका गए थे एक अहम खनिज सौदे पर मुहर लगाने लेकिन ये दौरा उम्मीदों के उलट टकराव और नाकामी का सबब बन गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वान्स के साथ उनकी बातचीत इतनी गरमा गई कि जेलेंस्की को बैठक छोड़कर बाहर आना पड़ा। उनके साथ गए यूक्रेनी प्रतिनिधियों को भी बैठक से निकल जाने का निर्देश दिया गया। इसके बाद जेलेंस्की तुरंत अमेरिका छोड़कर अपने देश के लिए रवाना हो गए। अमेरिका और यूक्रेन के बीच इस खनिज समझौते की चर्चा बीते कुछ दिनों से जोरों पर थी। यह सौदा खुद जेलेंस्की ने प्रस्तावित किया था, जिस पर ट्रंप की भी दिलचस्पी थी। दरअसल, यूक्रेन दुर्लभ खनिजों का बड़ा स्रोत है और अमेरिका की नजर खास तौर पर उन खनिजों पर थी, जिनका उपयोग रक्षा और हाई-टेक इंडस्ट्री में किया जाता है। इस सौदे के तहत अमेरिका को यूक्रेन की खदानों से खनिज निकालने की छूट मिलती, जबकि बदले में यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी मिलने की उम्मीद थी। लेकिन बात बनी नहीं और दोनों नेताओं के बीच की तनातनी ने इस डील को धराशायी कर दिया।

**डील क्यों बनी विवाद की वजह?-** यूक्रेन ने अमेरिका को दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति का वादा किया था लेकिन जेलेंस्की चाहते थे कि इसके बदले में अमेरिका यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करे। खासकर, जब जो



बाइडेन की सरकार के दौरान अमेरिका ने यूक्रेन को सैन्य मदद दी थी, तो जेलेंस्की को उम्मीद थी कि ट्रंप प्रशासन भी वही रुख अपनाएगा। मगर ट्रंप का नजरिया बिल्कुल अलग निकला। उन्होंने साफ कर दिया कि अमेरिका केवल उन सौदों में रुचि रखेगा, जिससे उसे सीधा फायदा हो। ट्रंप की रणनीति स्पष्ट थी कि यूक्रेन से खनिज लेना, लेकिन बदले में सुरक्षा की कोई ठोस गारंटी न देना। ट्रंप प्रशासन ने प्रस्ताव रखा कि अमेरिका 50,000 करोड़ डॉलर मूल्य के खनिज चाहता है, लेकिन जेलेंस्की ने इसे खारिज कर दिया। मंगलवार को ट्रंप ने बयान दिया कि अमेरिका अब तक 30,000 करोड़ डॉलर की आर्थिक मदद यूक्रेन को दे चुका है, और अब वह इस खनिज समझौते के जरिए अपनी भरपाई करना चाहता है।

**यूक्रेन और अमेरिका के अपने अलग हित-** बैठक के दौरान ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया कि यूक्रेन की सुरक्षा का जिम्मा अब यूरोप के अन्य देशों का है। उन्होंने यह भी दोहराया कि अमेरिका के कुछ सैनिक यूक्रेन में मौजूद हैं और वे जितनी सुरक्षा दे सकते हैं, उतनी ही देंगे उससे ज्यादा नहीं। दूसरी ओर जेलेंस्की ने साफ कहा कि अगर अमेरिका सुरक्षा गारंटी नहीं देगा, तो वे यह सौदा नहीं करेंगे। उनका मानना था कि अगर अमेरिका पीछे हटता है, तो रूस के खिलाफ यूक्रेन की जंग और मुश्किल हो जाएगी। यूक्रेन दुनिया के सबसे अहम खनिज भंडारों में से एक है। वहां लगभग 1.90 करोड़ टन ग्रेफाइट मौजूद है, जो इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बैटरियों में इस्तेमाल होता है। इसके अलावा, टाइटेनियम और लिथियम का भी बड़ा भंडार है, जो रक्षा और हाई-टेक उपकरणों के लिए जरूरी होता है। यही कारण है कि अमेरिका की दिलचस्पी यूक्रेन की खदानों में थी। लेकिन युद्ध के चलते यूक्रेन के कई खनिज भंडार क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और कुछ हिस्सों पर रूस ने कब्जा कर लिया है।

**सौदा टूटने से किसकी हार कीसकी जीता?-** इस समझौते के टूटने से सबसे बड़ा झटका यूक्रेन को लगा, क्योंकि उसे अमेरिकी सुरक्षा समर्थन की उम्मीद थी। दूसरी ओर, अमेरिका को भी दुर्लभ खनिजों से हाथ धोना पड़ा, जो उसकी तकनीकी और रक्षा इंडस्ट्री के लिए अहम थे। लेकिन ट्रंप के सख्त रवैये से यह साफ हो गया कि वे बिना किसी ठोस अमेरिकी लाभ के कोई भी कदम उठाने के पक्ष में नहीं हैं।

# पुतिन युद्ध खत्म करना चाहते हैं लेकिन जेलेंस्की शांति नहीं चाहते - डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक बयान में कहा कि यूक्रेनी राष्टपति वोलोडिमिर जेलेंस्की शांति नहीं चाहते हैं जबकि उनका दावा था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन युद्ध को समाप्त करना चाहते हैं। व्हाइट हाउस से बाहर निकलते समय ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए जेलेंस्की के बारे में कहा, उन्हें वहां खड़े होकर पुतिन के बारे में नकारात्मक बातें कहने की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने आगे कहा, यूक्रेनी राष्ट्रपति को यह घोषित करने की जरूरत है कि वह शांति चाहते हैं। ट्रंप ने कहा, रूसी राष्ट्रपति  लड़ाई को समाप्त करना चाहते हैं। ट्रंप का यह बयान यूक्रेनी राष्ट्रपति के साथ उनकी पिछली बैठक के बाद आया, जिसमें दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस हुई थी, जिसमें ट्रंप और जेलेंस्की के विचारों में गंभीर अंतर सामने आए थे। ट्रंप से जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह यूक्रेन को सैन्य सहायता बंद करने पर विचार कर रहे हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं क्या विचार कर रहा हूं। मैं बस आपको बता रहा हूं। आपने वही देखा जो मैंने आज देखा। वह ऐसा व्यक्ति नहीं था जो शांति स्थापित करना चाहता था, और मुझे केवल तभी दिलचस्पी है जब वह रक्तपात को समाप्त करना चाहता है। ट्रंप ने यह भी कहा, उन्हें तत्काल युद्ध विराम करना चाहिए। युद्ध विराम तुरंत हो सकता है। यदि आप युद्ध को समाप्त करना चाहते हैं, तो आपको एक समझौते पर हस्ताक्षर करना होगा जिसमें कुछ समय लगेगा। मैं चाहता हूं कि यह तुरंत समाप्त हो। आपके पास वास्तविक युद्ध विराम होना चाहिए था लेकिन वह ऐसा नहीं करना चाहते। मैं चाहता हूं कि यह तुरंत समाप्त हो। लेकिन वह (ज़ेलेंस्की) युद्ध विराम नहीं चाहते। लेकिन वह ऐसे ही लड़ते रहे तो अमेरिका के बिना उनके लिए जीत हासिल करना संभव नहीं होगा। शुक्रवार को ट्रंप के साथ जेलेंस्की की बैठक बहुत अच्छे से समाप्त नहीं हुई। दोनों नेताओं में रूस के साथ युद्ध और युद्ध विराम को लेकर तीखी बहस हुई।

## आज का इतिहास

1498- पुर्तगाल का यात्री वास्को डी गामा और उसका बेड़ा भारत की तरफ अपनी पहली यात्रा के दौरान मोजाम्बीक द्वीप पहुंचा।
1776- अमेरिकियों ने बोस्टन में ब्रिटिश सैनिकों पर गोलीबारी करनी शुरू की।
1807- अमेरिकी कांग्रेस ने एक कानून पास कर देश में गुलामों के आयात पर रोक लगा दी। दास प्रथा की समाप्ति की दिशा में यह अहम कदम था।
1835- फर्डिनेंड ऑस्ट्रिया का सम्राट बना।
1852- पहले अमेरिकी प्रायोगिक भाप फायर इंजन का परीक्षण।
1901- दुनिया की पहली वायरलैस टेलीग्राफ कंपनी हवाई में खुली।
1919- अंतरराष्ट्रीय मार्क्सवाद की पहली बैठक मास्को में।
1930- भीमराव आम्बेडकर द्वारा अछूतों के मन्दिर प्रवेश के लिए चलाया गया सत्याग्रह नासिक के कालाराम मन्दिर से शुरू।

## सुडोकू 6841

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | 5 | | | 2 | |
| | | 2 | 7 | | | | | 4 |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 4 | | 9 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 4 | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 7 | 3 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 9 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## अकेले नहीं हो जेलेंस्की, निडर रहो, ट्रंप से भिड़ंत के बीच खुलकर यूक्रेन के समर्थन में आए ये देश

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हाल ही में हुई तीखी तकरार के बाद यूक्रेन को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से जबरदस्त समर्थन मिला है। शक्रवार को दोनों नेताओं के बीच व्हाइट हाउस में मुलाकात के दौरान तीखी बहस छिड़ गई। इस टकराव ने यक्रेन-रूस संघर्ष के संदर्भ में अमेरिका और यूरोप के बीच बढ़ते मतभेदों को उजागर कर दिया है। यक्रेन के यूरोपीय साझेदारों और दुनिया के अलग-अलग देशों के नेताओं ने जहां जेलेंस्की का समर्थन किया तो वहीं दूसरी ओर 'व्हाइट हाउस' ट्रंप के साथ खड़ा दिखाई दिया।

**ट्रंप-जेलेंस्की में तीखी बहस-** शुक्रवार को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में हुई इस बैठक में ट्रंप ने जेलेंस्की पर रूस के साथ शांति वार्ता में सहयोग न करने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी नीतियां तीसरे विश्व युद्ध को निमंत्रण दे रही हैं। जवाब में, जेलेंस्की ने ट्रंप और उनके उपराष्टपति जेडी वेंस की आलोचना करते हुए कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले ही संघर्षविराम तोड़ा है और उनकी 'कूटनीति' पर सवाल उठाए। इस तीखी नोकझोंक के बाद जेलेंस्की ने बैठक को बीच में ही छोड़ दिया, जिसे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में एक असामान्य घटना माना जा रहा है।

**यूरोपीय देशों ने की जेलेंस्की के पक्ष में आवाज बुलंद-** इसके तुरंत बाद, यूरोप के कई प्रमुख देशों ने जेलेंस्की के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 'एक्स' पर लिखा, ''एक हमलावर है- रूस। एक पीड़ित है-यक्रेन। हमारा तीन साल पहले यक्रेन की मदद करना और रूस पर प्रतिबंध लगाना सही था - और ऐसा करते रहना सही भी है। यक्रेनं ने कहा, हमारे से मेरा तात्पर्य अमेरिकी, यूरोपीय, कनाडाई, जापानी और कई अन्य से है। उन्होंने कहा, उन सभी का आभार जिन्होंने मदद की और कर रहे हैं। उन लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करता हूं जो शुरू से ही लड़ रहे हैं - क्योंकि वे अपनी गरिमा, अपनी स्वतंत्रता, अपने बच्चों और यूरोप की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने ट्रंप के दोनों पक्षों को समान मानने के दृष्टिकोण की निंदा की।

**प्रिय यूक्रेनी मित्र, आप अकेले नहीं हैं-** जर्मनी के अगले संभावित चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने 'एक्स' पर लिखा, प्रिय वोलोदिमीर जेलेंस्की, हम अच्छे और मुश्किल समय में यूक्रेन के साथ खड़े हैं। हमें इस भयानक युद्ध में कभी हमलावर और पीड़ति को लेकर भ्रमित नहीं होना चाहिए। वहीं यूक्रेन के पड़ोसी पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने भी कहा, प्रिय यूक्रेनी मित्र, आप अकेले नहीं हैं। एस्टोनिया के प्रधानमंत्री क्रिस्टन मिशल ने कहा कि उनका देश स्वतंत्रता की लड़ाई में जेलेंस्की और यूक्रेन के साथ एकजुट है। मिशनल ने कहा, हमेशा। क्योंकि यह सही है, आसान नहीं है। एस्टोनिया के प्रधानमंत्री क्रिस्टन मिशल ने कहा कि उनका देश स्वतंत्रता की लड़ाई में जेलेंस्की और यूक्रेन के साथ एकजुट है।

# कैंसर, दिल संबंधी बीमारी... अंतरिक्ष में 'फंसी' सुनीता विलियम्स की वापसी से पहले टेंशन में क्यों आए लोग?

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स पिछले साल जून से ही अंतरिक्ष में 'फंसी' हुई हैं। उनके साथ अन्य अंतरिक्ष यात्री भी हैं। अब सुनीता और विल्मोर बुच की धरती पर इसी महीने वापसी होने जा रही है। दोनों ही स्पेसएक्स के स्पेसक्राफ्ट से 19 मार्च को पृथ्वी पर लौट आएंगे। सुनीता विलियम्स के फैंस उनकी वापसी को लेकर काफी उत्साहित हैं। हालांकि, लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने की वजह से सुनीता के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंताएं हैं। विलियम्स की वास्तविक यात्रा पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में वापस आने के बाद शुरू होगी, क्योंकि विशेषज्ञों के अनुसार, उनके शरीर को पीछे छोड़े गए दबाव और वजन को झेलने में मुश्किल होगी। वहीं, स्पेस स्टेशन में लंबा समय बिताने वाले एस्ट्रोनॉट्स को कैंसर, हार्ट संबंधी बीमारियों का भी खतरा बन जाता है। ऐसे में लोग सुनीता विलियम्स की वापसी से पहले टेंशन में भी हैं।

वैज्ञानिकों ने कहा कि गुरुत्वाकर्षण तरल पदार्थों सहित निचले छोरों की हर चीज को नीचे की ओर खींचना शुरू कर देता है, साथ ही उन्होंने कहा कि एक पेंसिल उठाना भी एक अत्यधिक कसरत जैसा



महसूस होगा। हेल्थ साइट डॉट कॉम के अनुसार, इस बारे में एक्सपर्ट ने कहा,अंतरिक्ष में मानव शरीर में महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हैं, और वापसी की यात्रा में शारीरिक चुनौतियां आती हैं। सुनीता विलियम्स, जिन्होंने अंतरिक्ष में काफी समय बिताया है, के लिए पुन: समायोजन प्रक्रिया में सावधानीपूर्वक निगरानी और पुनर्वास की आवश्यकता होगी।

**हड्डियों का घनत्व कम हो जाता है-** स्पेस स्टेशन पर लंबे समय तक रहने से अंतरिक्ष यात्रियों में मांसपेशियों से जुड़ी समस्याएं आ जाती हैं। मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं क्योंकि उन्हें माइक्रोग्रैविटी में शरीर को बनाए रखने के लिए उतना बल नहीं लगाना पड़ता है। यह विशेष रूप से पैरों, पीठ और कोर की मांसपेशियों में ध्यान देने योग्य है। इसके अलावा, लंबे समय तक रहने से हड्डियों का घनत्व भी कम हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, विलियम्स को हड्डियों के घनत्व में कमी का पता चला है। लंबे समय तक माइक्रोग्रैविटी के संपर्क में रहने से हड्डियों का घनत्व कम हो जाता है, जिससे फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है।

**दिल संबंधी बीमारी का बना रहता है खतरा-** अंतरिक्ष यात्री, जो माइक्रोग्रैविटी में बहुत समय बिताते हैं, उनमें हृदय संबंधी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी विकसित हो सकती हैं। दिल अपना कार्यभार कम कर देता है।


रक्त पंप करने के लिए आवश्यक कम दबाव के कारण माइक्रोग्रैविटी में हृदय थोड़ा सिकुड़ सकता है। इससे पृथ्वी पर वापस आते समय बेहोशी, चक्कर आना और निम्न रक्तचाप हो सकता है। इतना ही नहीं, एस्ट्रोनॉट्स को दृष्टि, शरीर में सूजन, द्रव पुनर्वितरण और गंभीर रूप से कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली से जुड़ी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। अंतरिक्ष में रेडिएशन के अधिक संपर्क में रहने के कारण अंतरिक्ष यात्रियों को लंबे समय में कैंसर और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने की भी अधिक आशंका बनी रहती है।

## ढाका की हवा में घुला 'जहर' ! सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शीर्ष स्थान पर

**ढाका, (आईएएनएस)।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका ने शनिवार सुबह दुनिया में सबसे खराब वायु गुणवत्ता का रिकॉर्ड बनाया। वायु गुणवत्ता और प्रदूषण रैंकिंग के अनुसार, शहर में एयर क्वालिटी इंडेक्स 304 दर्ज किया गया, जो कि खतरनाक श्रेणी में आता है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 151 से 200 के बीच होने पर गंभीर, 201 से 300 तक अति गंभीर, 301 से 400 तक खतरनाक माना जाता है। खतरनाक वायु गुणवत्ता बांग्लादेश के लोगों के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती हैं।

देश के प्रमुख मीडिया संगठन, यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश के मुताबिक, चीन की राजधानी बीजिंग, उज्बेकिस्तान की ताशकंद और इराक की बगदाद क्रमशः 238, 220 और 179 के एक्यूआई स्कोर के साथ दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। दुनिया के विभिन्न शहरों की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट स्विस-आधारित संगठन आईक्यूएयर द्वारा प्रकाशित की जाती है। वायु गुणवत्ता सूचकांक का उपयोग रोज की वायु गुणवत्ता को मापने के लिए किया जाता है। यह बताता है कि हवा कितनी साफ है या प्रदूषित और इससे स्वास्थ्य पर क्या असर हो सकता है। एक्यूआई यह भी बताता है कि प्रदूषित हवा में कुछ घंटों या दिनों तक सांस लेने से लोगों की सेहत पर क्या असर पड़ सकता है। एक्यूआई की गणना पांच प्रमुख वायु प्रदूषकों के आधार पर की जाती है।

## वर्ग पहेली 6841



**बायें से दायें:-**

१. विभिन्न राष्ट्रों का एक समूह
३. तलवार के कब्जे में होने वाला सोने आदि का काम (उर्दू)
५. एक विषैला पौधा या उसका फल
६. जल्दबाजी करना
७. निर्बल
९. दफ़न करना
१०. आकारहीन
१२. पीड़ित, बीमार, अशक्त, उत्सुक, अधीर
१३. जानने की इच्छा
१४. परिवर्तित करना
१६. स्वाद लेना
१८. स्वदेश, मातृभूमि (उर्दू)
२२. जिसका दमन करना कठिन हो
२१. कपटी, मक्कार
२३. कपोलकल्पित

**ऊपर से नीचे:-**

१. राजा की जिद
२. पुस्तकालय (उर्दू)
३. काट पीट कर सुडौल बनाना
४. ममता रहित, निष्ठुर
५. कोषालय
८. नगरवासी
१०. संख्या, अंक (उर्दू)
११. टुकड़े करना, व्यतीत करना
१२. लक्षण (उर्दू)
१३. अपमानित, बेइज्जती, दुर्गति (उर्दू)
१४. वीर (उर्दू)
१५. सबसे छोटा
१७. सारा, समस्त
१८. माह, साल का एक भाग
१९. झुका हुआ
२२. मेरूदंड

### वर्ग पहेली-6840

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नौ | ज | २ ला | ध्य | ३ क्ष | ■ | ४ पा | की | ५ ज | गी |
| नि | ■ | व | ■ | ६ मा | हि | र | ■ | रू | ■ |
| ७ हा | सि | ल | ■ | या | ■ | ८ प | धा | र | ९ ना |
| ल | ■ | श्क | ■ | १० च | रि | त्र | ■ | ■ | व |
| ■ | ११ ब | र | १२ स | ना | ■ | ■ | १३ उ | त्क | च |
| ■ | चा | ■ | चे | ■ | १४ सं | जी | दा | ■ | ला |
| १५ न | व | १६ जा | त | ■ | प | ■ | १७ र | १८ ह | ना |
| व | ■ | दू | ■ | १९ खि | न्न | २० ता | ■ | सी | ■ |
| २१ लं | व | ग | ■ | ल | ■ | २२ म | द | ना | २३ र |
| ता | ■ | २४ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**योजना** *झारखंड में राज्यकर्मियों, पेंशनरों व अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लॉन्च*

# योजना के दायरे में आने वालों को 10 लाख तक नि:शुल्क इलाज

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्यकर्मियों के लिए शुक्रवार को स्वास्थ्य बीमा योजना लॉन्च की। विधानसभा के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि इससे राज्यकर्मियों के साथ-साथ पेंशनर, विधानसभा के सदस्य विश्वविद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मी और निबंधित अधिवक्ता भी लाभान्वित होंगे।

उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि हर वर्ग के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सरकार मददगार बने। इस योजना के दायरे में आने वालों को पांच लाख रुपए तक के नि:शुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। गंभीर बीमारियों की स्थिति में कुल 10 लाख रुपए तक के इलाज का खर्च देय होगा। प्रावधान किया गया है कि विशेष परिस्थितियों में लाभुकों को एयर एंबुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने इस स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभार्थियों को जोड़ने के लिए एक पोर्टल विकसित किया है। इसके जरिए ऑनलाइन आवेदन करते हुए योजना का लाभ उठाया जा सकेगा। योजना की शुरुआत करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आज व्यक्तिगत तौर पर बेहद सुखद अनुभव हो रहा है। वर्तमान समय में लोगों की स्वास्थ्य समस्या बढ़ रही है। खान-पान, रहन-सहन और कार्य प्रणाली की जो व्यवस्था है, उसमें हर कोई किसी न किसी स्वास्थ्य समस्या से ग्रसित है। उन्होंने यह भी कहा कि आज इलाज का खर्च आसमान छू रहा है। जैसा अस्पताल, चिकित्सक, वैसे खर्च। बड़े-बड़े अस्पतालों, चिकित्सकों, दवाओं और



■ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की योजना की शुरुआत

मशीनों के भरोसे जीवन चल रहा है। पूर्व में राज्यकर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का अधिकार दिया गया, आज उसी तरह इन्हें स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ा गया है। राज्य कर्मियों, पेंशनधारियों, अधिवक्ताओं और उनके आश्रितों को इस योजना का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर लाई गई यह योजना बेहद महत्वपूर्ण है। राज्य में एक-एक व्यक्ति की स्वास्थ्य सुविधा का ख्याल रखना हमारा कर्त्तव्य है। राज्य में किसी भी परिवार को पैसे की कमी के कारण इलाज से वंचित होना नहीं पड़ेगा। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, राज्य के श्रम एवं नियोजन मंत्री संजय यादव, मुख्य सचिव अलका तिवारी, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर झारखंड सरकार ने राज्य में प्राइमरी स्तर की स्कूली शिक्षा की मॉनिटरिंग के लिए यह नई व्यवस्था लागू की है।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में कुल 28,945 स्कूलों के शिक्षकों को टैब प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जमाना डिजिटल हो चुका है।

# खेल जगत

## न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में पाकिस्तान टीम में बड़े बदलाव की उम्मीद

**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के बुरी तरह हारने के बाद, पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज राशिद लतीफ ने संकेत दिया कि उनकी टीम 16 मार्च से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली आगामी टी20 सीरीज के लिए टीम में नए चेहरे शामिल करेगी। आठ टीमों के टूर्नामेंट में एक भी मैच जीतने में विफल रहने वाली और जल्दी बाहर होने वाली पाकिस्तान की टीम न्यूजीलैंड में पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेलने के लिए जाएगी। वरिष्ठ खिलाड़ियों के प्रदर्शन की जांच के बाद, लतीफ ने एक्स को उन खिलाड़ियों की सूची साझा की, जिन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए विचाराधीन रखा गया है। अनुभवी खिलाड़ी के अनुसार, हसन नवाज, अली रजा, अब्दुल समद, आकिफ जावेद और मुहम्मद नफे आगामी सीरीज के लिए विचाराधीन सूची में हैं।



# भारत की नजर आईसीसी टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत की हैट्रिक पर

- न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की उम्मीदें विराट, शुभमन व शमी पर
- भारत को न्यूजीलैंड के यंग, लैथम, मिचेल, रवींद्र व ब्रेसवेल से चौकस रहने की जरूरत



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 1 मार्च (देशबन्धु)। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें मौजूदा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के लिहाज से दो सबसे संतुलित और फाइनल में स्थान पाने की सबसे मजबूत क्रिकेट टीमें हैं। दोनों ही टीमों के पास आठवें नंबर तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी में पास रफ्तार के साथ धार और स्पिन का जाल बुन उसमें बल्लेबाजों को उलझा कर बांधने वाली स्पिन त्रिमूर्ति है। ऐसे में बेशक भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को दुबई के दुबई इंटनैशनल क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप ए के आखिरी मैच में नतीजा चाहे जो हो लेकिन फाइनल से पहले बेहद रोमांचक संघर्ष देखने को मिलने की उम्मीद है।

दोनों ही टीमें जीत की लय को बरकरार रख अपने अपने सेमीफाइनल में उतरने को बेताब होंगी। भारत और न्यूजीलैंड, दोनों ने ही अपने ग्रुप ए में पाकिस्तान और बांग्लादेश से अपने अपने मैच आसानी और बड़े अंतर से जीते हैं। भारत के लिए अच्छी खबर है कि पाकिस्तान के खिलाफ जांघ की मांसपेशी में आए हल्के खिंचाव से उसके कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एड़ी में परेशानी से उबर चुके हैं। साथ ही भारत के उपकप्तान शुभमन गिल भी अब एकदम फिट हैं। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने जिस तरह शुक्रवार रात नेटस पर एक घंटे बल्लेबाजी की उससे उनके फिट होने को लेकर सभी शंकाएं दूर हो गई है। केएल राहुल ने भी शुक्रवार संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि जहां तक उनकी जानकारी है कि टीम में किसी भी साथी खिलाड़ी की फिटनेस को लेकर किसी तरह की कोई चिंता या परेशानी नहीं है। केएल राहुल का यह कहना कि भारत के रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप ए के आखिरी मैच और मंगलवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में एक दिन का अंतर और ऐसे में भारत के अपनी शुरू के दोनों ग्रुप मैच जीतने वाली एकादश के साथ ही रविवार को उतरने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के खिलाफ खासतौर पर भारत की उम्मीदें उसके खिलाफ खासे कामयाब रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल व विराट कोहली और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पर रहेंगी। भारत को न्यूजीलैंड के लिए मौजूदा संस्करण विल यंग, टॉम लैथम और रचिन रवींद्र व 2023 के वन डे विश्व कप के लीग और सेमीफाइनल में शतक जड़ने वाले डैरल मिचेल व उससे पहले सीरीज में तूफानी शतक जड़ने वाले माइकल ब्रेसवेल से चौकस रहने की जरूरत होगी।

भारत के अपने शुरू के दो मैचों की एकादश के साथ उतरने की उम्मीद की स्थिति में रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी के रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने में उनकी फिटनेस को लेकर कोई दिक्कत अब दिखाई नहीं देती। ऐसे में एक बार फिर ऋषभ पंत और बाएं हाथ के बाएं हाथ के तेज अर्शदीप सिंह तो हैं ही मिस्ट्री स्पिनर के रूप में वरुण चक्रवर्ती को एक बार फिर बाहर बैठना पड़ेगा।

## भारतीय टीम में हर कोई फिट, बदलाव की उम्मीद कम : राहुल

**दुबई।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल का कहना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ होने जा रहे चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम ग्रुप स्टेज मैच के लिए मोहम्मद शमी और रोहित शर्मा दोनों ही उपलब्ध होंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान शमी मुश्किल में दिखे थे और उन्होंने अपना कोटा पूरा नहीं किया था। रोहित को भी हैमस्ट्रिंग में समस्या महसूस हुई थी। हालांकि भारतीय टीम एक हफ्ते के लंबे ब्रेक के बाद मैदान पर उतरने वाली है। राहुल ने कहा कि मुझे इस बारे में अधिक जानकारी नहीं है, लेकिन इतना पता है कि हर कोई ठीक है। मुझे जहां तक पता है किसी के भी मैच मिस करने की चिंता नहीं है। शायद आज की ट्रेनिंग के बाद हमें अधिक जानकारी मिलेगी। भारत और न्यूजीलैंड दोनों ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। इस मैच के दो दिन बाद यानि 4 मार्च को भारत को अपना सेमीफाइनल मैच खेलना है। लगातार पड़ रहे मैचों के बीच क्या भारतीय टीम किसी खिलाड़ी को आराम देने वाली है? तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, विकेटकीपर बल्लेबाज़ ऋषभ पंत, स्पिनर वरूण चक्रवर्ती और वॉशिंगटन सुंदर अभी तक एक भी मैच नहीं खेले हैं। क्या आखिरी लीग मैच में उन्हें उतारा जा सकता है? यह पूछने पर राहुल ने कहा कि मैं नेतृत्व समूह का हिस्सा नहीं हूं, लेकिन मुझे यकीन है कि इसका लालच तो होगा।

# भारत सेमीफाइनल के लिए गेंदबाजों को तरोताजा रखने को लेकर सतर्क : दोइत्श


- रोहित शर्मा अब पूरी तरह ठीक हैं
- ऋषभ को एकादश से बाहर रखना एक मुश्किल फैसला है
- हम गेंदबाजों का भार कुछ बांट सकते हैं



'हमारे दो अभ्यास सत्र खासे कड़े रहे ही और हमारी तैयारियां भी : रेयन दोइत्श

**नई दिल्ली,** 1 मार्च (देशबन्धु)। भारत के रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप ए के आखिरी क्रिकेट मैच और सेमीफाइनल में एक दिन अंतर है। भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रेयन टेन दोइत्श ने सेमीफाइनल के लिए गेंदबाजों को तरोताजा रखने की जरूरत पर जोर दिया है। दोइत्श ने कहा कि सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुका भारत अपनी टीम के संतुलन से समझौता नहीं करेगा कि उनकी टीम ग्रुप चरण का समापन शीर्ष पर रह कर करना चाहता है और ऐसे में मुमकिन है कि कुछ गेंदबाज अपने कोटे के पूरे दस ओवर न फेंके। न्यूजीलैंड भी सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुका है और रविवार उसके और भारत के मैच से ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर रहने वाली टीम का फैसला होगा। भारत के सहायक कोच दोइत्श ने कहा, 'हमारे दो अभ्यास सत्र खासे कड़े रहे ही और हमारी तैयारियां भी। जहां तक हमारी बेंच स्ट्रेंग्थ यानी दूसरी पंक्ति की बात है तो हमारी प्राथमिकता यह पक्का करना है कि हमें हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चार मार्च को खेले जाने वाले सेमीफाइनल के लिए उपलब्ध रहें। साथ ही हम उन्हें और दो दिन आराम नहीं देना चाहते हैं। हम अपनी टीम का सही संतुलन चाहते हैं और हम ऐसे में गेंदबाजी का भार गेंदबाजों में आपस में कुछ बांट सकते है। हम बेशक रविवार को अपना आखिरी ग्रुप मैच जीतना चाहते हैं। हमारे लिए अपनी लय बनाए रख कर अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहना भी अहम है। हम इन दो चीजों के बीच संतुलन बनाने की सोच रहे है। हमारे सभी खिलाड़ियों को 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद करीब एक हफ्ते का आराम मिला। आप दोनों ही मैचों का समर्थन कैसे करते हैं। ऐसे यदि सभी तेज गेंदबाज 10 ओवर फेंकने जा रहे हैं, और फिर कहते हैं कि हम पहले मैच में बाद में गेंदबाजी करते हैं, हम 36 घंटे बाद गेंदबाजी कर रहे है।जहां तक हमारे कप्तान रोहित शर्मा के पाकिस्तान के खिलाफ मैच में लगी चोट से चिंता की बात है कि तो वह अब पूरी तरह ठीक हैं। दरअसल जांघ में दिक्कत रोहित की पुरानी दिक्कत है और वह इससे निपटना जानते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार का मैच स्पिनरों का मैच हो सकता है। न्यूजीलैंड के पास भी पर्याप्त स्पिनर है और इसीलिए यह स्पिनरों का मैच हो सकता है। जब हम चैंपियंस ट्रॉफी में दुबई में खेलने उतरे तो हम स्पिनरों पर इतनी ज्यादा निर्भरता की उम्मीद नहीं कर हे थे। पिचों में स्पिनरों के लिए कुछ मदद मिली लेकिन हमारे स्पिनरों ने अच्छी गेंदबाजी की। हम न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को भी अपने स्पिनरों से ऐसी ही बढ़िया गेंदबाजी की उम्मीद का रहे हैं। हमारी टीम में के एल राहुल और ऋषभ पंत के रूप में दो बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। केएल राहुल अपना काम बढ़िया ढंग से कर रहे हैं और ऐसे में ऋषभ पंत को एकादश से बाहर रखना एक मुश्किल फैसला है। क्रिकेट का इस स्तर पर मिजाज यही है। केएल राहुल का प्रदर्शन बढ़िया रहा है। उन्हें बहुत मौके नहीं हमें ऋषभ पंत का हौसला बनाए रखना है। हमें मालूम नहीं कि कब ऋषभ पंत की जरूरत पड़ जाए। बेशक टीम में केएल राहुल और ऋषभ पंत के स्तर के दो उत्कृष्ट विकेटकीपरों का होता वाकई अच्छा है। उन्होंने कहा, 'मैं नहीं मानता कि दुबई की पिच पर रन बनाना मुश्किल है।

# रणजी ट्रॉफी फाइनल: नायर के नाबाद शतक से विदर्भ मजबूत स्थिति में



**नागपुर,** 1 मार्च (एजेंसियां)। विदर्भ के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज करुण नायर ने केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और दूसरी पारी में शतक जड़कर अपनी टीम को शनिवार को जामथा के वीसीए स्टेडियम में खिताब जीतने की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। चौथे दिन दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए नायर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए, जब केरल की शुरुआती सफलताओं के बाद टीम 7/2 पर लड़खड़ा रही थी। रात की 37 रन की पहली पारी की बढ़त में इजाफा करते हुए, दानिश मालेवार के साथ एक बार फिर साझेदारी की - इससे पहले मैच में 215 रन की शानदार साझेदारी में उनके सहयोगी रहे - नायर ने 184 गेंदों पर शानदार शतक जड़कर केरल की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस साझेदारी ने दिन के अंतिम सत्र में अपनी बढ़त को 200 से अधिक तक पहुंचा दिया। यह 2013-14 में कर्नाटक के लिए पदार्पण करने के बाद से चार मैचों में रणजी ट्रॉफी फाइनल में नायर का दूसरा शतक था। पहली पारी में, उन्होंने अपने 152वें मैच में 8,000 प्रथम श्रेणी रन पूरे किए और पहली बार, एक रणजी ट्रॉफी सीजन में 800 रन पार किए। यह सीजन का उनका नौवां शतक भी था और तीन अंकों के आंकड़े तक पहुंचने के बाद उनका जश्न भी इसी बात का संकेत था। 33 वर्षीय खिलाड़ी, जिन्होंने पिछले महीने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके वापसी की थी - सात पारियों में 752 रन और पांच शतक बनाए - ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ विदर्भ के अंतिम लीग मैच में शतक लगाया और इसके बाद तमिलनाडु पर क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ अपना 22वां प्रथम श्रेणी शतक बनाया। नायर ने 2013-14 में अपने पहले प्रथम श्रेणी सत्र के दौरान रणजी ट्रॉफी फाइनल में हिस्सा लिया था, जहां कर्नाटक ने महाराष्ट्र के खिलाफ खिताब जीता था।

# गुकेश कॅरियर की सर्वोच्च रैंकिंग 3 पर पहुंचे, प्रज्ञानानन्दा फिडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में लौटे

**नई दिल्ली,** 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी डी. गुकेश अपनी शानदार प्रगति जारी रखते हुए शनिवार को जारी फिडे क्लासिकल रेटिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग 3 पर पहुंच गए। इस बीच, आर. प्रज्ञानानन्दा ने शीर्ष 10 में फिर से प्रवेश किया है, जो वैश्विक मंच पर भारतीय शतरंज के मजबूत पुनरुत्थान का प्रतीक है। मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश दिसंबर में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के डिंग लिरेन पर अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद से असाधारण फॉर्म में हैं। 18 वर्षीय खिलाड़ी ने 10 अंक हासिल कर 2787 रेटिंग हासिल की, उन्होंने हमवतन अर्जुन एरिगैसी और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को पीछे छोड़ दिया। अब वह विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा (2802) और लंबे समय



■ गुकेश दिसंबर में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद से असाधारण फॉर्म में

से शीर्ष पर चल रहे मैग्नस कार्लसन (2833) से पीछे हैं। गुकेश की यह तेजी तब देखने को मिली जब वह विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स में टाईब्रेक में प्रज्ञानानन्दा से मामूली अंतर से हार गए। एरिगैसी, जो पहले शीर्ष भारतीय स्थान पर थे, 2777 रेटिंग के साथ 5वें स्थान पर खिसक गए हैं। प्राग मास्टर्स में वर्तमान में प्रतिस्पर्धा कर रहे प्रज्ञानानन्दा जुलाई 2023 के बाद पहली बार शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं। टाटा स्टील मास्टर्स में उनकी जीत ने उन्हें 17 अंक हासिल करने में मदद की, जिससे वह 2758 रेटिंग के साथ दुनिया के आठवें स्थान पर पहुंच गए।

महिलाओं की रैंकिंग में, कोनेरू हम्पी 2528 रेटिंग के साथ छठे स्थान पर भारत की सर्वोच्च रैंकिंग वाली खिलाड़ी बनी हुई हैं। आर. वैशाली (2484) और हरिका द्रोणावल्ली (2483) क्रमशः 14वें और 16वें स्थान पर हैं। नॉर्वे शतरंज के आगामी संस्करण में गुकेश दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों से भिड़ेंगे।

## सार संक्षेप

### योगी ने यूपी वॉरियर्स को दी जीत की शुभकामनायें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैप्री स्पोर्टस की स्वामित्व वाली यूपी वारियर्स को वुमेन्स प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के खिताब के लिये शुभकामनायें दी हैं। यूपी वारियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा और कैप्री स्पोर्ट्स की निदेशक जिनिशा शर्मा ने लखनऊ में अपना अभियान शुरु करने से पहले योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उन्हें यहां होने वाले टीम के मैचों के लिए आमंत्रित किया। योगी ने टीम को अच्छे प्रदर्शन और जीत की शुभकामनायें दी। जिनिशा शर्मा ने कहा कि हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शुभकामनाएं पाकर बहुत खुश हैं। उन्होंने हमारी टीम को लखनऊ में अपने होम लेग के मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है। हमारे लिए अपने मैचों के लिए उनकी मेजबानी करना एक विशेष क्षण होगा और हमें विश्वास है कि टीम उन्हें और उत्तर प्रदेश राज्य को गौरवान्वित करेगी।

### दिल्ली कैपिटल्स ने मुम्बई इंडियंस को नौ विकेट से हराया

**बेंगलुरु।** जेस जॉनासन और मिन्नू मनी (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा (43) और कप्तान मेग लैनिंग (नाबाद 60) की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत दिल?ली कैपिटल?स ने शुक्रवार को वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 13वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 33 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया। मुम्बई इंडियंस के 123 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स के लिए शेफाली वर्मा और कप्तान मेग लैनिंग ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े। 10वें ओवर में एमेलिया केर ने शेफाली वर्मा को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। शेफाली वर्मा ने 28 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली।

# ध्रुव-तनिषा जर्मन ओपन के सेमीफाइनल में



■ दूसरा गेम कड़ा मुकाबला साबित हुआ, जिसमें चीनी जोड़ी ने जोरदार प्रतिरोध किया

**जर्मनी,** 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो ने शुक्रवार को पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के गाओ जिया जुआन और वू मेंग यिंग को सीधे गेम में हराकर जर्मन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पेरिस 2024 ओलंपियन तनीषा क्रैस्टो और उनके मिश्रित युगल साथी ध्रुव कपिला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी जोड़ी को केवल 30 मिनट में 21-14, 21-17 से हरा दिया। कपिला और क्रैस्टो ने शानदार शुरुआत करते हुए शुरुआती गेम में 11-2 की बढ़त बना ली। हालाँकि गाओ और वू ने थोड़े समय के लिए वापसी करते हुए अंतर को 13-10 तक कम कर दिया।

लेकिन भारतीय जोड़ी ने तेजी से अपना दबदबा कायम करते हुए पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कड़ा मुकाबला साबित हुआ, जिसमें चीनी जोड़ी ने जोरदार प्रतिरोध किया।

# जीसीए सचिव रोहन गौंस देसाई सर्वसम्मति से बीसीसीआई के नए संयुक्त सचिव चुने गए

**मुंबई,** 1 मार्च (एजेंसियां)। गोवा क्रिकेट संघ (जीसीए) के सचिव रोहन गौंस देसाई को सर्वसम्मति से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का नया संयुक्त सचिव चुना गया है। बीसीसीआई ने शनिवार को मुंबई स्थित अपने मुख्यालय में नए संयुक्त सचिव के चुनाव के लिए विशेष आम बैठक (एसजीएम) बुलाई थी। इसके लिए बीसीसीआई ने 6 फरवरी को राज्य संघों को नोटिस भेजा था। संयुक्त सचिव पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार देसाई को अध्यक्ष रोजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला जैसे अन्य पदाधिकारियों और अन्य राज्य संघ प्रतिनिधियों की मौजूदगी में औपचारिक



■ छत्तीसगढ़ के प्रभतेज सिंह भाटिया को बीसीसीआई का नया कोषाध्यक्ष चुना गया

रूप से इस पद के लिए चुना गया। इस साल की शुरुआत में जय शाह की आईसीसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के बाद असम के देवजीत सैकिया को मुंबई में शासी निकाय का नया सचिव नियुक्त किए जाने के बाद बीसीसीआई का संयुक्त सचिव पद खाली हो गया था। सैकिया के साथ, छत्तीसगढ़ के प्रभतेज सिंह भाटिया को बीसीसीआई का नया कोषाध्यक्ष चुना गया, जब उनके पूर्ववर्ती आशीष शेलार महाराष्ट्र राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में शामिल हुए। गोवा क्रिकेट संघ (जीसीए) के सचिव रोहन गौंस देसाई को बीसीसीआई का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है, जो एक प्रतिष्ठित भूमिका है जो भारतीय क्रिकेट प्रशासन में गोवा की उपस्थिति को बढ़ाती है। जीसीए ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट और इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, उनकी नियुक्ति एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर हो सकते हैं मैथ्यू शॉर्ट

**लाहौर,** 1 मार्च (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने संकेत दिया कि चोटिल सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट शुक्रवार को अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी के फाइनल में क्वाड चोटिल होने के बाद चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर हो सकते हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ बारिश के कारण मैच रद्द होने के कारण ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी से सेमीफाइनल में पहुंच गया, जबकि अफगानिस्तान को शीर्ष चार में पहुंचने के लिए इंग्लैंड से कुछ चमत्कार करने की उम्मीद होगी। शॉर्ट को अफगानिस्तान की पारी के अंत में चोट लगी, और ट्रैविस हेड के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करने के बावजूद, वह विकेटों के बीच स्वतंत्र रूप से घूमने में संघर्ष करते रहे, मुख्य रूप से बाउंड्री लगाने पर ध्यान केंद्रित करते रहे। वह 4.3 ओवर में 44 रनों की मूल्यवान ओपनिंग साझेदारी में 15 गेंदों पर 20 रन बनाने में सफल रहे, इससे पहले कि वह मिड-ऑन पर आउट हो गए।

# डुप्लांटिस ने 11वीं बार तोड़ा पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड

**क्लेरमोंट-फेरैंड,** 1 मार्च (एजेंसियां)। फ्रांस में ऑल-स्टार पेर्चे मीट में 6.27 मीटर की रिकॉर्ड-तोड़ छलांग लगाकर एक और ऐतिहासिक प्रदर्शन करने वाले आर्मंड डुप्लांटिस ने शुक्रवार को कहा कि 'मैंने अभी-अभी किया।' स्वीडिश सुपरस्टार, जिसने अब तक अविश्वसनीय 11 बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ा है, को ऊंचाई पार करने के लिए केवल एक प्रयास की आवश्यकता थी, जिससे ट्रैक पर जश्न का माहौल बन गया। अपनी उपलब्धि पर विचार करते हुए, डुप्लांटिस ने इसे सरलता से सारांशित किया : मुझे वास्तव में बहुत अच्छा लगा। मैं क्या कह



सकता हूं, मैं इसे करने के लिए यहां आया था। मैंने इसे करने के लिए सब कुछ तैयार किया। रन-अप वास्तव में बहुत अच्छा रहा। मैंने बस कर दिखाया।

ओलंपिक और विश्व चैंपियन डुप्लांटिस को नया बेंचमार्क पार करने के लिए सिर्फ एक प्रयास की जरूरत थी, उन्होंने पिछले अगस्त में सिलेसिया में 6.26 मीटर की ऊंचाई को पार किया। जैसे ही बार ऊपर उठा, खचाखच भरे एरिना में जश्न की लहर दौड़ गई, ट्रैक के किनारे आतिशबाजी ने

■ डुप्लांटिस ने पहले ही प्रयास में 5.65 मीटर, 5.91 मीटर, 6.02 मीटर और 6.07 मीटर की ऊंचाई पर विजय प्राप्त कर ली थी

ऐतिहासिक क्षण को रोशन कर दिया। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले ही प्रयास में 5.65 मीटर, 5.91 मीटर, 6.02 मीटर और 6.07 मीटर की ऊंचाई पर विजय प्राप्त कर ली थी।

लेकिन, जैसा कि उनके करियर में आम बात है, वे सिर्फ जीत से संतुष्ट नहीं थे-वे एक बार फिर खेल की सीमाओं को आगे बढ़ाना चाहते थे। रात के घटनाक्रम को और बढ़ाते हुए, डुप्लांटिस का हाल ही में रिलीज हुआ गाना बोप पृष्ठभूमि में बज रहा था, जब उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ छलांग लगाई। उन्होंने कहा कि जब मैंने कुछ महीने पहले यह गाना बनाया था, तो मुझे लगा कि यह यहां कूदने के लिए एकदम सही गाना होगा। इसलिए मैंने इसे जल्दी से जल्दी रिलीज कर दिया।

यह प्रतियोगिता अपने आप में इतिहास रचने वाली थी। ग्रीस के इमैनुएल करालिस 6.02 मीटर की ऊंचाई पारकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए दूसरे स्थान पर रहे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के कुर्टिस मार्शल ने 5.91 मीटर की छलांग लगाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# नेमार विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील टीम में शामिल

ब्राजील 20 मार्च को ब्रासीलिया में कोलंबिया से और पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना से भिड़ेगा

**रियो डी जनेरियो,** 1 मार्च (एजेंसियां)। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने नेमार को कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की प्रारंभिक टीम में शामिल किया है। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने अक्टूबर 2023 में मोंटेवीडियो में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान अपने बाएं घुटने में क्रूसिएट लिगामेंट के टूटने के बाद से अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। लंबी पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया के बाद नेमार ने पिछली जनवरी में एक क्लब की ओर से खेलते हुये अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म की झलक दिखाई है। ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने रियल बेटिस के विंगर एंटनी, किशोर रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड एंड्रिक और एटलेटिको मैड्रिड के सैमुअल लिनो को भी शामिल किया है। इनके अलावा अनुभवी मिडफील्डर ऑस्कर और साओ पाउलो टीम के साथी लुकास मौरा को भी शामिल किया गया है। 52 सदस्यीय सूची में रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर और रोड्रिगो, न्यूकैसल के एनफोर्सर ब्रूनो गुइमारेस और बार्सिलोना के विंगर रफिन्हा शामिल हैं।



| SENSEX | BSE | 73198.10 ▼ 1414.33 | NSE | 22124.70 ▼ 420.35 | MCX | Gold 84184 ▼ 1012 | silver 92475 ▼ 1160 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|



# अर्थ जगत

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# सहकारी संघवाद का समर्थन करता है पीएफएमएस : सीतारमण

- 60 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित करता है पीएफएमएस
- पीएफएमएस 650 से अधिक वित्तीय संस्थानों के साथ करता है इंटरफेस

**नई दिल्ली,** 1 मार्च (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पब्लिक फाइनेंशियल मैंनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) सहकारी संघवाद का समर्थन करते हुए प्रत्यक्ष लाभ हस्तातंरण के साथ ही भुगतान का भी काम करता है।

श्रीमती सीतारमण ने यहां 49वें सिविल अकाउंट्स दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएफएमएस के विभिन्न उद्देश्य हैं, जिनमें अंतिम छोर तक पहुंचना भी शामिल है। यह 60 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित करता है, जो कि आईटी-आधारित प्लेटफार्मों के लिए दुनिया में सबसे बड़ा है और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के साथ-साथ भुगतान में भी काम करता है। पीएफएमएस 1200 से अधिक केंद्रीय और राज्य योजनाओं का प्रबंधन करता है, जिनमें से 1,100 डीबीटी योजनाएं हैं। सत्यापित खाते हैं जिनमें पैसा सीधे जाता है। एंड-टू-एंड डिजिटलीकरण का काम होता है। पीएफएमएस 250 से अधिक बाहरी प्रणालियों जैसे जीईएम, जीएसटीएन, कर



सूचना नेटवर्क (टीआईएन 2.0), पीएम किसान और कई अन्य को एकीकृत करता है।

उन्होंने कहा कि यह सहकारी संघवाद का समर्थन करता है। पीएफएमएस सभी 31 राज्य कोषागारों और 40 लाख से

> **पीएफएमएस सभी 31 राज्य कोषागारों व 40 लाख से अधिक कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ एकीकृत होता नेटवर्कों का नेटवर्क है : निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री**

अधिक कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ एकीकृत होता नेटवर्कों का नेटवर्क है। पीएफएमएस 650 से अधिक वित्तीय संस्थानों के साथ इंटरफेस करता है, जिसमें सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंक, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) शामिल हैं।

## 2000 रुपए के नोटों की वापसी 98.18 प्रतिशत पर : आरबीआई

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने शनिवार को कहा कि 28 फरवरी, 2025 को कारोबार बंद होने तक 2000 रुपए के 98.18 प्रतिशत करेंसी नोट प्राप्त हो चुके हैं। साथ ही, यह भी कहा कि ये बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने कहा कि 2000 रुपए के नोटों की कुल कीमत 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपए थी, जब 2000 रुपए के नोटों को वापस लेने की घोषणा की गई थी। यह 28 फरवरी, 2025 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 6,471 करोड़ रुपए रह गई है। इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपए के नोटों में से 98.18 प्रतिशत वापस आ चुके हैं। 2000 रुपए के नोटों को जमा करने और/या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में 07 अक्टूबर, 2023 तक उपलब्ध थी। 2000 रुपए के नोटों को बदलने की सुविधा 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों (आरबीआई निर्गम कार्यालयों) में उपलब्ध है। 9 अक्टूबर, 2023 से आरबीआई निर्गम कार्यालय भी व्यक्तियों/संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपए के नोट स्वीकार कर रहे हैं।

# एमडब्ल्यूसी 2025 से इनोवेशन को मिलेगा बढ़ावा : सिंधिया

**नई दिल्ली,** 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत तेजी से एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी हब के रूप में बदल रहा है और देश द्वारा बड़े स्तर पर मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) में हिस्सा लेने से इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा।केंद्रीय संचार मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को यह बयान दिया।

एमडब्ल्यूसी 2025, दुनिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी और टेलीकम्युनिकेशन इवेंट है। यह स्पेन के बार्सिलोना में 3-6 मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में सिंधिया भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। सिंधिया ने कहा कि भारत तेजी से एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी हब के रूप में बदल रहा है। मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस जैसे आयोजनों में अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ हमारा जुड़ाव इनोवेशन में तेजी लाने और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस एक ऐसा मंच है जो देश के इनोवेशन इकोसिस्टम को दुनिया के सामने उजागर करेगा। इस इवेंट में देश की अग्रणी टेलीकॉम कंपनियां और इनोवेटर्स अपनी अत्याधुनिक प्रगति और टिकाऊ समाधानों का प्रदर्शन करेंगे।



- ग्लोबल टेक हब में बदल रहा भारत

भारतीय पवेलियन में 38 भारतीय टेलीकॉम उपकरण मैन्युफैक्चर्स अपने उत्पादन प्रदर्शित करेंगे। इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों शामिल होंगे।

सिंधिया ने आगे कहा कि मैं वैश्विक विशेषज्ञों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करने और मोबाइल और दूरसंचार क्षेत्र में सहयोग के अवसरों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। इस यात्रा में केंद्रीय मंत्री 5जी, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), 6जी, क्वांटम और अगली पीढ़ी की मोबाइल टेक्नोलॉजी में अत्याधुनिक विकास को जानने के लिए वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं, नीति निर्माताओं और इनोवेटर्स के साथ भी बातचीत करेंगे।

## 'एचपी पावर लैब-विकसित भारत की परिकल्पना' अभियान आयोजित




मुंबई, 1 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक भारत को विकसित बनाने के दूरदर्शी लक्ष्य के अनुरूप, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने अपने 'एचपी पावर लैब-विकसित भारत की परिकल्पना' अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। इस पहल का उद्देश्य भारत के युवाओं में नवाचार, नेतृत्व और अभूतपूर्व परिकल्पना को बढ़ावा देना है, ताकि उन्हें वैश्विक स्तर पर देश के विकास में योगदान देने हेतु सशक्त बनाया जा सके।

इस अभियान में 7,000+ संस्थानों के 1,29,288 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिसने हरित ऊर्जा, स्थिरता और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित किया। पांच महीने की कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद, ऑल-इंडिया विजेता, एनआईटी दुर्गापुर को 'पावरपॉड्स सौर समाधान के साथ सुलभ ईंधन विस्तार' परियोजना के लिए सम्मानित किया गया। ग्रैंड फिनाले में एचपीसीएल नेतृत्व की उपस्थिति रही, जिन्होंने युवा नवाचारकर्ताओं की सराहना की, जो भारत के ऊर्जा भविष्य को आकार दे रहे हैं।

# संरचनात्मक सुधार नौकरियां पैदा करने व निवेश के लिए जरूरी : आईएमएफ

संयुक्त राष्ट्र, 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत की विवेकपूर्ण नीतियों की सराहना करते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड ने कहा है कि देश का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए महत्वपूर्ण सुधारों को अपनाने में मदद कर सकता है।

आईएमएफ द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने के लिए जरूरी अहम और चुनौतीपूर्ण संरचनात्मक सुधारों को लागू करने में मदद कर सकता है।

आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने कहा कि संरचनात्मक सुधार देश में उच्च-गुणवत्ता की नौकरियां पैदा करने और निवेश के लिए काफी जरूरी हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि भारत को लेबर मार्केट



सुधारों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और महिला भागीदारी को लेबर फोर्स में बढ़ाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आजादी के सौ साल पूरे होने की समय सीमा तय की है। रिपोर्ट में आईएमएफ के कार्यकारी निदेशकों ने भारतीय अधिकारियों की विवेकपूर्ण व्यापक आर्थिक नीतियों और सुधारों की सराहना की, जिन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और एक बार फिर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान दिया है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के वित्तीय

> **भारत 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए सुधारों को लागू करने का दे रहा अवसर : आईएमएफ**

क्षेत्र का स्वास्थ्य, मजबूत कॉरपोरेट बैलेंसशीट और अच्छा डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर दर्शाता है कि देश की वृद्धि दर मध्यम अवधि में तेज रहेगी। साथ ही जनकल्याण की योजनाएं भी जारी रहेंगी।

रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि भू-आर्थिक विखंडन और धीमी घरेलू मांग से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए, व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए उचित नीतियां जारी रखना आवश्यक है। इसके अलावा, रिपोर्ट में भारत द्वारा हाल ही में घटाए गए टैरिफ का भी स्वागत किया गया है।

## मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 87.50 |
| एक यूरो | 91.14 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 110.75 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54.25 |
| एक जापानी येन | 0.58 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 90 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 110 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-122 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -55 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 87550 चांदी -96800

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 87550 चांदी -96800

## दाल- चावल भाव

महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एक्स्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# भारत की जीडीपी वृद्धि दर वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान : एसबीआई

**नई दिल्ली,** 1 मार्च (एजेंसियां)। एसबीआई रिसर्च ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 25 में जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, चौथी तिमाही में विकास दर 7.6 प्रतिशत रह सकती है। यह जानकारी एसबीआई रिसर्च द्वारा शनिवार को दी गई।

एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया कि मई 2025 को जारी होने वाले तिमाही जीडीपी आंकड़ों में हम संशोधन देख सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 की रियल जीडीपी वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत रही है, जो कि बीते 12 वर्षों में (वित्त वर्ष 2021-22 को छोड़कर) सबसे अधिक है।

कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था में आई रिकवरी के कारण वित्त वर्ष 2021-22 में जीडीपी ग्रोथ 9.7 प्रतिशत पर रही थी, जो कि आजादी के बाद रिकॉर्ड की गई सबसे अधिक वृद्धि दर है।

भारत ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 6.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज की है, जो वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में देखी गई 5.6 प्रतिशत की वृद्धि से बेहतर रही है।

चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में तेज वृद्धि देखी गई है और ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) में 6.2




प्रतिशत का उछाल देखा गया है, जो कि वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 5.8 प्रतिशत पर था।

वित्त वर्ष 23 और वित्त वर्ष 24 की रियल जीडीपी वृद्धि दर को क्रमश: 62 आधार अंक और 104 आधार अंक से बढ़ाया गया है।

इसके अलावा वित्त वर्ष 24 के तिमाही जीडीपी आंकड़ों में भी संशोधन किया गया है। वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर को 142 आधार अंक बढ़ाकर 9.7 प्रतिशत कर दिया गया है। दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर को 126 आधार अंक बढ़ाकर 9.3 प्रतिशत, तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर को 94 आधार अंक बढ़ाकर 9.5 प्रतिशत और चौथी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर को 60 आधार अंक बढ़ाकर 8.4

- वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में देखी गई 5.6 प्रतिशत की वृद्धि से बेहतर रही
- वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कृषि से जुड़े क्षेत्र का प्रदर्शन रहा बेहतर

प्रतिशत कर दिया गया है। हालांकि, नए संशोधन में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर को 13 आधार अंक कम करके 6.5 प्रतिशत और दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर को 22 आधार अंक बढ़ाकर 5.6 प्रतिशत कर दिया है।

वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कृषि और इससे जुड़े क्षेत्र का प्रदर्शन काफी शानदार रहा और इसमें 5.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसकी वजह खरीफ फसलों की बंपर पैदावर थी। औद्योगिक क्षेत्र में भी उछाल आया और वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसका श्रेय विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत वृद्धि (3.5 प्रतिशत) को जाता है। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाओं तथा खनन और उत्खनन दोनों में क्रमश: 5.1 प्रतिशत और 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : दाल-दलहन : चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7850-7950 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

खाद्य तेल : सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## राजकोषीय नीति से भारत की विकास दर को मिल रही रफ्तार : मॉर्गन स्टेनली

**नई दिल्ली,** 1 मार्च (एजेंसियां)। पूंजीगत व्यय और खपत का समर्थन करने वाली सही मौद्रिक नीति और कम होती ब्याज दरों, बढ़ती लिक्विडिटी एवं रेगुलेशन में ढील देने के कारण मौद्रिक नीति में आई नरमी से भारत की विकास दर को रफ्तार मिल रही है। यह जानकारी मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में दी। वैश्विक वित्तीय फर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सर्विस निर्यात में तेजी आना जॉब मार्केट के लिए सकारात्मक संकेत है। इससे विकास दर को बढ़ाने में मदद मिल रही है।

रिपोर्ट में बताया गया कि दिसंबर तिमाही का जीडीपी आंकड़ा हमारे नजरिए को सही सिद्ध करता है और दिखाता है कि ग्रोथ वापस से तेज हो रही है। जनवरी और फरवरी के हाई फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स मिलाजुला संकेत देते हैं। यह दिखाता है कि धीरे-धीरे रिकवरी हो रही है। अग्रिम अनुमान के अनुसार, मार्च तिमाही की अनुमानित वृद्धि 7.6 प्रतिशत है, लेकिन हमारा मानना है कि वृद्धि संभवत: 6.7 प्रतिशत से कम रहेगी। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया कि वृद्धि दर वित्त वर्ष 25 में 6.3 प्रतिशत पर रह सकती है।

## भारत का कोयला उत्पादन अप्रैल-फरवरी अवधि में 5.73 प्रतिशत बढ़ा


नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत का संचयी कोयला उत्पादन अप्रैल से फरवरी की अवधि में 928.95 मिलियन टन रहा है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 878.55 मिलियन टन था, यह सालाना आधार पर 5.73 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। यह जानकारी शनिवार को सरकार द्वारा दी गई।

कोयला मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि समीक्षा अवधि में पावर प्लांट तक पहुंचाया गए कुल कोयले में सालाना आधार पर 5.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और यह बढ़कर 929.41 मिलियन टन पर पहुंच गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 880.92 मिलियन टन था। मंत्रालय ने आगे कहा कि कोयला सेक्टर में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। फरवरी में कैप्टिव और अन्य



संस्थाओं से होने वाला कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 30.16 प्रतिशत बढ़कर 173.58 मिलियन टन पर पहुंच गया है। यह एक साल पहले समान अवधि में 133.36 मिलियन टन था। मंत्रालय के अनुसार, यह मजबूत प्रदर्शन ऊर्जा सुरक्षा और औद्योगिक विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि देश बढ़ती मांग को कुशलतापूर्वक पूरा करे। सरकार आने वाले महीनों में इस सकारात्मक गति को बनाए रखते हुए बुनियादी ढांचे के विकास और परिचालन दक्षता को बढ़ा रही है। 28 फरवरी को केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि सरकार कोयला परियोजनाओं की मंजूरी में सुधार करने के लिए लगातार एक्शन ले रही है। 12वें दौर के दौरान कुल 30 कोयला ब्लॉक नीलामी के लिए रखे जाएंगे। इसके अतिरिक्त एक ऐतिहासिक पहल के तहत, कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी एनसीएल ने बड़े पैमाने पर गृहणियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

फ्लैट बेचना है
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * (* पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com


मध्यप्रदेश सरकार ने
किसानों को दी
बड़ी सौगात
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
किसान
आभार सम्मेलन
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
गेहूं उपार्जन पर
₹175 प्रति क्विंटल
बोनस देगी प्रदेश सरकार
गेहूं खरीदी मूल्य
₹2600
प्रति क्विंटल निर्धारित
खरीफ 2024 के धान उपार्जन पर
₹4000 प्रति हेक्टेयर
दी जायेगी प्रोत्साहन राशि
अन्नदाता की खुशहाली के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के
संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देता मध्यप्रदेश
2 मार्च 2025 | दोपहर 12:00 बजे
मुख्यमंत्री निवास, भोपाल
31 मार्च 2025 तक
गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन
15 मार्च से 5 मई 2025 तक
प्रदेश स्तरीय गेहूं उपार्जन
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11205/24